सूर्योदय प्रातः 6:19 | सूर्यास्त संध्या 5:46 | पखवाड़ा फाल्गुन शु. प्रतिपदा, संवत 2082 | तापमान अधिकतम 27° न्यूनतम 13°



# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, बुधवार, 18 फरवरी 2026, वर्ष : 17, अंक : 07, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions

### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,450.96 | 173.81 (0.21%) |
| निफ्टी | 25,725.40 | 42.65 (0.17%) |

### सर्राफा बाजार (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,50,680.00 |
| चांदी | 2650.00 |

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच हुई द्विपक्षीय बातचीत

# भारत और फ्रांस के बीच कोई बाउंड्री नहीं : मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच मंगलवार को द्विपक्षीय बातचीत हुई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'भारत और फ्रांस के बीच कोई बाउंड्री नहीं है। हमारे रिश्ते समन्दर से गहरे और पहाड़ से ऊंचे हैं। हमारे बीच हो रहा फ्री ट्रेड समझौता ऐतिहासिक है।'

मैक्रों के साथ मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने कहा, 'वर्ष 2026 भारत और यूरोप के सम्बन्धों में एक टर्निंग पॉइंट है। कुछ ही दिन पहले हमने यूरोपियन यूनियन के साथ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और महत्त्वाकांक्षी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया। यह फ्री ट्रेड एग्रीमेंट भारत और फ्रांस सम्बन्धों में भी अभूतपूर्व गति लायेगा। आपसी निवेश को बढ़ावा देने के लिए आज हम एग्रीमेंट कर रहे हैं, जिससे हमारे लोगों और हमारी कम्पनी को डबल टैक्स न देना पड़े। इन सभी पहलुओं से आपसी ट्रेड, निवेश और मोबिलिटी को नयी ऊर्जा मिलेगी। यही शेयर्ड प्रॉस्पेरिटी का रोडमैप है। इंडिया फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन के लॉन्च से अब हम अपनी स्ट्रेटेजिक साझेदारी को 'पार्टनरशिप ऑफ द पीपल' बनाने जा रहे हैं, क्योंकि इनोवेशन आइसोलेशन में नहीं, कोलबोरेशन से होता है। इसलिए इंडिया फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन में हमारा लक्ष्य लोगों के बीच सम्पर्क को मजबूत करने का है।'



**पीएम ने कहा**

■ हमारे रिश्ते समन्दर से गहरे, पहाड़ से ऊंचे

### दिखी दोनों देशों के बीच की गहरी दोस्ती

**देश** की कारोबारी राजधानी मुम्बई से आयी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांसिसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की तस्वीरों ने दोनों देशों के बीच की गहरी दोस्ती को साफ बयां कर दिया है। तस्वीरों में दोनों नेता बेहद गर्मजोशी के साथ हाथ मिलाते और एक-दूसरे का अभिवादन करते दिख रहे हैं, जो केवल कूटनीति नहीं, बल्कि एक मजबूत व्यक्तिगत तालमेल को दिखाता है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों की मुलाकात के दौरान दोनों के चेहरों पर बड़ी मुस्कान और एक-दूसरे के प्रति सम्मान साफ दिखाई दिया, जो द्विपक्षीय वार्ता के सकारात्मक माहौल को दिखाता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आज हम महत्त्वपूर्ण खनिजों, जैव प्रौद्योगिकी और एडवांस मैटेरिल्स में अपना सहयोग मजबूत कर रहे हैं। हम स्वास्थ्य के लिए 'इंडो-फ्रेंच सेंटर फॉर एआई', 'इंडो-फ्रेंच सेंटर फॉर डिजिटल साइंस एंड टेक्नोलॉजी' और 'नेशनल सेंटर ऑफ एलायंस फॉर स्किलिंग इन एयरोनॉटिक्स' की शुरुआत कर रहे हैं। ये केवल संस्थान नहीं हैं, बल्कि भविष्य बनानेवाले प्लेटफॉर्म हैं। दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। इस तरह के माहौल में, भारत-फ्रांस की साझेदारी वैश्विक स्थिरता के लिए एक बड़ी ताकत है।'

फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा, 'मैं अपनी चौथी आधिकारिक भारत यात्रा पर आपके गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए धन्यवाद देता हूं। भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय सम्बन्ध वास्तव में असाधारण और अद्वितीय हैं। यह रिश्ता भरोसे, खुलेपन और महत्त्वाकांक्षा का है। हमने आज इस साझेदारी को 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' के स्तर पर ले जाने का निर्णय लिया है, जिससे इसे एक नया दर्जा मिला है। उदाहरण के लिए, चाहे वह भारत-प्रशांत क्षेत्र ● शेष पृष्ठ 11 पर

### भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में दिखी उम्मीदों की चमक

# देश में एआई में दो सालों में आयेगा 200 अरब डॉलर निवेश : अश्विनी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कहा कि आनेवाले दो वर्षों में भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षेत्र की पांचों परतों में 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश आने की उम्मीद है। जोखिम पूंजी कम्पनियां गहन तकनीक स्टार्टअप्स, बड़े समाधान और अनुप्रयोगों, अत्याधुनिक मॉडल्स पर शोध और बुनियादी ढांचा और ऊर्जा परतों में निवेश कर रही हैं। इस मौके पर केन्द्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहे।

वैष्णव ने यहां भारत मंडपम में एक सत्र में कहा कि भारत की एक बड़ी ताकत यह है कि देश की 51 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों से आती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता के कारण यह सम्भव हुआ है। एआई के लिए ऊर्जा परत में निवेश का यह बड़ा लाभ भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनायेगा। उन्होंने एआई के सम्भावित खतरों को बताते हुए कहा कि वैश्विक नेताओं के बीच इस बात पर सहमति बन रही है कि एआई का इस्तेमाल अच्छे कार्यों के लिए होना चाहिए और इसके हानिकारक प्रभावों को रोकना जरूरी है। ● शेष पृष्ठ 11 पर





### समिट में लोगों को हुई परेशानी पर वैष्णव ने मांगी माफी

**केन्द्रीय मंत्री** अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को एआई इम्पैक्ट सम्मिट के पहले दिन लोगों हुई परेशानियों पर माफी मांगी है। मंत्री ने कहा कि आयोजकों ने लोगों की सुविधा के लिए काफी मेहनत की है। अगर किसी को असुविधा हुई है, तो इसके लिए वह माफी मांगते हैं। समिट टीम फीडबैक के लिए तैयार है और दिक्कतों को तुरंत सुलझाने के लिए एक 'वॉर रूम' बनाया गया है।

### ऊर्जा और पहुंच पर एआई इम्पैक्ट केसबुक का विमोचन



**भारत** एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में ऊर्जा और पहुंच पर ध्यान केन्द्रित करते हुए एआई इम्पैक्ट केसबुक जारी की गयी।

### एआई भारत को ज्ञान महाशक्ति बनायेगा : प्रधान

**केन्द्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने मंगलवार को 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026' में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) भारत की तकनीकी प्रगति की यात्रा में नया अध्याय जोड़ेगा और देश को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने में अहम भूमिका निभायेगा। भारत मंडपम में शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित 'पुशिंग द फ्रंटियर ऑफ एआई इन इंडिया' विषयक विशेष सत्र में प्रधान ने कहा कि यह सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी पहल का हिस्सा है। इसका उद्देश्य भारत में एआई के विकास को प्रोत्साहित करना और वैश्विक मंच ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### अवैध रूप से रह रहे 06 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**कोलकाता** : कोलकाता पुलिस ने केन्द्रीय कोलकाता के एक होटल से छह बांग्लादेशी नागरिकों को वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी अवैध रूप से भारत में ठहरने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार सुबह यह जानकारी दी। सूचना के आधार पर पार्क स्ट्रीट थाना की टीम ने कॉलिन स्ट्रीट स्थित एक होटल में छापेमारी की। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सभी युवक बांग्लादेश की सत्तारूढ़ पार्टी आवामी लीग से जुड़े बताये जा रहे हैं। बताया गया है कि वीजा समाप्त होने के बाद वे अपने देश लौटने के बजाय कोलकाता में ही छिप कर रह रहे थे। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान आबिर हुसैन, मोहम्मद मामुन रशीद, मोहम्मद अलीमुन गाजी, आजम मोल्ला, फैजल अमीन और जायदुल इस्लाम के रूप में हुई है। इनमें आजम मोल्ला पेशे से गायक बताया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तारी के समय वह अपना गिटार साथ रखने की इच्छा जता रहा था और गाने की अनुमति भी मांग रहा था।

### बांग्लादेश लौटेंगी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना

**बेटे सजीव वाजेद जॉय ने दिया संकेत**

**नयी दिल्ली** : बांग्लादेश में तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने की खबर पर मुहर लगते ही काफी समीकरण बदलते दिख रहे हैं। वहीं, बांग्लादेश और भारत के सम्बन्ध फिर से मजबूत होने के संकेत मिल रहे हैं। अब बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को लेकर बड़ी खबर आयी है। यह खबर शेख हसीना की वतन वापसी और बीएनपी के साथ दोस्ती की है। पहला संकेत शेख हसीना के बेटे ने तभी दे दिया था, जब बांग्लादेश के चुनाव नतीजों में रहमान की पार्टी बाजी मारती हुई दिखाई दी। तभी हसीना के बेटे सजीव वाजेद जॉय ने चौंकानेवाला दावा किया था। वाजेद ने दावा किया था कि उनकी पार्टी जल्द ही तारिक रहमान के साथ सम्पर्क साध सकती है। वाजेद का यह कदम जमात इस्लामी के बढ़ते प्रभाव को रोकने की एक सोची समझी कोशिश बताया गया है।

## ममता बनर्जी का आरोप, चुनाव आयोग बना 'तुगलकी आयोग'

**एजेंसी**

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग पर गम्भीर आरोप लगाये हैं।



उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अब 'तुगलकी आयोग' बन गया है और एक राजनीतिक दल के इशारे पर काम कर रहा है। राज्य सचिवालय में मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ की एक महिला पदाधिकारी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग कर बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम हटवा दिये। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना कर रहा है, मतदाताओं को निशाना बना रहा है और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रहा है। ममता ने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण ● शेष पृष्ठ 11 पर

## ईडी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर झारखंड हाई कोर्ट की रोक बरकरार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड उच्च न्यायालय ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर), पुलिस जांच और किसी भी प्रकार की कार्रवाई पर अगले आदेश तक रोक जारी रखने के निर्देश दिये हैं। अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार को जवाब का अध्ययन करने के लिए समय देते हुए अगली सुनवाई की तारीख 24 फरवरी निर्धारित की है।





**राज्य सरकार को जवाब के लिए मिला समय**

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त समय की मांग की गयी, जिसे न्यायमूर्ति एस.के. द्विवेदी की अदालत ने स्वीकार कर लिया। ईडी की ओर से अधिवक्ता सौरभ कुमार ने अदालत में पक्ष रखते हुए कहा कि अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामला निराधार है और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

यह मामला एयरपोर्ट थाना कांड संख्या 05/2026 से संबंधित है, जिसमें ईडी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वर्तमान में अदालत इस याचिका की मेंटेनबिलिटी, यानी इसकी सुनवाई योग्य होने के मुद्दे पर विचार कर रही है। इससे पहले की सुनवाई में अदालत ने ईडी कार्यालय की सुरक्षा को ● शेष पृष्ठ 11 पर

## सलीम खान की तबीयत बिगड़ी अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी**

**मुम्बई** : बॉलीवुड के दिग्गज लेखक सलीम खान की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें मुम्बई के बांद्रा स्थित लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह खबर सामने आते ही उनके प्रशंसकों और फिल्म इंडस्ट्री में चिन्ता का माहौल है। बताया जा रहा है कि 17 फरवरी को तबीयत खराब होने के बाद उन्हें लीलावती अस्पताल लाया गया। हालांकि, अब तक उनकी सेहत को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी शेयर नहीं की गयी है।



पिता की तबीयत बिगड़ने की खबर मिलते ही अभिनेता सलमान खान तुरंत अस्पताल पहुंचे। अस्पताल परिसर से उनका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वे चिन्तित नजर आ रहे हैं। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच सलमान अपने पिता से मिलने पहुंचे। सलीम खान हिन्दी सिनेमा के ● शेष पृष्ठ 11 पर

## लालू की सजा निलम्बन की याचिका पर सुनवाई टली

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के देवघर जिला कोषागार घोटाले मामले में मिली सजा के निलम्बन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई टल गयी। अब इस मामले में सुनवाई अप्रैल में होगी। सजा के निलम्बन को चुनौती देने के मामले में मंगलवार को जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एनके सिंह की बेंच में सुनवाई हुई। इस दौरान सीबीआई के वकील ने कहा कि ये सभी आरोपी अवैध रूप से बाहर हैं और ये दोषसिद्धि के बाद की स्थिति है।



■ देवघर जिला कोषागार घोटाले में आरजेडी प्रमुख को दोषी ठहराया गया था

सीबीआई की ओर से चारा घोटाले में सजा पाये आरोपियों के सजा से निलम्बन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगायी गयी थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देवघर जिला कोषागार घोटाले में साल 1990 और 1994 के बीच देवघर ट्रेजरी से 89 लाख रुपये की कथित हेराफेरी शामिल है, जिसमें पूर्व केन्द्रीय रेल मंत्री और आरजेडी प्रमुख लालू यादव को इस घोटाले में दोषी ठहराया गया था। साल 2017 में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने उन्हें ● शेष पृष्ठ 11 पर

### आज बंगाल के मायापुर में इस्कॉन मंदिर जायेंगे अमित शाह

**कोलकाता** : केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल यानी बुधवार को पश्चिम बंगाल आ रहे हैं। वह यहां नदिया जिला के मायापुर में अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के मुख्यालय का संक्षिप्त दौरा करेंगे। पार्टी की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह यात्रा पूर्णतः धार्मिक कार्यक्रम में भागीदारी के लिए है और इसमें किसी प्रकार की राजनीतिक सभा या बैठक शामिल नहीं है।

कार्यक्रम के अनुसार शाह दोपहर को कोलकाता हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे और वहां से हेलीकॉप्टर से मायापुर रवाना होंगे।

## आईसीजी पोत 'अमृत कौर' ने बांग्लादेशी नौका पकड़ी, 28 चालक दल हिरासत में

**एजेंसी**

**कोलकाता** : भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के पोत 'अमृत कौर' ने उत्तरी बंगाल की खाड़ी में गश्त के दौरान भारतीय समुद्री सीमा में अवैध रूप से मछली पकड़ रही एक बांग्लादेशी मछली पकड़नेवाली नौका को पकड़ लिया। इस कार्रवाई में नौका पर सवार 28 चालक दल के सदस्यों को हिरासत में लिया गया।

आईसीजी की ओर से मंगलवार को बताया गया कि निगरानी के दौरान पोत ने भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के भीतर संचालित हो रही



उक्त नौका का पता लगाया। जांच में पाया गया कि नौका भारतीय समुद्री क्षेत्र में बिना अनुमति मछली पकड़ रही थी, जो समुद्री क्षेत्र से सम्बन्धित प्रावधानों का उल्लंघन है। इसके बाद तटरक्षक दल ने नौका को रोका, उस पर चढ़ कर विस्तृत तलाशी ली। चालक दल के सदस्य भारतीय समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए कोई वैध अनुमति या प्राधिकरण प्रस्तुत नहीं कर सके।

## अंदर के पन्नों पर


3 छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा उपलब्ध...

5 अपने मताधिकार का प्रयोग कर राष्ट्र निर्माण में निभायें ...

7 100 महिलाओं-युवतियों को मिला स्वरोजगार का साधन...

9 सम्राट चौधरी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में...

10 बारिश ने पल्लेकेले में खेल बिगाड़ा, जिम्बाब्वे सुपर-8 में...


## कार्टून कोना





### झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी से

# सर्वदलीय बैठक में सुचारु संचालन पर बनी सहमति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी (बुधवार) से प्रारम्भ होने जा रहा है। सत्र के शांतिपूर्ण और व्यवस्थित संचालन को लेकर मंगलवार को विधानसभा परिसर में अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गयी।

बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो ने बताया कि सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चले, इसके लिए सभी दलों के नेताओं एवं सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से सदन में प्रस्तुत किये जानेवाले विधेयकों, प्रतिवेदनों और अन्य कार्यों से सम्बन्धित सामग्रियों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही, लम्बित प्रश्नों के उत्तर समय पर उपलब्ध कराये जायें, इसके लिए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।



बैठक में राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था और विधि-व्यवस्था की स्थिति पर ● शेष पृष्ठ 11 पर

## 'बजट' की रूपरेखा व अन्य तैयारियों की बाबत मुख्यमंत्री ने दिये आवश्यक निर्देश

**बैठक** में राज्य की अर्थव्यवस्था, ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं महिला सशक्तीकरण पर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की दावोस में आयोजित 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' में भागीदारी का वर्णन किया गया, जहां उन्होंने विश्व के नीति निर्माताओं, औद्योगिक दिग्गजों एवं अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के साथ द्विपक्षीय चर्चाएं कीं, जिससे राज्य में निवेश के नये अवसर खुल सकें, इस पर भी विचार-विमर्श हुआ। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ट्राईबल वेलफेयर, स्कॉलरशिप एवं राज्य के जनहित से जुड़े अन्य महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने निर्देश दिये कि बजट सत्र ससमय आयोजित हो तथा इसकी तैयारी सुचारु रूप से की जाये। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग की भूमिका अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है, अतएव विभाग की तैयारी में कोई कमी न रहे। सत्ता दल एवं विपक्षी विधायकों के प्रश्नों एवं बजट सम्बन्धी सवालों पर पूर्ण तैयारी सुनिश्चित की जाये।

उक्त बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार सहित वित्त विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक झलक

### भुरकुंडा में अनियंत्रित बाइक हुई दुर्घटनाग्रस्त, एक गम्भीर

**भुरकुंडा** : ओपी क्षेत्र अंतर्गत मतकमा चौक के निकट मंगलवार को सड़क दुघर्टना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सीसीएल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सेंट्रल सौंदा चीप हाउस निवासी भोला यादव (42 वर्ष) पिता नरेश यादव अपनी स्प्लेंडर बाइक ( जेएच 24 सी 7743) पर मतकमा चौक से अपने घर जा रहा था। इस दौरान सांवरिया मॉल के निकट सड़क पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार भोला यादव को चकमा दे दिया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में भोला यादव के सिर में काफी चोट लगी है। वहीं घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा पहुंचा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

### सिल्ली कॉलेज में बटरमिल्क जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**मुरी/सिल्ली** : सिल्ली कॉलेज, सिल्ली में वनस्पति विज्ञान विभाग एवं माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से बटरमिल्क (छाछ) जागरूकता कार्यक्रम तथा एमबीएसआई छात्र इकाई का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर इंपॉर्टेंस ऑफ बटरमिल्क विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार महतो ने बटरमिल्क के महत्व एवं इसके स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला। साथ ही एमबीएसआई समन्वयक एवं वनस्पति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. सुचित्रा महतो ने एमबीएसआई छात्र इकाई के उद्देश्यों, भविष्य की गतिविधियों एवं विद्यार्थियों के लिए इसके महत्व के बारे में जानकारी दी।

### समाजसेवी राजीव चड्ढा का निधन, हुआ अंतिम संस्कार

**रामगढ़** : समाजसेवी सह लाला लाजपत राय बाल विद्या मंदिर स्कूल के सचिव राजीव चड्ढा (66) का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को गांधी घाट में किया गया। उनके निधन की खबर शहर में फैलते ही शोक की लहर दौड़ गई। कई लोगों ने लोहार टोला शिवाजी रोड स्थित उनके आवास पर पहुंच परिवार वालों से मिलकर ढ़ाढस बंधाया। वे सोमवार को रांची अपने ससुराल में एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसी बीच उन्हें देर रात बेचैनी हुई तो परिवार वालों ने राज हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। शोक व्यक्त करने वालों में चेंबर अध्यक्ष मनजीत साहनी, इंद्रपाल सिंह सैनी, अनुप बाबू, रमन मेहरा, रमिंदर सिंह गांधी, आनंद अग्रवाल, किशोर जाजू, एससी वासुदेव सहित अन्य लोग शामिल हैं।

### धूमधाम से 26 मार्च को मनेगी रामनवमी, महासमिति ने शुरू की तैयारी

**रामगढ़** : जिले में रामनवमी पूजा को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। 26 मार्च को रामनवमी को लेकर मंगलवार को श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति की समीक्षा बैठक किला मंदिर के पिरसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली ने की। बैठक में आने वाले 26 मार्च को रामनवमी पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पिछले वर्ष की आय - व्यय की भी चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि महासमिति के नए अध्यक्ष के लिए अगली बैठक 19 फरवरी को किला मंदिर में होगी। मौके पर महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली ने कहा कि पिछले वर्ष की रामनवमी जिले में काफी भव्य और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ था। बैठक का संचालन महासमिति के महासचिव विशाल जायसवाल ने किया। बैठक में तुलेश्वर पासवान, अयोध्या वर्मा, आशीष गुप्ता, सौरव जायसवाल, गौतम महतो, संदीप शर्मा, धीरज साहू, सोनी कुमारी, सरस्वती कुमारी, शिवानी कुमारी, संजय कुमार, विशाल विश्वकर्मा, श्रवण ठाकुर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

---

### आईजी सुनील भास्कर ने रामगढ़ में पुलिस अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

# संगठित अपराध की रोकथाम को लेकर दिये दिशा-निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र, बोकारो के आईजी सुनील भास्कर मंगलवार को रामगढ़ पुलिस मुख्यालय पहुंचे। उनके आगमन पर पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार और सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू गौरव गोस्वामी ने पुष्प गुच्छ देकर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। वहीं पुलिस केंद्र रामगढ़ के परिचारी प्रवर मन्टु यादव की अगुवाई में आईजी को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। अवसर पर आईजी सुनील भास्कर ने अपराध समीक्षा बैठक करते हुए संगठित अपराधिक गिरोह के द्वारा कारित फायरिंग, आगजनी, पोस्टबाजी से संबंधित सभी काण्डों में प्रगति की जानकारी ली। काण्डवार समीक्षा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, थाना और ओपी प्रभारी और अनुसंधानकर्ता के समक्ष की गई। समीक्षा के उपरांत आईजी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन समय एवं स्थान बदल-बदल कर एंटी क्राईम चेकिंग करें, जिसकी प्रविष्टि रक्षक एप्प में करें, आसूचना तंत्र को मजबूत करें, संगठित अपराधिक गिरोह के अपराधकर्मियों के विरूद्ध कुर्की जप्ती की कार्रवाई करें, ई-प्रीजन के माध्यम से संगठित अपराधिक गिरोह के अपराधियों पर निगरानी रखें तथा जो अपराधी जेल से बाहर आ गये है उनके वर्तमान गतिविधि का सत्यापन करते हुए उनके विरूद्ध सीसीए के तहत निगरानी, जिला बदर, थाना हाजरी, डोसियर की कार्रवाई करें, संगठित अपराधिक गिरोह के अभियुक्तों जो वर्तमान में काराधीन है उनके विरूद्ध सीसीए के तहत निरूद्ध की कार्रवाई करें, अज्ञात के विरूद्ध दर्ज काण्डों में अभियुक्तों का सत्यापन करते हुए साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तारी की कार्रवाई करें, संगठित अपराधिक गिरोह के सदस्यों का डाटा बेस तैयार करें। वैसे काण्ड जिसमें संगठित अपराधिक गिरोह के अभियुक्त गिरफ्तार हुये है में त्वरित विचारण करवाते हुए अभियुक्तों को सजा दिलवायें, ससमय माननीय न्यायालय से वारण्ट, इश्तेहार, कुर्की प्राप्त कर संगठित अपराधिक गिरोह के विरूद्ध दर्ज काण्डों में लंबित कार्रवाई को अविलम्ब पूर्ण करें। वहीं उन्होंने निर्देशित किया कि थाना-ओपी क्षेत्र के प्रवेश और निकास मार्गों पर स्लाइडिंग बैरियर, सीसीटीवी लगाये तथा आने जाने वाले वाहनों की गहनता से चेकिंग करें, आम जनता जो अपने घर को खाली छोड़कर बाहर जा रहें हैं। वे जाने से पूर्व थाना अथवा ओपी को इसकी सूचना दें ताकि पेट्रोलिंग के माध्यम से उन घरों पर निगरानी रखी जा सकें। इस संबंध में आम जनता को जागरूक करें। इसके साथ ही वैसे चार पहिया वाहन जो ब्लैक फिल्म लगा कर चल रहें हैं, उनपर एमभी एक्ट के तहत कार्रवाई करें। अड्डेबाजी कर नशीले पदार्थ का सेवन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध भी कड़ी कार्रवाई करें।

---

### रामगढ़ में उपायुक्त ने किया ट्रांसजेंडर के ट्रांस कैफे का उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : छत्तरमांडू स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क में 'ट्रांस कैफै' का उद्घाटन मंगलवार को रामगढ़ उपायुक्त और ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। बताया जाता है कि उपायुक्त की पहल पर जिला प्रशासन प्रशासन ने ट्रांसजेंडर्स समुदाय को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए यह कदम बढ़ाया है। जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी और किन्नर उत्थान समिति के सहयोग से कैफे का संचालन किया जाएगा। अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि 'ट्रांस कैफे' का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों को सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराना, उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना तथा समाज की मुख्यधारा में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस कैफे के माध्यम से न केवल समुदाय को रोजगार मिलेगा, बल्कि समाज में सकारात्मक संवेदनशीलता और स्वीकार्यता को भी बल मिलेगा। ट्रांस कैफे की शुरूआत करने में उत्थान सीबीओ संस्था का भी सहयोग रहा। मौके पर उप विकास आयुक्त, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

---

### आरटीसी कॉलेज में सामाजिक गतिशीलता में शिक्षा की भूमिका पर कार्यशाला आयोजित

# विद्यार्थियों ने विषय से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर की चर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : आरटीसी कॉलेज के समाजशास्त्र एवं एंथ्रोपोलॉजी विभाग द्वारा 'सामाजिक गतिशीलता में शिक्षा की भूमिका' विषय पर एक प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. भीम महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने वक्तव्य में डॉ. महतो ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन और प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि शिक्षा न केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम है, बल्कि समाज में समान अवसर और उन्नति का मार्ग भी प्रशस्त करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और विषय से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में विभाग अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार अंसारी की ओर से मुख्य अतिथि एवं सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से उप प्राचार्य योगेन्द्र ठाकुर, समाजशास्त्र के विभाग अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार अंसारी, एंथ्रोपोलॉजी के विभाग अध्यक्ष प्रेमनाथ मुंडा, सैलेंद्र मिश्र, प्रोफेसर अलका कुमारी,प्रोफेसर मीनू कुमारी, रीता कुमारी, रामकुमार महतो, विजय कुमार, इमरान अंसारी, इकबाल अंसारी, लिटिल ड्रॉप्स संस्था के सचिव जीवन कुमार आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

### किसी हाल में बंद न हो मध्याह्न भोजन : स्मिता

**खूंटी** : कर्रा प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) स्मिता नगेशिया की अध्यक्षता में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत मध्याह्न भोजन (एमडीएम) को लेकर प्रखंड स्तरीय स्टेयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि 18 फरवरी से रसोईया सह सहायिकाओं के हड़ताल पर जाने की संभावना को देखते हुए सभी मध्याह्न भोजन संचालित विद्यालयों के प्रभारी शिक्षकों को वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बाधित नहीं होना चाहिए और सभी प्रभारी इसका सख्ती से अनुपालन करेंगे। इसके साथ ही बैठक में प्रतिदिन निर्धारित मेन्यु के अनुसार भोजन की गुणवत्ता, पाठशाला और विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, शत-प्रतिशत एसएमएस रिपोर्टिंग, बच्चों का नियमित स्वास्थ्य जांच, बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

---

### जामा मस्जिद कामता में 'इस्तकबाल-ए-रमजान' कार्यक्रम का आयोजन

# कुरान के संदेश को जीवन में उतारने पर दिया गया जोर




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन ऑफ इंडिया और जमात-ए-इस्लामी हिंद,कामता यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जामा मस्जिद कामता में 'इस्तकबाल-ए-रमजान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मगरिब की नमाज के बाद आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज हाफि ज गुलजार साहब द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुआ। इसके पश्चात खालिद अंसारी ने शुरूआती भाषण देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रक्ड झारखंड के ऑर्गनाइज़िंग सेक्रेटरी रमीज फलाही ने ्रमजान बदलाव का महीना् विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि रमजान केवल भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं, बल्कि अपने चरित्र और आदतों में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रशिक्षण है।जमात-ए-इस्लामी हिंद, झारखंड के प्रदेश सचिव अहमदुल्लाह फलाही ने ्रमजान, कुरान और मुस्लिम उम्माह् विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने जोर देकर कहा जब तक हम अपने दिल और दिमाग को तैयार नहीं करेंगे, तब तक रमजान की रूहानियत से फायदा नहीं उठा सकते। कुरान का रमजान से गहरा नाता है। हमें कुरान को सिर्फ पढ़ना ही नहीं, बल्कि उसके तजुर्मे और तफसीर को समझना चाहिए ताकि हम उसके संदेश के अनुसार अपनी ज़िंदगी गुजार सकें।्कार्यक्रम का संचालन अबू हसनैन ने कुशलतापूर्वक किया। अंत में मास्टर कमर रशीद ने सभी अतिथियों और ग्रामीणों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन हाफि ज अलकामा की दुआ के साथ हुआ।इस अवसर पर मुख्य रूप से अंजुमन इस्लामिया कामता के सचिव मुमताज आलम, मास्टर एजाज,रियाज खान,शोएब अख्तर, काशिफ समर सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

### कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक में चलाया गया राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलीटेक्निक में मंगलवार को राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया रोग के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के दौरान बीमारी के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर विद्यार्थियों ने समाज को जागरूक कर बिमारी से मुक्त करने की शपथ ली. कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलाये जा रहे मास ड्रग एडमिस्ट्रेशन अभियान की जानकारी भी दी गई। इस दौरान प्रो. विकास कुमार, प्रो. कुमार सैकेत, प्रो. आशीष रंजन, प्रो. जितेंद्र साहू, प्रो. जयदेव कुम्हकार, प्रो. सताक्षी सिंह, अजीत राय मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

---

### रोहतास गढ़ किला में वीर बुधु भगत जयन्ती समारोह सम्पन्न

# बिरसा एजुकेशन ट्रस्ट ने जरूरतमन्द परिवारों के बीच किया कम्बल वितरण




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : ऐतिहासिक रोहतासगढ़ किला स्थित माधा गांव में अमर शहीद वीर बुधु भगत की जयंती समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ बिरसा उरांव उपस्थित। उन्होंने वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा सभा को संबोधित करते हुए उनके संघर्ष,बलिदान और स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ बिरसा उरांव, सुनील फकीरा कच्छप, मनोज उरांव, सुरेन्द्र उरांव, संतोष कुमार, धनंजय उरांव, विजय उरांव, किरन कुमारी,इंद्रावती देवी,समपतिया देवी तथा धनंजय कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं, बिरसा एजूकेशन ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद एवं गरीब परिवारों के बीच कम्बल वितरण सह स्वास्थ्य जांच शिवर कर सामाजिक सरोकार का उदाहरण प्रस्तुत किया गया। पूरे आयोजन में स्थानीय ग्रामीणों और उपस्थित जनसमूह ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।तथा वीर बुधु भगत के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

---

### श्री श्री हनुमान मंदिर का दो दिवसीय प्रथम वार्षिकोत्सव आगामी 08-09 मार्च को होगा आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू** : नाउज गांव स्थित श्री श्री हनुमान मंदिर के दो दिवसीय प्रथम वार्षिकोत्सव जो आगामी 8-9 मार्च को आयोजित की जाएगी के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को भव्य ध्वजारोहण व भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन से हुई, जिसके उपरांत ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के साथ ही जय श्रीराम और जय बजरंगबली के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। समस्त धार्मिक अनुष्ठान आचार्य पंडित रुद्रनाथ मिश्रा के सानिध्य में संपन्न कराया गया। वहीं बतौर यजमान दिनेश चौबे सपत्नीक शामिल हुए। मंदिर समिति के बिरसा मुंडा ने बताया कि प्रथम वार्षिकोत्सव के तहत आगामी दिनों में दो दिवसीय यज्ञ, हवन, भजन-कीर्तन, प्रवचन एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

---

# जेईई मेंस में डीएवी बेड़ो के दो छात्र सफल

- शिवम कुमार सिंह ने 93.1 प्रतिशत एवं प्रियांशु यादव ने 80.8 प्रतिशत पाया




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के दो बच्चों ने जेईई मेंस 2024-25 की परीक्षा में बाजी मारी है। दोनों छात्रों ने सफलता प्राप्त कर स्कूल के साथ पूरे प्रखंड व जिला का नाम रौशन किया है। बेड़ो डीएवी के शिवम कुमार सिंह ने 93.1प्रतिशत एवं प्रियांशु यादव ने 80.8 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल का मान बढ़ाया है। प्राचार्य कैलाश कुमार व प्रबंधक श्रवण कुमार ने बच्चों के जेईई मेंस में शानदार प्रदर्शन पर स्कूल परिवार की तरफ से बच्चों मिठाई खिलाकर इनके अभिभावकों, स्कूल के शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा यह सफलता विद्यार्थियों के कड़े परिश्रम, अनुशासित पढ़ाई और हमारे शिक्षकों के सही मार्गदर्शन व समर्पण का सुखद परिणाम है। ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं अब राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफल होती हैं, तो यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।प्राचार्य ने दोनों छात्रों को आगामी जेईई एडवांस्ड की परीक्षा के लिए विशेष रणनीति के साथ तैयारी करने की सलाह दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं श्रवण कुमार ने कहा कि डीएवी बेड़ो के दोनों छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। हमारे विद्यालय के दो होनहार छात्रों ने इस कठिन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इधर विद्यालय में उत्सव का माहौल है। छात्रों की इस सफलता पर पूरे विद्यालय परिवार और प्रबंधन समिति ने खुशी जाहिर की है। शिक्षकों ने इसे एक टीम वर्क का परिणाम बताया और कहा कि विद्यालय भविष्य में भी छात्रों को उच्च कोटि की शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने हेतु प्रतिबद्ध है।

---

### मुरहू प्रखंड सभागार में महिला मेटों की कार्यशाला आयोजित

**खूंटी** : लीड्स संस्था के सहयोग से मुरहू प्रखंड में महिला मेटों को मनरेगा की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से मंगलवार को मुरहू प्रखंड सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में चिह्नित, पंजीकृत एवं प्रशिक्षित महिला मेटों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुरहू प्रखंड के बीडीओ रंजीत कुमार सिंहा की उपस्थिति में किया गया। बीडीओ ने सभी महिला मेटों को मनरेगा योजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। उन्होंने एनएमएमएस ऐप के माध्यम से योजनाओं के सुचारु संचालन की जानकारी दी तथा महिला मेटों को अपने कार्य के माध्यम से गांव, पंचायत और स्वयं को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया।

---

# आदिवासी युवक एतवा उरांव की कर्नाटक में संदिग्ध मौत

- परिवार से मिलने पहुंचे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश राम
- राज्य सरकार से गरीब परिवार को 25 लाख मुआवजा देने की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : कांके प्रखंड के ऊपरी कोनकी पंचायत अंतर्गत मारवा जंगल टोली निवासी आदिवासी युवक एतवा उरांव, चार महीने पहले मजदूरी करने कर्नाटक गया था, कर्नाटक में ही अल्ट्रा टाइल्स कंपनी में काम करता था।उसकी रविवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। परिजनों को सोमवार को सूचना मिली, जिसके बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। एतवा उरांव के पत्नी और तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं जिसमे दो बेटी और एक बेटा है। परिजनों का आरोप है कि युवक की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश राम, भाजपा पिठोरिया मंडल अध्यक्ष गोपाल महतो, दीपक दास, रंजीत गाड़ी एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उनके घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। कमलेश राम ने रांची उपायुक्त से फोन पर बात कर इस परिवार को न्याय दिलाने के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की। साथ ही, रांची एसएसपी से भी बात कर न्याय प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया। राज्य सरकार से इस गरीब परिवार को 25 लाख मुआवजा देने की मांग की गई है। कमलेश राम ने इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक बताते हुए कहा कि एक गरीब आदिवासी परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का शिकार हो जाए, यह व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा, हम इस परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। यह केवल एक परिवार का मामला नहीं, बल्कि पूरे समाज के सम्मान और सुरक्षा का सवाल है। सरकार को इस मामले में तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलानी चाहिए।

---

### गोंदलीपोखर मध्य एवं उच्च विद्यालय हेसल (खोपीसरना), अनगड़ा में 33वां वार्षिक महोत्सव

# हमारे राज्य में प्रतिभा की कमी नहीं : राजेश कच्छप



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : गोंदलीपोखर मध्य एवं उच्च विद्यालय हेसल (खोपीसरना), अनगड़ा में 33 वां वार्षिक महोत्सव विद्यालय के सचिव सह रांची विश्वविद्यालय वाणिज्य विभाग के डिन सह आईएमएस के निदेशक डॉ. अमर कुमार चौधरी के अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक महोत्सव में मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप के रूप में उपस्थित रहे। विधायक राजेश कच्छप एवं डॉ चौधरी को विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा झारखंडी परंपराओं के अनुसार स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलित कर वार्षिक उत्सव का प्रारम्भ करते हुए मुख्य अतिथि राजेश कच्छप ने छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष की छांव से पढ़ाई शुरू होनेवाले गोंदली पोखर उच्च विद्यालय हेसल आज पूरे रांची जिला में अपना मुकाम हासिल किया है, प्रत्येक वर्ष यहां के छात्र-छात्राएं मैट्रिक में अच्छे अंक प्राप्त कर पुरे राज्य में स्थान लाते हैं, यह दशार्ता है कि यहां के छात्र-छात्राएं बड़ी ही अनुशासित ढंग से अध्यनरत हैं। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में प्रतिभा की कमी नहीं है गांव से निकले उन प्रतिभाओं को संवारने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं का भी हम आभार व्यक्त करते हैं इन्होंने बहुत ही कम संसाधन और मानदेय में इन्हें तरासने में लगे हुए हैं। विधायक जी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप कल के भविष्य हो आपके कंधे पर राज्य और देश का जिम्मेदारी है खूब पढ़ो लिखो और अच्छे इंसान बनकर भविष्य में जिम्मेदारी संभालो। पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी आगे बढ़ो आज हमारे राज्य की बेटियां पूरे विश्व में हॉकी, क्रिकेट आदि खेलों में अपना परचम लहरा रहे हैं । डा अमर कुमार चौधरी ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा गोंदलीपोखर मध्य एवं उच्च विद्यालय आप सभी के मिहनत, तपस्या और त्याग का प्रतिफल है कि आज देश के कई प्रतिष्ठित संस्थानों में इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं अपना योगदान दे रहे हैं। शिक्षा का अलख जगाने में इस विद्यालय का इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है। डॉक्टर चौधरी ने बच्चों को आह्वान करते हुए कहा कि तुम पढ़ लिख कर आगे बढ़ो लेकिन अपने संस्कृति अपनी परंपरा को संजो के रखो यदि हमारी झारखंडी संस्कृति और परंपरा धूमिल होगी तो हमारा पहचान मिट जाएगा। वार्षिक महोत्सव के इस पावन दिन पर विद्यालय के वैसे पुर्व वर्ती छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र दी गई जो उच्च शिक्षा ग्रहण कर अच्छे मुकाम हासिल किये हैं। विद्यालय के प्रधान अध्यापक श्री ब्रजेश कुमार महतो ने छात्र-छात्राओं का उज्जवल भविष्य का कामना किए एवं उपस्थित सभी अभिभावकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किए।

---

### अरहम योगा विंटर कैम्प 'जीवन जीने की पॉलिसी-जीवन के साथ भी, जीवन के बाद भी' हुआ सफलतापूर्वक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जीतों लेडीज विंग, रांची द्वारा आयोजित अरहम योगा विंटर कैंप 'जीवन जीने की पॉलिसी-जीवन के साथ भी, जीवन के बाद भी' अत्यंत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार महामंत्र के साथ हुआ। इसके पश्चात अध्यक्षा सरोज जैन द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। इस शिविर में दिल्ली से पधारी शशि दीदी एवं कोलकाता से पधारी अनीता दीदी ने अपने प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक सत्रों के माध्यम से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के व्यावहारिक सूत्र साझा किए। उन्होंने आध्यात्मिक एवं सांसारिक जीवन में संतुलन स्थापित करने पर विशेष मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में 450 से अधिक सदस्यों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। साथ ही जैन स्कूल एवं डोरंडा कन्या विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी सत्रों में भाग लिया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन मुख्य सचिव एकता बड़जात्या द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## एक झलक

### 51 जोड़ी सामूहिक शादी समारोह का हुआ आयोजन



**रांची :** पंचमुखी हनुमान मंदिर धुर्वा में उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष रेनू सिंह के नेतृत्व में 51 जोड़ी सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश जी ने उपस्थित होकर वर वधू को आशीर्वाद दिया तथा सुखी जीवन की कामना की, वहीं संस्था के अध्यक्ष रेनू सिंह ने बताई के विगत 10 वर्षों से इस कार्यक्रम में लगी हूं ऐसा करने से मुझे बहुत ही खुशी मिलती है इस शादी समारोह में विगत कई वर्षों से हटिया के वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी धर्मेंद्र गिरी हमेशा मुझे मदद करते हैं जब भी मैं कुछ सहयोग के लिए बोलती हूं वह मुझे मदद करते हैं ,उन्हीं के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल होता है, इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र गिरी, नगमा रानी पासवान, राहुल कुमार सिंह, वसीम अकरम शाहिद काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### विधि-विधान से हुआ श्री श्याम का अमावस्या महास्नान



**रांची :** फागण अमावस्या महास्नान प्रातः मंगला आरती के बाद बाबा श्री श्याम का अमावस्या महास्नान विधि विधान से मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान के सानिध्य में मंदिर के आचार्य के साथ किया गया।

192वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 192 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मंदिर के आचार्य ने यजमान सुनील मोदी को अखण्ड ज्योति प्रज्वलित करवाई। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया कोषाध्यक्ष मनोज खेतान आशा मोदी अंकित संकेत ऋषभ हर्ष प्रणव आदि भक्त उपस्थित थे।

### झारखंड कांग्रेस विधायक दल की बैठक में बजट सत्र को लेकर रणनीति पर मंथन



**रांची :** रांची में झारखंड कांग्रेस विधायक दल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं झारखंड के सह-प्रभारी भूपेंद्र मरावी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उप नेता राजेश कच्छप सहित कांग्रेस के मंत्रीगण एवं विधायकगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक के दौरान झारखंड विधानसभा के आगामी बजट सत्र को लेकर व्यापक मंथन किया गया। राज्य के समग्र विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सामाजिक न्याय तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस की भूमिका को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। नेताओं ने इस बात पर बल दिया कि गठबंधन की सरकार जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएगी तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है।

# छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी सोच : हेमन्त

■ डॉ. रेजिना हांसदा, डॉ. रिचर्ड टोप्पो, सुश्री माधुरी खलखो, सुश्री रूबी हेम्ब्रम व सुश्री नोलीना मिंज ने सीएम से की शिष्टाचार भेंट



**रांची :** कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से डॉ. रेजिना हांसदा (lecturer in development and justice, University of Edinburgh, UK), डॉ. रिचर्ड टोप्पो (Masters, Oxford University, PHD, International institute of social studies), सुश्री माधुरी खलखो (Pursuing PhD, School of Oriental and African studies, UK), सुश्री रूबी हेंब्रम (Pursuing PhD, London School of Economics, UK) तथा सुश्री नोलीना मिंज (Masters, University of St. Andrews, UK) ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शी सोच एवं शिक्षा के प्रति दृढ़ विजन के फलस्वरूप राज्य के मेधावी बच्चे विदेशों में झारखंड का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा के दौरान मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा परदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे राज्य के मेधावी छात्रों से मुलाकात एक सराहनीय पहल साबित हुई, जिससे राज्य के बच्चों में नयी ऊर्जा का संचार हुआ। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच है कि 2050 तक इस योजना के माध्यम से अधिक से अधिक बच्चे विदेश में उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान प्राप्त करें तथा राज्य का मान-सम्मान बढ़ायें। उन्होंने गुरुजी के सपनों को साकार करने हेतु राज्य के आदिवासी बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने एवं पीएचडी तथा रिसर्च के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की अपील की। मौके पर मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के बाद आज प्रदेश के आदिवासी छात्र ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे हैं। हमारी सोच है झारखंड के छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना। वर्तमान में प्रतिवर्ष 25 छात्र मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा परदेशीय छात्रवृत्ति योजना का लाभ उठा रहे हैं। आनेवाले दिनों में लाभुक छात्रों की संख्या में वृद्धि के लिए सरकार निरन्तर प्रयासरत है। उन्होंने सभी स्कॉलर्स को शुभकामनाएं दीं तथा उनका आभार व्यक्त किया।

### मुख्यमंत्री को 'मरांग बुरू जुग जाहेर बाहा बोंगा 2026' समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में किया आमंत्रित



**रांची :** कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सोमवार को गिरिडीह जिले के उपायुक्त रामनिवास यादव ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर श्री यादव ने मुख्यमंत्री श्री सोरेन को 20 फरवरी 2026 को गिरिडीह में आयोजित होनेवाले 'मरांग बुरू जुग जाहेर बाहा बोंगा 2026' समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सादर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने उक्त आमंत्रण को स्वीकार करते हुए अपनी पूर्ण सहमति प्रदान की तथा गिरिडीहवासियों के प्रति अपनी हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

### मानसिक रोगी को डालसा ने कराया रिनपास में भर्ती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर, सदस्य सचिव झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में डालसा सचिव राकेश रौशन की देखरेख में विगत एक सप्ताह से इधर-उधर भटक रहे एक विक्षिप्त व्यक्ति को शुक्रवार को रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार और मांडर पुलिस के संयुक्त प्रयास से इलाज के लिए रिनपास में भर्ती कराया गया। उक्त व्यक्ति बीते एक सप्ताह से मांडर प्रखंड के ग्राम मेशाल क्षेत्र के आसपास भटक रहा था, जिससे स्थानीय लोग भी चिंतित थे। इसकी सूचना मिलने पर पीएलवी सुमन ठाकुर ने मामले की जानकारी रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव और मांडर थाना प्रभारी को दी थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए दोनों अधिकारियों ने तत्काल आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कराई और सोमवार को उक्त व्यक्ति को रिनपास भेजकर भर्ती कराया गया। इस दौरान पीएलवी सुमन ठाकुर, भारती शहदेव पीएलवी विनीता कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे। ज्ञात हो कि डालसा सचिव को सूचना मिलते ही उन्होंने त्वरित कार्यवाई करते हुए, टीम का गठन किया जिसमें पीएलवी सुमन ठाकुर, भारती शहदेव एवं विनीता कुमारी को निर्देष दिया कि उक्त व्यक्ति को तत्काल रिनपास रांची में भरती कराकर आवष्यक मदद करें। उक्त निर्देष के आलोक में डालसा की टीम ने विक्षिप्त व्यक्ति को भरती कराकर आवष्यक मदद पहुंचाया जा रहा है और आगे भी पहुंचाया जायेगा।

## एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल के छात्र ने जेईई मेन 2026 में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल, रांची के लिए गर्व का विषय है कि विद्यालय के छात्र ने जेईई मेन 2026 (सेशन-1) में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्र नैतिक शर्मा ने 99.972 परसेंटाइल प्राप्त कर रांची टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। नैतिक ने अनुशासित अध्ययन, नियमित अभ्यास और निरंतर मॉक टेस्ट के माध्यम से यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। वर्तमान में वे जेईई एडवांस की तैयारी में जुटे हुए हैं और उनका लक्ष्य आईआईटी में प्रवेश पाना है।

इस अवसर पर एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल शादान आलम एवं डायरेक्टर कुणाल कश्यप ने नैतिक को सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से नैतिक शर्मा को 5100 की प्रोत्साहन राशि एवं स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विद्यालय परिवार नैतिक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी आगे भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते रहेंगे।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने की गो सेवा



**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल की अध्यक्षता में हर महीने की अमावस को गो सेवा कर रही है। यह सेवा हरमू रोड स्थित गोशाला में की गयी। इस क्रम में 17 फरवरी को गो सेवा करायी गयी। यह सेवा निकिता जलान जी की तरफ से दी गयी। गो माता को हरी सब्जी, लौकी, पत्ता गोभी, गुड, रोटी और अन्य सामग्री खिलायी गयी। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, निकिता जलान, कविता सोमानी समेत अन्य सदस्य मौजूद थीं। इस कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### 'त्रिमूर्ति शिव जयन्ती महोत्सव 2026' के दूसरे दिन हुआ 12 ज्योतिर्लिंग मेला सह शिव कथा

## श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कांके/पिठौरिया (रांची) :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कांके पिठौरिया (बडू) के तत्वावधान में आयोजित 'त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव 2026' के दूसरे दिन दो दिवसीय 12 ज्योतिर्लिंग मेला सह शिव कथा का भव्य आयोजन किया गया। पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण रहा और सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर व मेला स्थल 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की संचालिका बीके राजमती बहन, वीणा बहन एवं संगीता बहन ने संयुक्त रूप से शिव ध्वज फहराकर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी संपत्ति देवी ,चंद्रकांता खलखो , नारायण भाई, राम नाथ भाई सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर 12 ज्योतिलिंगों के भव्य प्रारूपों की आकर्षक झांकी सजाई गई, जहां भक्तों ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। मेले में शिव परिवार, कैलाश पर्वत एवं हिमाचल स्थित पवित्र धामों की मनोहारी झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने कहा कि ऐसे आयोजन से गांव में धार्मिक चेतना के साथ-साथ एकता और भाईचारे की भावना भी मजबूत होती है। शिव कथा के दौरान बीके राजमती बहन जी ने भगवान शिव के निराकार, ज्योति स्वरूप का सुंदर वर्णन करते हुए कहा कि शिव परमात्मा शांति, पवित्रता और शक्ति के सागर हैं।

### 20 फरवरी को गांधीनगर अस्पताल, सीसीएल में हृदय रोग सम्बन्धी नि:शुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में शुक्रवार, दिनांक 20.02.2026 को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में यशोदा अस्पताल, हैदराबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. कश्यप व्यास (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिर्पोट/जांच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाये। सीसीएल द्वारा नियमित तौर पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर का उद्देश्य है कि जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक ईलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके तथा इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

### जेईई मेन्स जनवरी-2026 में सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

## अन्वेषा अग्रवाल ने किया 99.2957304 पर्सेंटाइल हासिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जेईई मेन्स जनवरी-2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। यह स्कूल के लिए बेहद गर्व और खुशी का क्षण है। अन्वेषा अग्रवाल ने अपनी शानदार कामयाबी से स्कूल का नाम रोशन किया, उन्होंने 99.2957304 परसेंटाइल हासिल किए। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, 10 से अधिक छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। कई छात्रों के परिणाम अभी प्रतीक्षित है। अन्वेषा के अलावा, जानवी सिन्हा ने 97.6456917 पर्सेंटाइल, अभिषेक कुमार आयुष ने 96.9733690 पर्सेंटाइल, कुशाग्र दिव्यांश ने 96.1514559 पर्सेंटाइल,




आकर्ष राज ने 95.2767511 पर्सेंटाइल, आदर्श कुमार सिंह 92.6779646 पर्सेंटाइल, दर्शित बागला 91.9669478 पर्सेंटाइल, सान्वी श्रेया 91.7186269 पर्सेंटाइल, आर्या कौशिक 90.0962635 पर्सेंटाइल, अतुल्य कुमार ने 87.9960115 पर्सेंटाइल हासिल कर स्कूल की शान बढ़ाई है। प्राचार्या मनीषा शर्मा ने सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों तथा शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को अगले स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं।

### उधना-हटिया के बीच होली के दौरान स्पेशल/रेगुलर ट्रेन चलाने की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** होली के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए उधना (सूरत) से हटिया (रांची) के बीच स्पेशल अथवा नियमित ट्रेन के परिचालन की मांग हेतु आज दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा एवं पश्चिमी रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है। अपने पत्र में श्री जोशी ने उल्लेख किया कि गुजरात का सूरत शहर एक प्रमुख औद्योगिक एवं व्यापारिक केंद्र है, जहाँ झारखंड राज्य के हजारों व्यापारी, श्रमिक, कर्मचारी एवं छात्र निवासरत हैं। पर्व-त्योहारों के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपने गृह राज्य झारखंड की यात्रा करते हैं, जबकि वर्तमान में इस मार्ग पर ट्रेनों की अत्यंत कमी है। सप्ताह में केवल एक दिन चलने वाली सूरतझमालदा एक्सप्रेस में टिकट यात्रा से लगभग दो माह पूर्व ही बुक हो जाते हैं, जिससे आम यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यदि उधना से हटिया के बीच स्पेशल अथवा नियमित ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाता है, तो इससे झारखंड के व्यापारियों, श्रमिकों एवं छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी, सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित होगी तथा रेलवे को भी अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

## मारवाड़ी युवा मंच ने पीएल सीजन 9 का किया शानदार आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा हर वर्ष 03 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता युवा प्रिमयेर लीग का आयोजन करता है, जिसमे मंच के सदस्य बहुत ही जोश एवं उत्साह से भाग लेते हैं। इस वर्ष भी मंच द्वारा 3 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता PL-9 का आयोजन किया रांची जिमखाना क्लब मे 13, 14 एवं 15 फरवरी को किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक सिंघानिया स्कोडा थे, सह प्रायोजक श्याम सुंदर चंदीवाला, ट्रॉफी पार्टनेर फर्स्ट अड्विजर, इंवेस्टमेंट पार्टनेर गोयनका फिन्सर्व, बेवरेज पार्टन 'केम्प्टी, टी-शर्ट पार्टन 'कोटक मुटुल फंड, विकडेयस इंडिया, इंफ्रा पार्टनेर आनंद कांस्ट्रक्शं एवं बैंकिंग पार्टनेर उज्जीवं बैंक थे। कार्यक्रम मे 8 टीमो मे 104 खिलाडियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता मे 12 लीग मैच 2 सेमी फाइनल एवं एक फाइनल मैच खेल गया। 15.02.26 दिन रविवार को शाम 6 बजे से फाइनल मैच टीम युवा फाइटर्स एवं रिशब स्ट्राइकर्स के बीच खेला गया। टीम युवा फाइटर्स PL Season 9 की विजेता बनी एवं रिशब स्ट्राइकर्स उप विजेता रही। यह कार्यक्रम मंच के खेल कूद प्रभारी युवा शुभम लोहिया, युवा सन्नी टिबेरेवाल, युवा उज्ज्वल मुरारका एवं कुशल टेक्रिवाल, संयोजक युवा दीपक गोयनका, युवा प्रवीं शर्मा, युवा चेतन पोद्दार एवं युवा अरुण पोद्दार, सह संयोजक युवा अनीश सरावगी, युवा श्रेय जालान एवं युवा संकेत अग्रवाल एवं YPL कमेटी सदस्य युवा नीरज अग्रवाल, युवा निकुंज पोद्दार, युवा गौरव काबरा एवं युवा आशीष अग्रवाल के प्रयासों एवं परिश्रम से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सचिव निकुंज पोद्दार, कोषाध्यक्ष गौरव काबरा के साथ प्रांतीय अध्यक्ष युवा विशाल पड़िया, प्रांतीय महामंत्री दीपक गोयनका, मंडलिया उपाध्यक्ष एवं निवर्तमान अध्यक्ष युवा आशीष अग्रवाल के साथ कई पूर्व अध्यक्षों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को शोभानवित एवं सुसज्जित किया।

### प्राचीन शिव मंदिर, मैकी रोड में महाशिवरात्रि पर पूजा-अर्चना और भंडारे का हुआ आयोजन



**रांची :** रांची के मैकी रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर (स्थापित 1925) में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य पूजा-अर्चना और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह मंदिर दशकों से स्थानीय लोगों के लिए आस्था और भक्ति का केंद्र रहा है, और हाल ही में इसके जीर्णोद्धार के बाद यह पहला प्रमुख कार्यक्रम था, जिसने क्षेत्रवासियों में उत्साह और श्रद्धा की लहर दौड़ा दी। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सुनील यादव, समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी, राजीव रंजन,ऋषिकेश लाल, अनिल दत्त मिश्रा, विवेक वर्मा, नितेश खन्ना, सुनील भगत, बद्री लाल, प्रत्युश मिश्रा, विनोद कांत मिश्रा, श्याम यादव, बी. नितेश, और मनीष कुमार साहू (मिक्की) सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### डीएवी नंदराज का जेईई मेन 2026 (सेशन-1) में उत्कृष्ट प्रदर्शन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल, बरियातू के विद्यार्थियों ने जेईई मेन 2026 (सेशन-1) के परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। छात्रा कृत्ति रंजना ने 92.31 NTA स्कोर प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की तथा वे जेईई एडवांस्ड के लिए भी योग्य घोषित हुई है। यह विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। अन्य विद्यार्थियों में रिषभ भगत, नारायण दुबे, गरिमा प्रसाद, सुप्रिया कुमारी, श्रेय दास, आकृति सिंह, यश पांडेय, आयशा खाखा ,तेजस वैभव आदि का भी प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ रविप्रकाश तिवारी ने सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। प्राचार्य महोदय का कहना है कि परिश्रम कभी बेकार नहीं जाता है। एक दिन हमारे बच्चे विद्यालय और अपने परिवार का नाम अवश्य उज्ज्वल करेंगे। विद्यालय को विश्वास है कि विद्यार्थी आगामी परीक्षाओं में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करेंगे। इस परिणाम से शिक्षक भी काफी प्रसन्न हैं। उन्होंने भी अपने छात्रों के प्रति शुभकामनाएं देकर और परिश्रम करने

## रांची में नराकास की 30वीं छमाही बैठक सम्पन्न, हिन्दी के प्रभावी प्रयोग पर जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्य आयकर आयुक्त, रांची राजेश कुमार झा, भारासे की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (के.का.), रांची की छमाही बैठक का आयोजन किया गया। 17 फरवरी को पूर्वाह्न 10:30 बजे होटल रेडिशन ब्लू में आयोजित यह बैठक इस कैलेंडर वर्ष की द्वितीय एवं नराकास की 30वीं बैठक थी। समिति के 80 सदस्य कार्यालयों से लगभग 130 सदस्य उपस्थित हुए, जिनमें 40 कार्यालयों के प्रमुख एवं विभागाध्यक्षों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। बैठक का संचालन करते हुए समिति के सचिव प्रसून कुमार ने अध्यक्ष के साथ-साथ सभी उपस्थित विभागाध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने नराकास बैठक की महत्ता पर प्रकाश डाला और सदस्य कार्यालयों से प्राप्त तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा की। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार झा ने कहा कि आज हिन्दी में कार्य करना अत्यन्त सरल हो गया है। उन्होंने केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में हिन्दी के बढ़ते प्रयोग को संविधान के अनुरूप बताया और सभी सदस्य कार्यालयों से राजभाषा नीतियों और आदेशों के पालन की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने कहा कि यदि हमें हिन्दी में कार्य करने की प्रवृत्ति बढ़ानी है, तो हमें ऐसी योजनाएं बनानी होंगी, जिनसे लोग यह महसूस करें कि हिन्दी में काम करना सरल, सहज और आकर्षक है। वर्ष 2024-25 के दौरान नराकास के सदस्य कार्यालयों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं में से सर्वोत्तम तीन पत्रिकाओं को सम्मानित किया गया और उन्हें माननीय अध्यक्ष के कर-कमलों से स्मृति चिह्न प्रदान किये गये। कार्यक्रम के दौरान एक पुस्तक प्रदर्शनी (बुक स्टॉल) का आयोजन भी किया गया, जिसमें हिन्दी की उपयोगी, व्यावहारिक एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त, रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से राजभाषा के प्रति उत्साह और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक राजभाषा प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। साथ ही, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी बिक्रम साव द्वारा कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा ई-टूल्स के प्रभावी एवं व्यवहारिक प्रयोग पर मार्गदर्शन देने हेतु एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित सदस्यों को विशेष दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। बैठक के समापन पर कृषि प्रणाली के पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केन्द्र के तकनीकी अधिकारी (राजभाषा), श्रीमती अणिमा प्रभा ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस प्रकार से, यह बैठक न केवल राजभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए महतत्वपूण 'साबित हुई, बल्कि इसके माध्यम से केन्द्र सरकार के कार्यालयों में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने की दिशा में नयी पहल की गयी।

### दान की भौमवती अमावस्या तिथि में आयोजित अनुष्ठान का हुआ विधिवत निष्पादन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मंगलवार को फाल्गुन कृष्ण भौमवती अमावस्या के उपलक्ष्य पर दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में चंदन, अगरू ,कपूर, तुलसी दल, गंगाजल और भाँति-भाँति के पुष्प, धूप, दीप वाद्य आदि द्वारा भगवान की षोडषोपचार पूजा की गयी। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर स्वरूप भगवान जो भोग और मोक्ष दोनों फलों को देनेवाले हैं, उन पापनाशन भगवान का नित्याराधन संपादन करके पुनः नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महाआरती हुयी और ग्रास मुद्रा, सुरभि मुद्रा एवं अग्नि मुद्रा आदि से शोधन पूर्वक भगवान को नैवेद्य भोग निवेदन किया। घंटा-घड़ियाल का वादन करते हुये पर्दा के अंदर खीर महाप्रसाद का भोग लगा। इसके बाद दिव्य कल्याण स्वरूप परमानंद कारण भगवान श्रीनिवास दंपत्ति का श्रीनिवास गद्यम, वेंकटेश स्तोत्र, श्रीस्तुति, भूस्तुति, गोदास्तुति और सुश्राव्य वेद ध्वनियों से महास्तुति की गयी। अर्चक श्री सत्यनारायण गौतम श्री गोपेश आचार्य और श्री नारायण दास जी ने मिलजुल कर दिनकर के अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया। सम्मिलित हुए सर्वश्री :राम अवतार नरसरिया प्रदीप नरसरिया राजेश सुलतानिया गौरीशंकर साबू रंजन सिंह सीता शर्मा यशोदा देवी छाया दुबे आदि।

## एक झलक

### बीमारी से ग्रसित पिता-पुत्र को मुख्यमंत्री ने किया सहयोग

**बरही** : कहते हैं की नियति जब आपके लिए कुछ अच्छा करती हैं तो सहयोग के दरवाजे आपके लिए खुद ब खुद खुलते चले जाते हैं, पिछले एक साल से बीमार कोडरमा जिले के जयनगर प्रखंड अंतर्गत मंडरिया निवासी अर्जुन ठाकुर अपने लिवर की बीमार से ग्रसित हैं और इलाज कराने में असमर्थ हैं, पिछले 1 वर्ष से इनके बेहतर इलाज को लेकर प्रयास किया जा रहा था, तभी अचानक अर्जुन ठाकुर के 15 वर्षीय पुत्र अभिषेक ठाकुर सड़क दुर्घटना में घायल हो गए जिनके माथे में गंभीर चोटें आई डॉक्टर के अनुसार इनके ऑपरेशन में 7 से 8 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान बताया गया, पिता पुत्र दोनों बेहतर इलाज को लेकर परेशान थे। तभी बरही प्रखंड के डपोक निवासी रेनू देवी पति सिकंदर ठाकुर ने इसकी सूचना सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार को दिया। मामले पर तत्परता दिखाते हुए सिकंदर कुमार ने तुरंत ट्वीट के जरिये इसकी सूचना सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को दिया मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला उपायुक्त कोडरमा को पिता पुत्र को बेहतर इलाज हेतु सहयोग करने का निर्देश दिया, निर्देश के पश्चात जिला प्रशासन के टीम अर्जुन ठाकुर के घर पहुंच कर राहत कार्य में लग गई। इस कार्य में मुखिया मनोज कुमार सहित अन्य लोगों ने भी क्राउड फंडिंग में सहयोग व सहायता प्रदान किया।

### तालाब में डूबने से युवक की दर्दनाक मौत

**चौपारण (हजारीबाग)** : प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बच्छई में मंगलवार को एक दुखद हादसे में 32 वर्षीय युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान भीखन यादव के पुत्र सुनील कुमार यादव के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुनील कुमार यादव का पैर फिसल जाने के कारण वह तालाब में गिर गए और गहरे पानी में डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर पंचायत समिति सदस्य सहदेव यादव, उप मुखिया संजय साव, वार्ड सदस्य सुजीत यादव, समाजसेवी बैजनाथ यादव, बासुदेव रविदास, लखन राणा, योगेन्द्र यादव, महेश यादव, सुरेन्द्र यादव सहित कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे। आपदा मित्र एवं एम्बुलेंस की सहायता से शव को पोस्टमार्टम के लिए बरही अस्पताल भेजा गया।घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### साइबर अपराधियों की सक्रियता एक बार फिर सामने आयी

**चौपारण** : थाना क्षेत्र में साइबर अपराधियों की सक्रियता एक बार फिर सामने आयी है। ओटीपी साझा करते ही महिला के बैंक खाते से 2 लाख 70 हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली गयी। घटना के बाद पीड़िता ने थाना में लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगायी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चौपारण निवासी शोभा कुमारी, पति सोनू राणा का खाता बैंक ऑफ इंडिया की चौपारण शाखा में संचालित है। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि 11 फरवरी 2026 को शाम करीब 4:13 बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल नंबर 1600413345 से फोन कर स्वयं को बैंक से संबंधित बताते हुए ओटीपी की मांग की। भरोसे में आकर जैसे ही उन्होंने ओटीपी साझा किया, कुछ ही क्षणों में उनके खाते से 2 लाख 70 हजार रुपये की निकासी हो गयी। राशि निकासी की जानकारी मिलते ही पीड़िता के होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज करायी। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा ठगी गई राशि वापस दिलाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही साइबर ठगी की घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं। लोगों ने प्रशासन से ऐसे मामलों पर सख्ती से कार्रवाई करने के साथ-साथ आम लोगों को जागरूक करने की मांग की है।

### पुलिस ने हजारीबाग में नशाखोरी गिरोह पर की बड़ी कार्रवाई

# 14 गिरफ्तार, ब्राउन शुगर व गांजा बरामद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : जिले में नशाखोरी एवं मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने कटकमदाग, लोहसिंघना एवं ईचाक थाना क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से ब्राउन शुगर, गांजा, नकदी, मोबाइल, वाहन सहित कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है।

पुलिस के अनुसार दिनांक 16.02.2026 को कटकमदाग थाना क्षेत्र के ग्राम सुलताना स्थित डीपो शीट के पास ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अमित कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया।



टीम ने डीपो शीट के आसपास संभावित ठिकानों पर छापामारी की। छापामारी के दौरान पुलिस को देखकर तीन व्यक्ति पास में खड़ी एक वाहन को छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर तीनों को पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान मो. आफताब, मो. जुबैद उर्फ शाहरुख और सरोज कुमार के रूप में हुई। पूछताछ में तीनों ने स्वीकार किया कि वे ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते हैं।

कड़ाई से पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे ब्राउन शुगर उदय कुमार उर्फ नवल दांगी, पवन राज वर्मा एवं त्रिभुवन दांगी से खरीदकर बेचते हैं। इसके बाद गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उदय कुमार उर्फ नवल दांगी, पवन राज वर्मा और राहुल कुमार मेहता को भी गिरफ्तार कर लिया।

इधर, लोहसिंघना थाना क्षेत्र में भी विशेष अभियान के तहत 03 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई, जिनके पास से ब्राउन शुगर, गांजा एवं नकदी बरामद की गई। वहीं ईचाक थाना क्षेत्र में डायल 100 से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से ब्राउन शुगर बरामद किया।

**बरामदगी**

कटकमदाग थाना क्षेत्र सेः
ब्राउन शुगरः 111.72 ग्राम
नकदः 17,160 रुपये
मोबाइलः 07
मोटरसाइकिलः 02
स्विफ्ट कारः 01
ब्राउन शुगर माप-तौल मशीनः 02
लोहसिंघना थाना क्षेत्र सेः
ब्राउन शुगरः 17 ग्राम
गांजाः 02 किलोग्राम
नकदः 47,000 रुपये
ईचाक थाना क्षेत्र सेः
ब्राउन शुगरः 02 पुड़िया
मोटरसाइकिलः 07

आपराधिक इतिहास भी सामने गिरफ्तार अभियुक्त उदय कुमार उर्फ नवल दांगी के विरुद्ध चतरा एवं अन्य थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं। वहीं इरफान अंसारी उर्फ जिगर एवं बबलु कुमार का भी आपराधिक इतिहास सामने आया है।

इस अभियान में एएसपी अमित कुमार, कटकमदाग थाना प्रभारी प्रमोद कुमार, पेलावल अंचल के पुलिस निरीक्षक शाहिद रजा, लोहसिंघना थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा, ईचाक थाना प्रभारी गौतम कुमार, पेलावल ओपी प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय सहित तकनीकी शाखा एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने कहा है कि जिले में नशाखोरी के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और मादक पदार्थ तस्करों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## मुरहू प्रखंड सभागार में महिला मेटों की कार्यशाला आयोजित

**खूंटी** : लीड्स संस्था के सहयोग से मुरहू प्रखंड में महिला मेटों को मनरेगा की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से मंगलवार को मुरहू प्रखंड सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में चिह्नित, पंजीकृत एवं प्रशिक्षित महिला मेटों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुरहू प्रखंड के बीडीओ रंजीत कुमार सिंहा की उपस्थिति में किया गया। बीडीओ ने सभी महिला मेटों को मनरेगा योजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। उन्होंने एनएमएमएस ऐप के माध्यम से योजनाओं के सुचारु संचालन की जानकारी दी तथा महिला मेटों को अपने कार्य के माध्यम से गांव, पंचायत और स्वयं को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला मेटों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा नवचयनित महिला मेटों को साड़ी एवं पहचान पत्र दिया गया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) ने जानकारी दी कि अप्रैल 2026 से मनरेगा में नए दिशा-निर्देश लागू होंगे, जिनमें महिला मेटों की अहम भूमिका रहेगी तथा मस्टर रोल का संधारण अनिवार्य रूप से एनएमएमएस के माध्यम से किया जाएगा। बीपीएम, जेएसएलपीएस ने महिलाओं को बागवानी सखी के रूप में आगे आने का आह्वान किया और बताया कि दीदी बड़ी योजना में भी महिला मेट महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। वहीं प्रखंड के कनीय अभियंता ने आम बागवानी एवं अन्य चालू योजनाओं के तकनीकी बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यशाला में डिगडी, रूमतकेल, गोराटोली, कोड़ाकेल, मुरहू, गानालोया एवं बिचना पंचायतों के रोजगार सेवक-सेविका तथा प्रखंड के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। लीड्स संस्था से रंजीत भेंगरा, अनंत तांती, बसंत, नंदलाल एवं लालिमा भी शामिल हुए।

## झारखंड के तमाम शहरों में बढ़ा तापमान चाईबासा में पारा 33 डिग्री के पार

**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में करीब दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है, जिससे दिन में गर्मी का असर महसूस किया जाने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बदलाव संभव है। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, चाईबासा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा जमशेदपुर और डालटेनगंज में क्रमशः 32.1 और 32.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान गुमला में 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से दक्षिण-पूर्वी पाकिस्तान और उसके आसपास के क्षेत्रों में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके साथ ही पंजाब और आसपास के इलाकों में भी निम्न दबाव की स्थिति बनी हुई है। इन मौसमी प्रणालियों का असर झारखंड सहित उत्तर और पूर्वी भारत के कई राज्यों में देखने को मिल सकता है। मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और तेज धूप के कारण दिन में गर्मी का एहसास हुआ। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में तापमान में धीरे-धीरे और वृद्धि हो सकती है, जिससे दिन गर्म और रात अपेक्षाकृत ठंडी बनी रह सकती है। मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम 32.1 और न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री, डालटेनगंज में अधिकतम 32.4 और न्यूनतम 9.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 31.5 और न्यूनतम 12.1 डिग्री, चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री और न्यूनतम 12.6 डिग्री, खूंटी में 28.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री, लोहरदगा में 26.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री, लातेहार में अधिकतम तापमान 23.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री एवं सरायकेला में अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## डैम की खूबसूरती पर अतिक्रमणकारियों की बुरी नजर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कटकमसांडी (हजारीबाग)** : हजारीबाग शहर से सटे छड़वा डैम के आसपास के जमीन पर भू-दलालो का गिद्ध दृष्टि के जद मे है। शहरवासियों को पेयजलापूर्ति करने वाले छड़वा डैम जमीन दलालों व आसपास के अतिक्रमणकारियों के वजह से दो सो एकड़ से सिमट कर महज 50-60 एकड़ मे सिमट कर रह गई है। वर्ष 1952 व 1954 में डीवीसी की ओर से दो सौ एकड़ क्षेत्र में निर्मित छड़वा डैम प्रक्षेत्र अतिक्रममण के कारण अपनी खूबसूरती व अपना मूल स्वरूप खो चुका है। फिलहाल छड़वा डैम के जमीन का सर्वाधिक अतिक्रमण हजारीबाग कटकमसांडी मुख्य सड़क से गदोखर गांव जाने वाले मार्ग के इर्द गिर्द हो रहा है। अवैध रूप से अतिक्रमित डैम के जमीन पर लोग घर व मकान सहित चहारदिवारी का




निर्माण कराया जा रहा है। बावजूद इसके, जिला व अंचल प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं है श। डैम के जमीन पर लगातार हो रहे डैम के अतिक्रमण के कारण आने वाले वक्त में शहरवासियों व आसपास के ग्रामीणो को पेयजल संकट से जूझना पड़ सकता है। छड़वा डैम के निर्माण काल के बाद वर्ष 2014 में डैम के कुछ हिस्से में जल संसाधन मंत्रालय से गहरीकरण टशका काम कराया गया था। उस वक्त तत्कालीन जल संसाधन मंत्री हेमंत सोरेन डैम गहरीकरण का शिलान्यास रखने खुद डैम पहुंचे थे। विभाग की उदासीनता के कारण डैम का क्षेत्रफल लगातार घटने से लोग चिंतित हैं। लोग डैम के कुछ भाग में खेती भी की जा रही है। हजारीबाग शहर में प्रतिदिन साच टावर में पानी की सप्लाई होती है, जिसमें रोज 36 लाख गैलन पानी की आपूर्ति होती है। जबकि वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र के कंचनपुर और गदोखर पंचायत के गांवों में पानी की सप्लाई की जा रही है। ऐसे में डैम के जमीन के अतिक्रमण पर तत्काल रोक नहीं लगाया गया तो आने वाले समय में शहर वासियों को पूयजल के गंभीर संकट से जूझना पड़ सकता है। इन दिनो शहरों में बढ़ती आबादी के कारण पानी की खपत अधिक होगी और डैम के घटते क्षेत्रफल के कारण पानी की क्षमता कम होगी। ऐसी स्थिति में डैम प्रक्षेत्र के जमीन के अतिक्रमण पर तत्काल रोक लगाना हम सबकी जिम्मेदारी है और वक्त की मांग है।

## दर्जनों विद्यालयों ने 'प्रयास कार्यक्रम' के तहत घर, मैदान, खेत-खलिहान से बच्चों को स्कूल लाने की शुरू की मुहिम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही** : प्रयास कार्यक्रम के तहत मुहिम में उमवि फुसरी मांझी टोला, उमवि दासोखाप, उउवि जरबा, उमवि हरहद, प्रावि गोंदवार, नवप्रावि जोंकी नवप्रावि सलगाटोला, उमवि चनारो के प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं सहायक शिक्षक अलग-अलग दिन बाल संसद के सदस्यों के साथ टोले-टोले घुम रहे हैं। ज्ञात कि दो दिन पहले गोंदवार में हाथियों के आक्रोश के कारण अप्रिय घटना घट चुकी है। इस डर से बच्चे विधालय नहीं आ रहे थे। ऐसे में प्रावि गोंदवार के शिक्षक बाबूलाल हेम्ब्रोम घर-घर जाकर माता-पिता से मिले और बच्चों को स्कूल लाने का काम किये। हालांकि अभी भी बहुत से बच्चे गांव छोड़कर रिश्तेदारों के यहां चले गये हैं। शिक्षकों के इस प्रयास को लेकर गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है कि ऐसे शिक्षकों के कारण ही गरीब के बच्चे सरकारी विद्यालयों में पढ़ पा रहे हैं। बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो ने मनोज हंसदा एवं मीना कुमारी के कार्यों की प्रशंसा किये। जो प्रयास माता-पिता को करना चाहिए वो प्रयास शिक्षक कर रहे हैं।

### झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

## विशेष सैलरी पैकेज व बैंक सुविधाओं की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : झारखंड सरकार द्वारा बैंक ऑफ इंडिया एवं भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से झारखंड सरकार के अनुबंधित कर्मचारियों के लिए विशेष सैलरी पैकेज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस व्यवस्था को लेकर सरकारी विद्यालयों में कार्यरत सहायक शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है। शिक्षकों का कहना है कि उनका वेतन खाता झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में होने के कारण उन्हें सैलरी अकाउंट से जुड़ी बीमा, दुर्घटना बीमा, ओवरड्राफ्ट सहित अन्य विशेष सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जबकि अन्य बैंकों के माध्यम से वेतन पाने वाले कर्मियों को ये सुविधाएं दी जा रही हैं। इसी क्रम में चौपारण स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा में विद्यालयों के सहायक शिक्षकों ने बैंक प्रबंधन को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने



बताया कि सभी शिक्षकों का वेतन खाता झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में संचालित है और अधिकांश शिक्षक इसी बैंक से ऋण भी ले रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें अन्य बैंकों के समान सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। शिक्षकों ने मांग की कि इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा भी अन्य बैंकों की तरह विशेष सैलरी पैकेज एवं बैंकिंग सुविधाएं लागू की जायें, ताकि शिक्षकों को आर्थिक सुरक्षा मिल सके और उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में शिक्षक भुनेश्वर साव ने कहा कि हमें भी अन्य बैंकों की तरह सभी सुविधाओं और लाभों का अधिकार मिलना चाहिए। हम वर्षों से इसी बैंक से जुड़े हैं, फिर भी हमें विशेष सैलरी पैकेज से वंचित रखा गया है। बैंक प्रबंधन को हमारी मांगों पर सकारात्मक पहल करनी चाहिए। शिक्षकों ने उम्मीद जताई कि बैंक प्रबंधन एवं संबंधित विभाग इस मांग पर शीघ्र निर्णय लेकर उचित पहल करेगा।

## बराय मौजा की गैरमजरुआ खास जमीन पर बड़ा खेल, मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ अंचल अंतर्गत हल्का 12 के बराय मौजा (थाना संख्या 228) में दर्ज कुल 522 एकड़ गैरमजरूआ खास भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध कब्जा और खरीद-बिक्री की आशंका लंबे समय से बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बराय मौजा से एनएच-19 बाइपास गुजरने के बाद बढ़ी जमीन कीमतों का फायदा उठाते हुए भूमाफिया सक्रिय हो गए और जाली दस्तावेजों के सहारे सरकारी जमीन पर हाथ साफ करने की कोशिश बदस्तूर जारी है। इस संबंध में ग्राम चेडरा निवासी भास्कर दुबे ने राज्य सरकार के मुख्य सचिव को आवेदन प्रेषित कर जांच की मांग की है। आवेदन के अनुसार, बराय मौजा की गैरमजरुआ खास जमीन, जो सरकारी श्रेणी में आती है, पर जाली हुकुमनामा तैयार कर अवैध दखल और एग्रीमेंट के माध्यम से बिक्री की आशंका है। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि उनके बड़े दादा, आखिरी जमींदार स्व० महंत बासुदेव दास (पिता रामकीशून दुबे) के नाम से जाली हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर कथित फर्जी हुकुमनामा तैयार कर जमीन का हस्तांतरण किया जा रहा है, जिससे जमींदार घराने की छवि भी धूमिल की जा रही है। इसके अलावा उक्त मौजा के विभिन्न खातों में दर्ज जमाबंदी भी संदेह के घेरे में है। उक्त मामले को लेकर पूर्व में भी कई बार खबर प्रकाशित हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि इस अवैध खेल में जन प्रतिनिधियों के भी शामिल होने की संभावना है। इसमें कोई दो राय नहीं की विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि वर्तमान में अपने पद का दुरुपयोग कर जमीन पर अवैध

### जिला पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी की महत्त्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

## कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार की जीत के लिए बनायी गयी रणनीति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल नें की। इस बैठक में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार मोहम्मद तस्लीम अंसारी की जीत निश्चित हो इसके लिए रणनीति बनायी गयी। जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल द्वारा 36 वार्डो को चार जोन में बांटकर सभी कांग्रेसियों को जिम्मेवारी दी गई। जिला



कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्यों में भीम कुमार, बिनोद कुशवाहा, आबिद अंसारी, देवराज कुशवाहा, शैलेन्द्र कुमार यादव, दिगम्बर कुमार मेहता, साजिद अली खान, अजय कुमार प्रजापति, मुकेश पासवान, मोहम्मद जाविर, परवेज अहमद उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनायी कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि

**बरही** : प्रखंड के भाजपा कार्यालय में जननायक भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने सामाजिक न्याय, समानता और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यकर्ताओं ने उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि भगवान केसरी, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, इंद्रदेव ठाकुर, संतोष शर्मा, दिलीप शर्मा, कामेश्वर रविदास, सुनील कुमार, विपिन कुमार, विनोद कुमार, सोनू कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर की 38वीं पुण्यतिथि मनी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : मंगलवार को भारतरत्न से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर का 38वा पुण्यतिथि प्रतिमास्थल कर्पूरी चौक नूरा में मनाई गई। सुरेश ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष भारतीय नाई समाज झारखंड ने कहा कि सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। साथ ही दलित और पिछड़ा वर्ग के मसीहा कहे जाते थे। शिक्षा के क्षेत्र में काफी योगदान रहा, मैट्रिक परीक्षा से अंग्रेजी की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया जिसे आम जनमानस को बहुत लाभ हुआ। इनकी सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब आम जनमानस के लिए कर्पूरी फार्मूला लागू होगा। पुण्यतिथि




कार्यक्रम में जेडीयू के अशोक सिन्हा, नरेश ठाकुर जिला अध्यक्ष भारतीय नाई समाज, कार्यकारी अध्यक्ष सीताराम ठाकुर, केश कला बोर्ड के जिला अध्यक्ष मुना ठाकुर, जेडीयू के महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी, बालेश्वर ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर सहित कई समाज और कर्पूरी प्रेमी शामिल रहे।

# जनसमर्थन की मांग के बीच सुदेश कुमार के पक्ष में सड़कों पर उतरे सांसद-विधायक

**नगर निकाय चुनाव**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग नगर निगम चुनाव को लेकर मंगलवार को भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी सुदेश कुमार के पक्ष में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल और हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सैकड़ों कार्यकताओं के साथ नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क किये। अभियान की शुरूआत बुढ़वा महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई, जहां क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की



कामना की गई। इसके बाद जनसंपर्क का कारवां अंबेडकर नगर, गड़ी खाना, बंशीलाल चौक, बड़ा बाजार, ग्वालटोली, मल्लाह टोली, विष्णु मंदिर गली, सरदार चौक, खिरगांव, हुरहुरु एवं पतरातु तक पहुंचा चौक-चौराहों पर लोगों की टोलियां पहले से स्वागत के लिए मौजूद थी फूल-मालाओं, गुलदस्तों और नारों के साथ सांसद, विधायक एवं महापौर प्रत्याशी का भव्य अभिनंदन किया गया। कई स्थानों पर स्थानीय महिलाओं और बुजुर्गों ने पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए समर्थन का आश्वासन दिया। बड़ा बाजार और बंशीलाल चौक जैसे व्यस्त इलाकों में व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों से बाहर निकलकर स्वागत किया, जबकि ग्वालटोली, मल्लाह टोली और खिरगांव में युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। पूरे अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ता अनुशासित तरीके से घर-घर संपर्क करते हुए मतदान के दिन अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील करते नजर आये। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सशक्त नेतृत्व की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता विकास और पारदर्शिता के पक्ष में अपना मत देगी। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि नगर क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना जरूरी है।

## सरकारी योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा : मिताली रश्मि

**हजारीबाग** : हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 22 शिवपुरी के प्रत्याशी मिताली रश्मि ने वार्ड क्षेत्र के लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि राज्य और केंद्र सरकार के द्वारा क्रियान्वयित सभी योजना का लाभ वार्ड क्षेत्र के लोगों तक पहुंचाना मेरा लक्ष्य है आने वाले दिनों में सभी योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मेरा लक्ष्य होगा आगे उन्होंने कहा कि पूरा शिवपुरी मेरा परिवार है और मैं इस परिवार की सेवा एक बहु नहीं बल्कि बेटी बन कर करना चाहती हूं चुनाव के दौरान जनसंपर्क के बारे में पूछे जाने पर मिताली रश्मि ने कहा कि शिवपुरी वार्ड क्षेत्र में जनसमस्याओं का अंबार है जिसको लेकर लोग आये दिन परेशान रहते हैं और शिकायत करते रहते हैं शिवपुरी हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र का सबसे बड़ा वार्ड में से एक है और इस वार्ड की अधिकांश सड़कें और नालियां बदहाली की बाट जोह रहा है बरसात के दिनों में सभी



सड़कों पर नालियों का पानी बहता है सभी गलियों में बिजली के तार की स्थिति बद से बदतर है, साफ सफाई की व्यवस्था भी अनियमित है आगे उन्होंने वार्ड क्षेत्र के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि आगामी 23 फरवरी को होने वाले मतदान में मतपत्र के क्रम संख्या 1 अलमारी छाप पर मोहर लगाकर शिवपुरी के चहुमुखी विकास के लिए मुझे आशीर्वाद दें। उन्होंने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि आप मुझे अपना बहुमूल्य वोट दें आपका हर एक वोट मुझे वार्ड क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए प्रेरित करेगा मैं शिवपुरी वार्ड 22 के विकास के प्रति संकल्पित हूं। आगे उन्होंने कहा कि एम बी ए की डिग्री प्राप्त कर मैने अपने कुशल प्रबंधन के साथ करीब 15 वर्षों तक विभिन्न कंपनियों में सेवा दी हूं लेकिन अब इसी अनुभव को शिवपुरी वार्ड 22 को सजाने संवारने में लगाऊंगी।

# अपने मताधिकार का प्रयोग कर राष्ट्र निर्माण में निभायें सक्रिय भूमिका



नगर निगम चुनाव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिन्दरी में स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान संस्थान के छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व और चुनावी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। अभियान के दौरान छात्रों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से मतदाता शपथ ली। उन्होंने संकल्प लिया कि वे चुनाव के दौरान जाति, धर्म, प्रलोभन और किसी भी प्रकार के दबाव से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे तथा दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक वोट की अहम भूमिका होती है और युवाओं की भागीदारी लोकतंत्र को मजबूत बनाती है। कार्यक्रम में छात्रों को यह संदेश दिया गया कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य भी है। संस्थान प्रशासन ने सभी योग्य मतदाताओं से अपील की कि वे मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. पंकज राय, भृगु नंदन कुमार, प्रकाश चंद्र महतो और जगन्नाथ गोराई सहित कई शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे।

## एक झलक

### रेंडम जांच के बाद 319 किसानों का पीएम कुसुम योजना में चयन

**धनबाद:** प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत सोलर पंप वितरण के लिए प्राप्त आवेदनों की रेंडम जांच के बाद जिले के 319 किसानों का चयन किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने मंगलवार को समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले के विभिन्न प्रखंडों से योजना के लिए कुल 435 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें धनबाद, बलियापुर, बाघमारा, कलियासोल, निरसा, पूर्वी टुंडी, तोपचांची, टुंडी और गोविंदपुर के किसान शामिल हैं। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने पूर्व में 20 प्रतिशत आवेदनों की रेंडम जांच कराने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया था। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद धनबाद के 1, बलियापुर के 6, बाघमारा के 10, कलियासोल के 1, निरसा के 7, पूर्वी टुंडी के 3, तोपचांची के 258, टुंडी के 9 तथा गोविंदपुर के 24 किसानों के आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई। चयनित लाभुकों को योजना के तहत सोलर पंप उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे किसानों को सिंचाई में सुविधा होगी और डीजल व बिजली पर निर्भरता कम होगी। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त सन्नी राज, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी जियाउल अंसारी, जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा सहित विद्युत प्रमंडल एवं लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।


### बीसीसीएल एरिया 1 से 12 के विधायक प्रतिनिधि बने हिमांशु शेखर रवानी

**धनबाद/महूदा:** बाघमारा के विधायक शत्रुघ्न महतो ने भाजपा नेता हिमांशु शेखर रवानी को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के एरिया 01 से 12 का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस संबंध में विधायक द्वारा पत्र संख्या JH/43/2026/111 जारी कर बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं सभी संबंधित महाप्रबंधकों को इसकी जानकारी दे दी गई है। विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि हिमांशु शेखर रवानी एक सक्रिय, कर्मठ और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील युवा हैं। उनके प्रतिनिधि बनने से कोलियरी क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा तथा श्रमिकों और प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सकेगा। साथ ही क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई गई है। उनकी नियुक्ति पर समाजसेवी शंकर रवानी सहित कई सामाजिक और राजनीतिक कार्यकताओं ने विधायक के निर्णय का स्वागत किया है। बधाई देने वालों में दिनेश रवानी, सुभाष रवानी, रंगलाल रवानी, महेश्वर रवानी, अजय दास, राजू ठाकुर, रामचंद्र रवानी, प्रेम किस्कू, मुबारक शाह, महेश मांझी, विजय मोहली, रतन महतो सहित कई लोग शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने विश्वास जताया है कि हिमांशु शेखर रवानी श्रमिकों की आवाज को मजबूती से उठाते हुए क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

### अमावस्या पर झरिया में गूंजा मां काली का जयघोष, विधायक ने की पूजा-अर्चना


**झरिया (धनबाद):** अमावस्या के पावन अवसर पर रागिनी सिंह ने बुधवार को झरिया के पुराना बाजार एवं करकेंद स्थित मां काली मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मां काली के समक्ष माथा टेककर अपने परिवार सहित समस्त कोयलांचल वासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजा के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरा वातावरण भक्ति भाव से सराबोर हो गया। विधायक रागिनी सिंह ने पारंपरिक विधि-विधान से पूजा कर मां काली का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे और सभी ने क्षेत्र की उन्नति, शांति और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की। पूजा-अर्चना के पश्चात विधायक ने मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं से मुलाकात की और उन्हें अमावस्या की शुभकामनाएं दीं।

## मतदाता जागरूकता के लिए प्रचार वाहन रवाना 23 फरवरी को मतदान में भाग लेने की अपील




**धनबाद :** नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने की दिशा में जिला प्रशासन ने अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार को जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी ने धनबाद स्थित जिला मुख्यालय से मतदाता जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करेगा। प्रचार वाहन विशेष रूप से धनबाद नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में जाकर लोगों को आगामी 23 फरवरी को होने वाले मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगा। वाहन के माध्यम से ऑडियो संदेश, पोस्टर और जागरूकता सामग्री के जरिए मतदाताओं को उनके अधिकार और कर्तव्य की जानकारी दी जायेगी। इस मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में हर मतदाता की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। सभी मतदाता अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्र तक पहुंचें और अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में योगदान दें।

## सैरात स्थलों की नहीं हो रही बंदोबस्ती, दर संशोधन की तैयारी तेज



**धनबाद :** नगर निगम क्षेत्र के चार प्रमुख सैरात स्थलों की लगातार बंदोबस्ती नहीं होने के बाद प्रशासन ने दर संशोधन की प्रक्रिया तेज कर दी है। इस संबंध में मंगलवार को आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें राजस्व बढ़ाने और व्यावहारिक दर तय करने पर जोर दिया गया। बैठक में आशीष गंगवार ने बताया कि धनबाद नगर निगम क्षेत्र के 17 सैरात पार्किंग स्थलों में से बरटांड बस स्टैंड, बैंक मोड़ स्थित झरिया टेक्सटाइल मार्केट रोड के दोनों ओर, लिलोरी मंदिर पार्क तथा कतरास बाजार हटिया (बकरी हट्टा) में कई बार विज्ञापन प्रकाशित करने के बावजूद बंदोबस्ती नहीं हो सकी है। इससे निगम को संभावित राजस्व का नुकसान हो रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि संबंधित चारों स्थलों के पिछले वित्तीय वर्षों के रेट का आकलन कर एक तर्कसंगत बेस रेट तैयार किया जाए। इसे विभागीय स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। अनुमति मिलने के बाद संशोधित सैरात दर तय कर पुनः निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रशासन का मानना है कि व्यावहारिक दर निर्धारण से न सिर्फ बंदोबस्ती प्रक्रिया पूरी होगी, बल्कि निगम की आय में भी बढ़ोतरी होगी। बैठक में अनुमंडल दंडाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की प्रेस वार्ता, मेयर प्रत्याशी के पक्ष में मांगा जनसमर्थन




**धनबाद :** आदित्य साहू, भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद ने मंगलवार को बैंक मोड़ स्थित पोद्दार बिल्डिंग में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी की चुनावी रणनीति और वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर अपनी बात रखी। उन्होंने धनबाद नगर निगम चुनाव में भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी संजीव कुमार के पक्ष में मतदान करने की जनता से अपील की। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आदित्य साहू ने कहा कि नगर निगम चुनाव को संपन्न कराने में भाजपा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनाव में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास, पारदर्शिता और सुशासन के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रही है। पार्टी का लक्ष्य धनबाद को एक स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करना है। उन्होंने विश्वास

## 'क्लीन एंड ग्रीन कैपिटल' बनाने का वादा, मेयर प्रत्याशी शमशेर आलम ने जारी किया संकल्प पत्र




**धनबाद :** धनबाद नगर निगम चुनाव को लेकर मेयर प्रत्याशी शमशेर आलम ने मंगलवार को अपना आधिकारिक संकल्प पत्र जारी करते हुए शहर के समग्र विकास और प्रदूषण नियंत्रण को प्राथमिकता देने का दावा किया। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य कोयला राजधानी धनबाद को स्वच्छ, हरित और आधुनिक शहर के रूप में स्थापित करना है। संकल्प पत्र में शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने, सभी प्रमुख सड़कों और गलियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा ड्रेनेज सिस्टम में सुधार करने की बात कही गई है। इसके अलावा पीने के पानी की समस्या दूर करने, सड़कों की मरम्मत युद्ध स्तर पर कराने और हर चौक-चौराहे का सौंदर्याकरण करने का भी वादा किया गया है। व्यापारियों को राहत देने के लिए ट्रेड लाइसेंस नवीनीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने और निगम शुल्कों की समीक्षा का प्रस्ताव रखा गया है। वहीं, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के तहत अधिक वार्डों में स्वास्थ्य केंद्र खोलने, प्रदूषण प्रभावित क्षेत्रों में विशेष श्वसन रोग क्लीनिक और नियमित स्वास्थ्य शिविर लगाने की योजना शामिल है।

## भाजपा का डोर-टू-डोर अभियान तेज, संजीव कुमार के समर्थन में उतरी तारा देवी




**धनबाद/सिन्दरी :** धनबाद नगर निगम चुनाव को लेकर सिंदरी में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी संजीव कुमार के समर्थन में मंगलवार को भाजपा नेत्री तारा देवी के नेतृत्व में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। वार्ड 55 के आरएम फोर कॉलोनी, रांगामाटी, जय माता दी मंदिर, तालतला मंदिर तथा शहरपुरा बाजार क्षेत्र में कार्यकताओं ने घर-घर जाकर लोगों से संपर्क साधा और समर्थन मांगा। तारा देवी ने मतदाताओं से 23 फरवरी को बैलेट क्रमांक 27 पर मिर्ची चुनाव चिन्ह पर मुहर लगाने की अपील की। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के कार्यकाल में ही क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिली है, जबकि पूर्व मेयर विकास कार्यों का श्रेय लेकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावा वार्ड 53 और 54 में भी डोर-टू-डोर अभियान चलाया गया। कांडरा दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए तारा देवी ने कहा कि भाजपा विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है और जनता का समर्थन मिल रहा है। अभियान में शुभम बनर्जी, मनोज मिश्रा, प्रकाश बाउरी, अरविंद पाठक, रामदेव पांडेय, कुमार महतो और विश्वनाथ गोराई सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मेयर प्रत्याशी संजीव सिंह का जनसम्पर्क अभियान तेज, जनसभा में मांगा समर्थन



**सिन्दरी (धनबाद) :** नगर निगम चुनाव को लेकर मेयर प्रत्याशी संजीव सिंह ने सिंदरी के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने वार्ड संख्या 53, 54 और 55 के कांडरा, कांडरा बस्ती, गौशाला और डोमगढ़ क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से मुलाकात की और अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया। जनसंपर्क अभियान के दौरान शहरपुरा स्थित नेहरू मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए संजीव सिंह ने कहा कि यदि जनता उन्हें जीत का आशीर्वाद देती है तो वे सिंदरी के लोगों के अस्तित्व और अधिकार की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि नगर निगम के विकास की रोशनी से सिंदरी को भी जोड़ा जाएगा और क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने अन्य प्रत्याशियों पर निशाना साधते हुए कहा कि कई उम्मीदवार केवल चुनाव के समय दिखाई देते हैं और बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद जनता से दूर हो जाते हैं। उन्होंने स्वयं को ऐसा प्रत्याशी बताया जो वर्ष भर जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहता है। उन्होंने अपने पिता सूर्यदेव सिंह के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा करना ही उनका लक्ष्य है। सभा में चुनाव प्रभारी दीपक कुमार दीपू ने 23 फरवरी को होने वाले मतदान में क्रम संख्या 28 चुनाव चिन्ह पर मुहर लगाकर संजीव सिंह को विजयी बनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान दीपक कुमार दीपू, बीएन सिंह, मणि भूषण सिंह, गौरव वक्ष और अमर सिंह सहित अन्य समर्थकों ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया।

## आजाद नगर-भुली में रवि बुंदेला का सशक्त जनसम्पर्क, विकास के मुद्दों पर जनता से मांगा समर्थन




**धनबाद :** धनबाद नगर निगम चुनाव के मद्देनजर मेयर प्रत्याशी रवि बुंदेला ने मंगलवार को आजाद नगर एवं भुली क्षेत्र में सशक्त जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने घर-घर पहुंचकर स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र में लोगों का उत्साह और समर्थन स्पष्ट रूप से देखने को मिला। अभियान के क्रम में वार्ड पार्षद प्रत्याशी जितेन्द्र कुमार से भी आत्मीय मुलाकात हुई। दोनों नेताओं के बीच क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं जैसे सड़क निर्माण, नाली व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, नियमित साफ-सफाई एवं स्ट्रीट लाइट की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जनहित के मुद्दों पर मिलकर कार्य करने तथा क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा देने का संकल्प लिया गया। मेयर प्रत्याशी रवि बुंदेला ने कहा कि जनता का विश्वास और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चुनाव के बाद क्षेत्र की लंबित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आजाद नगर और भुली की जनता विकास और बदलाव चाहती है तथा नगर निगम में एक जिम्मेदार और सक्रिय नेतृत्व की अपेक्षा कर रही है।

## बच्चा चोर की अफवाह से सावधान रहें, कानून अपने हाथ में न लें: पुलिस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिले में इन दिनों 'बच्चा चोर' की अफवाहों ने लोगों के बीच भय और असमंजस का माहौल बना दिया है। सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर वायरल हो रहे अपुष्ट वीडियो और संदेशों के कारण कई जगहों पर भीड़ द्वारा निर्दोष लोगों के साथ मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस जांच में अधिकांश मामलों में पीड़ित व्यक्ति निर्दोष पाए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वायरल हो रहे कई वीडियो पुराने या अन्य राज्यों के होते हैं, जिन्हें स्थानीय घटना बताकर प्रसारित किया जाता है। इससे लोगों में आक्रोश फैलता है और भीड़ बिना सत्यापन किए कानून अपने हाथ में ले लेती है। अफवाहों के कारण कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जो चिंताजनक स्थिति है। धनबाद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर मारपीट करना दंडनीय अपराध है। यदि किसी व्यक्ति पर संदेह हो तो तुरंत स्थानीय थाना या डायल 112 पर सूचना दें। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच करेगी और आवश्यक कार्रवाई करेगी। पुलिस ने चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने, भड़काऊ पोस्ट साझा करने या भीड़ बनाकर हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में मारपीट, गंभीर चोट, हत्या के प्रयास और आईटी एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हो सकती है। साथ ही पुलिस ने अभिभावकों से बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने, उन्हें अकेले सुनसान स्थानों पर न भेजने और किसी भी अपुष्ट संदेश या वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा नहीं करने की अपील की है।

## चोर की अफवाह पर बाघमारा में उग्र भीड़ का हमला, दो मानसिक रूप से बीमार महिलाएं घायल




**बाघमारा (धनबाद) :** झारखंड में बच्चा चोर की अफवाहों के कारण हिंसा की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामला बाघमारा थाना क्षेत्र का है, जहां मंगलवार को अफवाह के आधार पर उग्र भीड़ ने दो मानसिक रूप से बीमार महिलाओं की जमकर पिटाई कर दी। घटना खानुडीह और हरिणा चौक इलाके में हुई, जिससे इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इलाके में बच्चा चोरी की अफवाह फैलते ही भीड़ इकट्ठा हो गई और दोनों महिलाओं को बच्चा चोर समझकर हमला कर दिया। महिलाएं अपनी सफाई देती रहीं, लेकिन भीड़ ने उनकी एक नहीं सुनी और उनके साथ मारपीट की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत सक्रिय हुई। बाघमारा और बरोरा थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद दोनों महिलाओं को भीड़ के चंगुल से मुक्त कराया। इसके बाद उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया। पुलिस के अनुसार, दोनों महिलाएं मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं और फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदेह की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

## एंटी क्राइम अभियान में 1429 वाहनों की जांच, नियम तोड़ने वालों पर पुलिस सख्त

**धनबाद :** अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से सोमवार को शाम से लेकर रात तक जिलेभर में पुलिस द्वारा व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ सघन जांच की गई।थाना प्रभारी स्वयं सड़कों पर उतरकर अभियान का नेतृत्व करते नजर आये। पुलिस ने प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों, संवेदनशील इलाकों और शहर में प्रवेश करने वाले मार्गों पर विशेष रूप से वाहन जांच की। अभियान के दौरान कुल 1429 वाहनों की जांच की गई। इस दौरान वाहनों के कागजातों की जांच के साथ-साथ संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों का सत्यापन भी किया गया।

## एएमपी कोलियरी कर्मी महाबीर नोनिया का निधन, पुत्र को मिला प्रोविजनल नियोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के बरोरा एरिया वन अंतर्गत एएमपी कोलियरी में कार्यरत बारूद वाहक महाबीर नोनिया (58) का सोमवार की देर रात इलाज के दौरान निधन हो गया। उनका इलाज असर्फी हॉस्पिटल में चल रहा था। वे बरोरा के निवासी थे और अपने पीछे दो पुत्र व तीन पुत्रियां छोड़ गए हैं। परिजनों ने बताया कि 24 जनवरी को ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए धनबाद ले जाया गया, जहां स्थिति में सुधार नहीं हुआ। बाद में उन्हें असर्फी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजन और यूनियन प्रतिनिधि शव को लेकर जीएम कार्यालय पहुंचे और आश्रित को नियोजन देने की मांग को लेकर मुख्य द्वार पर धरना दिया। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी कि नियोजन नहीं मिलने पर उत्पादन ठप कर दिया जायेगा।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं दर्जनों शिकायतें, त्वरित कार्रवाई के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद में आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के झरिया, राजगंज, बलियापुर, कतरास, गोविंदपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। जनता दरबार में सबसे अधिक शिकायतें भूमि विवाद, क्वार्टर संबंधी विवाद, बकाया भुगतान, पेयजल संकट और बिजली आपूर्ति बाधित होने से संबंधित प्राप्त हुईं। कई आवेदकों ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी द्वारा बिना लिखित आदेश के जमीन पर कार्य रोक दिया गया है। वहीं, कुछ नागरिकों ने बिजली मीटर जब्त करने और अनियमित विद्युत आपूर्ति के खिलाफ भी आपत्ति दर्ज कराई। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, बैंक ऋण के ब्याज माफी, म्यूटेशन प्रक्रिया में बाधा, तथा घर की मरम्मत के दौरान पड़ोसी द्वारा हमला किए जाने जैसे गंभीर मामलों से संबंधित आवेदन भी उपायुक्त को सौंपे गए। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की मांग की। उपायुक्त आदित्य रंजन ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत की जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि किसी भी मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## धनबाद में 'कम्फर्ट फैमिली सैलून' का शुभारम्भ




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** सरायढेला स्थित लिबर्टी शोरूम के समीप मंगलवार को 'कंफर्ट फैमिली सैलून' का उद्घाटन मुख्य अतिथि रणविजय सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सैलून धनबादवासियों को लग्जरी ब्यूटी और वेलनेस की आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा, जिससे पूरे परिवार को एक ही स्थान पर बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। सैलून के ऑनर विप्लव सेन ने बताया कि देशभर में 'कंफर्ट' की 10 शाखाएं संचालित हैं और झारखंड में इसकी पहली शाखा धनबाद में शुरू की गई है। उद्घाटन के उपलक्ष्य में ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की गई है, जिसमें 300 रुपये में हेयर कट व शेविंग, महिलाओं की सेवाओं पर 40 प्रतिशत की छूट और सीनियर सिटीजन के लिए विशेष रियायत दी जा रही है। सैलून में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। महिलाओं के लिए अलग निजी सेक्शन बनाया गया है, जिससे वे सुरक्षित और आरामदायक वातावरण में सेवाओं का लाभ ले सकें। ऑनर इंद्रानी सेन ने बताया कि उनकी टीम को इस क्षेत्र में 25 वर्षों का अनुभव है तथा यहां फेस स्कैनर, हेयर स्टाइलिंग, कोरियन हेयर स्पा, ब्राइडल मेकअप, स्किन केयर और नेल्स सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उद्घाटन अवसर पर ब्यूटी विशेषज्ञ वीरेंद्र वर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## चंद्रशेखर अग्रवाल के जनसम्पर्क में उमड़ा जनसैलाब

**धनबाद :** धनबाद नगर निगम चुनाव के तहत मंगलवार को झरिया क्षेत्र में मेयर प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल के जनसंपर्क अभियान और पदयात्रा में भारी जनसमर्थन देखने को मिला। जामाडोबा स्थित अयोध्या नगरी में भोलेनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ अभियान की शुरूआत हुई, जिसके बाद उनका काफिला आलम नगर, शास्त्री नगर, डुमरी-3 नंबर, डुमरी-4 नंबर, गुरुद्वारा साहिब, भौरा स्टेशन, डिगवाडीह बाजार, हुसैन नगर और ऊपर कुली समेत कई इलाकों में पहुंचा। इस दौरान अग्रवाल ने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि धनबाद को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और विकसित शहर बनाना उनकी प्राथमिकता है।


## जेईई मेंस में 98 प्रतिशत अंक लाकर प्रीति कुमारी ने बढ़ाया बाघमारा का मान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**बाघमारा (धनबाद) :** क्षेत्र की प्रतिभाशाली छात्रा प्रीति कुमारी ने जेईई मेंस परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बाघमारा और पूरे इलाके का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से परिवार, शिक्षकों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। प्रीति कुमारी संकल्प एजुकेशन की वर्ष 2019 बैच की छात्रा रही हैं। प्रारंभ से ही मेधावी रही प्रीति का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय बेनागोडिया में हुआ था, जहां से उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की। वर्तमान में वह सेंटर फॉर एक्सीलेंस रांची में एक्स नवोदय फाउंडेशन के तत्वावधान में आईआईटी की तैयारी कर रही हैं। सीमाटांड़ निवासी प्रीति किसान शंभू प्रसाद महतो एवं शिक्षिका अनिता कुमारी की पुत्री हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा उत्क्रमित मध्य विद्यालय धावाचिता, राजगंज से हुई। प्रीति का सपना आईआईटी बॉम्बे से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर देश की सेवा करना है। प्रीति की इस शानदार उपलब्धि पर संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो, प्रबंध निदेशक मनोरमा देवी, जय धरती मां फाउंडेशन के संस्थापक रवि कुमार निषाद, विनोद विचार मंच के संयोजक शंकर किशोर महतो सहित कई शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रीति की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं भी कड़ी मेहनत और समर्पण से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

## जेईई मेंस में 96% अंक लाकर स्वरित सिन्हा ने बढ़ाया कतरास का मान



**बाघमारा (धनबाद) :** कतरास के कतरास बाजार पोस्ट ऑफिस रोड निवासी स्वरित सिन्हा ने जेईई मेंस परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे इलाके में खुशी की लहर है। परिजनों और शुभचिंतकों ने इसे कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम बताया है। स्वरित के पिता राकेश सिन्हा एवं माता अल्पना सिन्हा ने बताया कि शुरू से ही वह पढ़ाई के प्रति गंभीर और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहा है। स्वरित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और गुरुकुल के निदेशक डॉ. रंजीत कुमार को दिया है। उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा डीनोबली स्कूल कोडाडीह से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी और वर्तमान में वहीं से इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहे हैं। स्वरित ने बताया कि उनका लक्ष्य बायोटेक इंजीनियर बनना है। सफलता के बाद बातचीत में स्वरित ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने सिलेबस पर आधारित नियमित अध्ययन और निरंतर अभ्यास को अपनी कामयाबी का मंत्र बताया। ऑनलाइन पढ़ाई को लेकर उन्होंने कहा कि ध्यान भटकाने वाली चीजों से बचना जरूरी है। उन्होंने जूनियर विद्यार्थियों को संदेश दिया कि लक्ष्य प्राप्ति तक मौज-मस्ती पर नियंत्रण रखते हुए अनुशासन और मेहनत के साथ तैयारी करें, सफलता निश्चित रूप से मिलेगी।

## जेईई मेंस में बड्स गार्डन स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**धनबाद :** जेईई मेंस परीक्षा में बड्स गार्डन स्कूल, दलूडीह, राजगंज के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के छात्र देव कुमार ने 99 परसेंटाइल प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं मृदुल कृष्णा ने 98.62 परसेंटाइल, छात्रा श्रेया किशोर ने 98.66 परसेंटाइल तथा सार्थक डे, ने भी शानदार परसेंटाइल हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार तथा चेयरमैन अमर कुमार पाल ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय के शिक्षक मनोज ठाकुर, दया शंकर पांडे, अजय रवानी, सोमेंन सेन, सोमेन डे एवं शिवम भारद्वाज ने भी छात्रों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया। सफल छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय को दिया। विद्यालय परिवार ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वे आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

# मौत का कारण बनते ऑनलाइन गेम

## सम्पादकीय.....

### एआई इम्पैक्ट समिट पर सबकी नजर

**भारत** एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की शुरुआत हो चुकी है। नयी दिल्ली में 16 फरवरी से शुरू हुआ यह समिट 20 फरवरी तक चलेगा। एआई पर यह दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा आयोजन है। इसमें कम से कम 20 देशों के राष्ट्रप्रमुख, 50 से ज्यादा मंत्री और 40 से ज्यादा बड़े सीईओ हिस्सा ले रहे हैं। गूगल के सुन्दर पिचाई, ओपन एआई के सैम ऑल्टमैन, एंथ्रोपिक के डेरियो अमोडी, माइक्रोसॉफ्ट के ब्रैड स्मिथ, एडोब के शांतनु नारायण जैसे तकनीकी क्षेत्र के दिग्गजों के अलावा फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्राजील के राष्ट्रपति लुला दा सिल्वा भी इसमें शामिल हो रहे हैं। इन सभी शख्सियतों की एक साथ एक बैनर के नीचे उपस्थिति यह बता रही है कि दुनिया ने एक बड़े बदलाव की तरफ कदम बढ़ा लिया है। दरअसल, एआई अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस या कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब हर क्षेत्र में दिखाई देने लगी है। विज्ञान, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, व्यापार ; हर जगह अब एआई का सहयोग लिया जा रहा है। दशकों तक भू-राजनैतिक आकलन बंद दरवाजों के पीछे विदेशी राजनयिकों और जांच एजेंसियों के भरोसे होता रहा, क्योंकि सरकारी दस्तावेज और अंदरूनी खबरों तक इन्हीं की पहुंच होती थी। थिंक टैंक्स, रिस्क एनालिस्ट्स या मीडिया के आकलन , सभी राजनयिकों और जांच एजेंसियों के सूत्रों पर निर्भर होते थे। लेकिन, अब एआई ने यह परिदृश्य भी बदल दिया है। अब एआई की मदद से विभिन्न देशों की ओर से लिये जा रहे निर्णयों, सेटेलाइट छवियों, आयात-निर्यात, पूंजी का प्रवाह, मीडिया में चलायी जा रहीं खबरों ; सभी पर निगाह रखने के साथ तुरंत ही उसका विश्लेषण भी किया जा रहा है। परिणामतः, एक देश के हालात का असर दूसरे देश पर पड़ने में पहले जितना वक्त लगता था, अब वह कुछ क्षणों में सिमट चुका है। ऐसे महत्वपूर्ण समय में भारत में इस एआई समिट के होने के बहुत मतलब हैं, क्योंकि दुनिया इसे ग्लोबल साउथ की बढ़ती ताकत की दृष्टि से देख रही है। औपनिवेशिक दासता से मुक्त देश तीसरी दुनिया कहलाते रहे हैं। एआई समिट का भारत में होना तीसरी दुनिया के उन सभी देशों के लिए भी महत्वपूर्ण हो गया है, जिनके डेटा तक वैश्विक शक्तियों की पहुंच है। इन देशों के राजनैतिक-आर्थिक निर्णयों पर वैश्विक शक्तियां इसी डेटा की मदद से प्रभाव डालती हैं। स्पष्टतः, इसमें एआई की मदद ली जाती है। ऐसे में इस समिट के दौरान कुछ बड़े सवाल सामने आ रहे हैं...मसलन, क्या भारत बड़ी वैश्विक शक्तियों के सामने अपने डेटा को सुरक्षित रखने के लिए कोई आवाज उठा सकेगा, क्योंकि राहुल गांधी ने संसद में और बाद में भी एआई के खतरों और सम्भावनाओं ; दोनों को खुल कर सरकार के सामने रखा है। राजनैतिक पूर्वाग्रह से ऊपर उठ कर राहुल गांधी की बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। क्योंकि, अभी भारत को यह देखना है कि हमारा आईटी सेक्टर एआई के इस दौर के लिए कब पूरी तरह तैयार होगा। दरअसल, चैट जीपीटी जैसे बड़े लार्ज लैंग्वेज मॉडल भारत को खुद बनाने चाहिए। छोटे-छोटे सेक्टर ; मसलन...कृषि, स्वास्थ्य व शिक्षा के लिए खास एआई टूल पर फोकस करना चाहिए। एआई को चलाने के लिए बहुत सारे डेटा सेंटर चाहिए, जो बिजली और पानी का बहुत इस्तेमाल करते हैं। इसका पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ेगा? इन सभी बिन्दुओं पर इस समिट में चर्चा होनी चाहिए, तभी इसकी सार्थकता होगी। भारत सरकार ने कहा है कि एआई केवल बड़े देशों का खेल न रहे, बल्कि सभी देशों के लिए लाभप्रद हो। समिट में एआई को लोकतांत्रिक बनाने पर जोर रहना चाहिए। प्रसंगवश, चर्चा आवश्यक है कि इससे पहले 2023 में ब्रिटेन के ब्लेटचली पार्क में एआई सेफ्टी समिट हुआ, जहां 28 देशों ने एआई के खतरों पर ब्लेटचली घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किये थे। 2024 में सियोल में समिट हुआ, जिसमें नवाचार और सभी को शामिल करने पर बात हुई। 2025 को पेरिस के एआई एक्शन समिट में आर्थिक फायदों पर जोर दिया गया था। 2026 में अब यह भारत में हो रहा है, तो उसे लोकतांत्रिक बनाने की बात कहीं जा रही है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि भारत अपना लक्ष्य प्राप्त करने में किस हद तक सफल हो पाता है।

## किसने क्या कहा



एवरेस्ट तक उड़नेवाला हेलीकॉप्टर बनायेगा भारत

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

देश में एआई में दो सालों में आयेगा 200 अरब डॉलर निवेश



अश्विनी वैष्णव
सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

---

विशेष **डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

> इसे इंटरनेट गेमिंग डिसआर्डर के रूप में देखा व समझा जा सकता है। इस तरह की घटनाएं देश-दुनिया में आये दिन हो रही हैं और इनमें से कुछ घटनाएं हमारे सामने आ पाती हैं। ऐसा नहीं है कि ऑनलाइन गेम की गिरफ्त में हमारे देश के बच्चे या युवा आ रहे हैं, अपितु दुनिया के अधिकांश देश इस समस्या से दो-चार हो रहे हैं। इस तरह की घटनाओं को हत्या के रूप में ही देखा जाना चाहिए। आत्महत्या कह कर इसे हल्का किया जा रहा है। हालात यहां तक है कि बच्चे या ऑनलाइन गेम खेलनेवाले रात को सोने की स्थिति में गेम में चल रहे टास्क से सम्बन्धित बातें बोलते हुए देखे जा सकते हैं। पिछले दिनों ऑनलाइन गेम से ग्रसित बच्चे द्वारा नींद में फायर-फायर चिल्लाने का समाचार आम होता देखा गया।

**कोरियन** लवर गेम के चलते गाजियाबाद की तीन बहनों की खुदकुशी ने आज के हालात और बच्चों की बदलती मानसिकता को लेकर झकझोर कर रख दिया है। अभी तीन बहनों की चिता की आग ठंडी भी नहीं हुई है कि ऑनलाइन गेम के चलते मेरठ का 22 वर्षीय युवक मोहम्मद कैफ हेडफोन लगाकर गेम खेलते खेलते ही बेहोश होकर गिर गया और ब्रेन हेमरेज होने से मौत के आगोश में समा गया। इसे इंटरनेट गेमिंग डिसआर्डर के रुप में देखा व समझा जा सकता है। इस तरह की घटनाएं देश-दुनिया में आये दिन हो रही है और इनमें से कुछ ही घटनाएं हमारे सामने आ पाती है। ऐसा नहीं है कि ऑनलाइन गेम की गिरफ्त में हमारे देश के बच्चे या युवा आ रहे हों अपितु दुनिया के अधिकांश देश इस समस्या से दो-चार हो रहे हैं। इस तरह की घटनाओं को हत्या के रुप में ही देखा जाना चाहिए। आत्महत्या कहकर इसे हल्का किया जा रहा है। हालात यहां तक है कि बच्चे या ऑनलाइन गेम खेलने वाले रात को सोने की स्थिति में गेम में चल रहे टास्क से संबंधित बातें बोलते हुए देखे जा सकते हैं। पिछले दिनों ऑनलाइन गेम से ग्रसित बच्चे द्वारा नींद में फायर-फायर चिल्लाने का समाचार आम होता देखा गया। दरअसल, ऑनलाइन गेम मनोस्थिति को इस कदर प्रभावित कर देते हैं कि उठते-बैठते टास्क ही टास्क दिमाग में घूमता रहता है। इसी कारण से दुनिया के कई देशों में बच्चों के लिए इंटरनेट के उपयोग को लेकर सख्ती या रोक जैसे कदम उठाने शुरू किये हैं। आस्ट्रेलिया, फ्रांस, ब्रिट्रेन, सिंगापुर दक्षिण कोरिया आदि देश इस दिशा में सक्रिय हुए हैं। दरअसल, देखा जाएं तो ऑनलाइन गेम की लत अन्य नशों से भी अधिक गंभीर होती जा रही है। माना जाता है कि दुनिया के देशों में 1982 में आनलाइन गेमिंग के चलते पहली मौत का मामला सामने आया था जबकि उस समय तो इंटरनेट की पहुंच एक प्रतिशत तक भी नहीं थी। 2022 के बाद ऑनलाइन गेमों की बाढ़ सी आ गई और भारत ही नहीं दुनिया के देशों में गेमिंग के चलते होने वाले दुष्प्रभावों से हिला कर रख दिया है। देखा जाए तो जहां तक बच्चों में ऑनलाइन गेमिंग के चस्के का प्रमुख कारण माना जाए तो इसे कोविड के साइड इफेक्ट के रुप में देखा जा सकता है। कोविड के चलते बच्चों की जिस तरह से ऑनलाइन कक्षाएं शुरू हुई और जिस तरह से आज भी इसे देखा जा सकता है तो बच्चों के हाथों में एंड्रायड़ फोन आने और ऑनलाइन कक्षाओं के बाद स्क्रिन की अवधि बढ़ने और आकर्षक भ्रमित करने वाले गेमों से बच्चों के जुड़ने से हालात दिन-प्रतिदिन खराब ही हुए हैं। इस लत में बच्चे ही नहीं अपितु युवा भी आते जा रहे हैं। ब्लू व्हेल चैलेंज, पबजी, चोकिंग गेम, फार्टनाइट, फ्री फायर, पपी प्ले टाइम, द बेबी इन येलो, एविल नन, आइसक्रीम आदि गेम ने सर्वाधिक प्रभावित किया है।

ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया मुख्यतौर से दो दिशाओं में चलती है। एक टास्कबेस्ड गेम है तो दूसरे इमर्सिव गेम है। टास्कबेस्ड गेम में लगातार नए नए टास्क दिए जाते हैं। यहां तक कि ऐसा भी गया है कि इस तरह के गेम में कई बार तो खेलने वाले को स्वयं को नुकसान पहुंचाने वाले टास्क दे दिए जाते हैं। वाइल्ड हंट, विचर 3, होरिजोन जैसे इस तरह के अनेक गेम है। यह तो केवल उदाहरण मात्र है। इसी तरह से इमर्सिंग गेमों में तकनीक और ग्राफिक्स के माध्यम से यर्थाथ दुनिया जैसे हालात दिखाते हैं। जीरो डॉन, रेड डेड, फॉलआउट और इसी तरह के अनेक गेम उपलब्ध है। खतरनाक तथ्य यह है कि 10-12 से लेकर 40 वर्ष तक के लोग इनके ज्यादा शिकार हो रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया की बात करें तो यह अपने आप में बड़ा व्यापार है। 2024 में 3.7 बिलियन के कारोबार को माना जा रहा है। साल 2029 तक इसके 9.1 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। यानी 2029 तक लगभग तीन गुणा बढ़ जाएगा। सबसे बड़ी चिंतनीय बात यह है कि ऑनलाइन गेम के कारण भले ही मौत के समाचार कभी कभार ही सामने आते हो पर इससे ज्यादा गंभीरता यह है कि मनोवैज्ञानिक असर अधिक दिखाई देने लगा है। ऑनलाइन गेम के लत वालों में डर, अकेलापन, अनिंद्रा, खुद को नुकसान पहुंचाने के साथ ही शारीरिक और मानसिक विकार आम होते जा रहे हैं। कुंठा, आक्रोश, संवेदनहीनता, तनाव आम होते जा रहे हैं।

समय आ गया है जब ऑनलाइन गेमिंग की समस्या का हल खोजा ही जाना चाहिए। अन्यथा हालात दिन-प्रतिदिन बद से बदतर ही होंगे। ऑनलाइन गेमिंग बनाने वालों को तो एक मात्र उद्देश्य अधिक से अधिक पैसा कमाना है उन्हें इसके दुष्प्रभावों से कोई लेना-देना नहीं होता। हालांकि भारत सहित कुछ देशों की सरकारें सक्रिय हुई है। पर मनोवैज्ञानिकों को भी आगे आकर कोई समाधान खोजना होगा वहीं अभिभावकों, परिजनों व समाज का भी दायित्व हो जाता है। परिजनों को निरंतर निगरानी रखने, मोबाइल देखने की समय सीमा तय करने, किसी और रचनात्मक कार्य में लगाने, सामाजिक गतिविधियों में अधिक सक्रिय करने और परंपरागत आउट डोर गेम्स के प्रति रुचि पैदा करने के ठोस प्रयास करने ही होंगे। सरकार को भी मौत की राह में ले जाने वाले गेम फॉरमेट पर रोक लगाने के सख्त कदम उठाने होंगे।

# किशोरियों में बढ़ता फ्रेंड विद बेनिफिट कल्चर

गौरतलब **कैलाश चन्द्र**

> डॉक्टर ने जब उससे पूछा कि बच्चा किससे हुआ है, तो उसका उत्तर था, 'पता नहीं कई थे।' यह घटना कोई सनसनीखेज अपवाद नहीं, बल्कि हमारे समय की एक गहरी और अनदेखी सामाजिक सच्चाई का संकेत है। उस किशोरी ने स्वीकार किया कि महंगे फोन, रिचार्ज, आउटिंग और कूल लाइफस्टाइल की चाह में वह कई लड़कों के साथ फ्रेंड विद बेनिफिट जैसे सम्बन्धों में रही।

**भारत** के सामाजिक परिदृश्य में एक बेचैन कर देने वाला बदलाव तेजी से उभर रहा है और उसकी सबसे मार्मिक झलक उस घटना में दिखाई देती है जिसमें 15 वर्ष की एक छात्रा गर्भवती पाई गई। डॉक्टर ने जब उससे पूछा कि बच्चा किससे हुआ है, तो उसका उत्तर था, 'पता नहीं कई थे।' यह घटना कोई सनसनीखेज अपवाद नहीं, बल्कि हमारे समय की एक गहरी और अनदेखी सामाजिक सच्चाई का संकेत है। उस किशोरी ने स्वीकार किया कि महंगे फोन, रिचार्ज, आउटिंग और कूल लाइफस्टाइल की चाह में वह कई लड़कों के साथ फ्रेंड विद बेनिफिट जैसे संबंधों में रही। उसके शब्द सिर्फ एक लड़की की व्यक्तिगत त्रासदी न होकर उस परिघटना का रूपक हैं जो भारत के 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग में तेजी से आकार ले रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के 2023 के आंकड़ों के अनुसार नाबालिगों पर होने वाले यौन अपराधों में अधिकांश अपराधी परिचित होते हैं। इनमें मित्र, पड़ोसी, रिश्तेदार, ऑनलाइन साथी और स्कूल-कॉलेज के परिचित शामिल रहते हैं। यह एक असहज सत्य की ओर संकेत करता है कि खतरा किसी बाहरी व्यक्ति से नहीं, बल्कि बच्चों की उसी दुनिया से आता है जिसे हम सुरक्षित मानते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के निष्कर्षों में भी यह संकेत मिलता है कि शहरी भारत में किशोरियों के शारीरिक संबंधों की प्रथम आयु 13 से 15 वर्ष के बीच खिसक रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण एशिया अध्ययन के अनुसार 13 से 17 वर्ष आयु वर्ग की बड़ी संख्या में लड़कियां इंटरनेट आधारित यौन सामग्री देखती हैं और वेब सीरीज तथा सोशल मीडिया के प्रभाव में आकर संबंध बनाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। ये तथ्य बताते हैं कि यह समस्या केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि संरचनात्मक और बहुस्तरीय है। आज का किशोर भौतिक संसार से कम और वर्चुअल संसार से अधिक प्रभावित है। इंस्टाग्राम, रील्स, ओटीटी और डेटिंग एप्स अब मनोरंजन के साधन नहीं रहे, बल्कि किशोर मन की संरचना को प्रभावित करने वाले प्रमुख माध्यम बन चुके हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के अध्ययन बताते हैं कि 13 से 17 वर्ष की आयु में मस्तिष्क का प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स पूरी तरह विकसित नहीं होता। इसी कारण आवेग नियंत्रण कम रहता है और जोखिम लेने की प्रवृत्ति अधिक होती है। जब ऐसे मस्तिष्क पर रोज डिजिटल उत्तेजना की बाढ़ पड़ती है, तो परिणाम सीमाओं के टूटने, नैतिकता के धुंधलाने और जोखिमपूर्ण संबंधों के सामान्यीकरण के रूप में सामने आते हैं।

## आज का इतिहास

- जहांगीर ने सन 1614 को मेवाड़ पर कब्जा किया।
- फ्रांसीसी खोजी ला सेले ने 1695 में टेक्सास में बस्ती बसायी।
- चार्ल्स गोल्डेन के नेतृत्व में ब्रिटिश फौजें 1884 में सुडान पहुंची।
- श्यामजी कृष्णवर्मा ने 1905 में इंडिया होमरूल सोसायटी की स्थापना लंदन में की।
- 1911 में विमान से पहली बार डाक पहुंचाने का काम भारत में हुआ।
- 1915 में प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी ने इंग्लैंड की नाकेबन्दी की।
- नाजी सेना ने 1943 में व्हाइट रोज आन्दोलन के सदस्यों को गिरफ़्तार किया।
- द्वितीय विश्वयुद्ध में 1945 में इवा जिमा के लिए लड़ाई शुरू हुई।
- मुम्बई में 1946 में रॉयल इंडियन नेवी (नौसेना) का विद्रोह हुआ।
- पहले चर्च आफ साइंटोलॉजी की स्थापना 1954 में लॉस एंजिलिस में की गयी।
- गांबिया को 1965 में ब्रिटेन के शासन से स्वतंत्रता मिली।
- भारत ने 1971 में अरवी सैटेलाइट स्टेशन के जरिये ब्रिटेन के साथ पहला उपग्रह सम्पर्क कायम किया।
- अमेरिका ने 1979 में भारत को 1664 करोड़ रुपये का चेक दिया, जो कि दुनिया में सबसे बड़ी रकम का चेक माना जाता है।
- सहारा रेगिस्तान में 1979 में पहली और अब तक के रिकार्ड में अंतिम बार हिमपात की घटना हुई।
- अफगान सरकार ने 1989 में आपात स्थिति की घोषणा की।
- आयरिश रिपब्लिकन आर्मी ने 1991 में विक्टोरिया स्टेशन पर हुए विस्फोट की ज़िम्मेदारी ली, जिसमें अनेक लोग हताहत हुए।
- सी. सुब्रह्मण्यम 1998 में भारत रत्न से सम्मानित।
- बांग्लादेश और भारत के बीच 1999 में बस सेवा पर समझौता।
- एफबीआई एजेंट रॉबर्ट हैनसेन को सोवियत संघ के लिए जासूसी करने के आरोप में 2001 में गिरफ्तार किया गया और दोषी ठहराये जाने के बाद उसे उम्रकैद की सजा सुनायी गयी।

## सुविचार

सत्य से प्यार करें और गलती को क्षमा कर दें
**वाल्टेयर**

सीखने से मस्तिष्क कभी थकता नहीं
**अज्ञात**

## अंकजाल - 8183

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*



**अंकजाल 8182 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## व्यवहार से ही मिल गया सवाल का जवाब

**एक** दार्शनिक समस्याओं के अत्यंत सटीक समाधान बताते थे। एक बार उनके पास एक सेनापति पहुंचा और स्वर्ग-नर्क के विषय में जानकारी चाही। दार्शनिक ने उसका पूर्ण परिचय पूछा तो उसने अपने वीरतापूर्ण कार्यों के बारे में सविस्तार बताया। उसकी बातें सुनकर दार्शनिक ने कहा - शक्ल-सूरत से तो आप सेनापति नहीं, भिखारी लगते हैं। मुझे विश्वास नहीं होता कि आपमें हथियार उठाने की क्षमता भी होगी। दार्शनिक की अपमानजनक बातें सुनकर सेनापति को गुस्सा आ गया। उसने म्यान से तलवार निकाल ली। यह देख दार्शनिक ठहाका लगाते हुए बोले - अच्छा तो आप तलवार भी रखते हैं। यह शायद काठ की होगी। लोहे की होती तो अब तक आपके हाथ से छूटकर गिर गई होती। अब तो सेनापति आपे से बाहर हो गया। उसकी आंखें क्रोध से लाल हो गईं और वह दार्शनिक पर हमला करने को उद्यत हो गया। तभी दार्शनिक ने गंभीर होकर कहा - बस यही नर्क है। क्रोध में उन्मत्ता होकर आपने अपना विवेक खो दिया और मेरी हत्या करने को तत्पर हो गए। दार्शनिक की बात सुनकर सेनापति ने शांत होकर तलवार म्यान में वापस रख ली। तब दार्शनिक ने कहा - विवेक जाग्रत होने पर व्यक्ति को अपनी भूलों का अहसास होने लगता है।

# पारदर्शिता की पहल पर एकरूपता के अभाव में अदालतों तक पहुंचते कर्मचारी

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**हरियाणा** सरकार द्वारा लागू की गई आदर्श ऑनलाइन स्थानांतरण नीति प्रशासनिक सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण और साहसिक कदम है। लंबे समय से सरकारी कर्मचारियों के स्थानांतरण को लेकर मनमानी, सिफारिश, पक्षपात और भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आती रही हैं। इन समस्याओं को समाप्त करने और प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष तथा योग्यता आधारित बनाने के उद्देश्य से ऑनलाइन स्थानांतरण व्यवस्था लागू की गई। इसका मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कर्मचारियों को उनकी वरिष्ठता, सेवा अवधि और विशेष परिस्थितियों के आधार पर न्यायपूर्ण तरीके से कार्यस्थल आवंटित किया जाए तथा किसी भी प्रकार के बाहरी हस्तक्षेप की संभावना समाप्त हो।

यह नीति आधुनिक प्रशासनिक सोच और तकनीकी उपयोग का सकारात्मक उदाहरण है। 50 या उससे अधिक पदों वाले संवर्गों पर लागू इस व्यवस्था में 80 अंकों का योग्यता आधारित मूल्यांकन तंत्र निर्धारित किया गया है। इसमें आयु और कुल सेवा अवधि को प्रमुख आधार बनाया गया है, जिससे वरिष्ठता को उचित महत्व मिल सके। सेवा अवधि को 365 दिनों से विभाजित कर अंक निर्धारित किए जाते हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया वस्तुनिष्ठ और पारदर्शी बनती है। महिला कर्मचारियों को 10 अंक, पति-पत्नी मामलों में 5 अंक तथा गंभीर बीमारी या दिव्यांगता के मामलों में 10 से 20 अतिरिक्त अंक दिए जाते हैं।

पूरी प्रक्रिया मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली से जुड़े ऑनलाइन मंच के माध्यम से संचालित होती है। अधिसूचना जारी होने के बाद संवर्ग सूची सार्वजनिक की जाती है और कर्मचारी एकमुश्त पासवर्ड के माध्यम से सत्यापन कर अपने पसंदीदा कार्यस्थलों का चयन करते हैं। निर्धारित समय में विकल्प प्रस्तुत न करने की स्थिति में कर्मचारी को किसी भी स्थान पर नियुक्त किया जा सकता है। अतिरिक्त पदों पर कार्यरत कर्मचारियों का स्थानांतरण अनिवार्य रूप से किया जाता है तथा आदेश जारी होने के निर्धारित समय के भीतर कार्यभार ग्रहण करना आवश्यक होता है।

नीति लागू होने के बाद कई विभागों में पारदर्शिता बढ़ी है और शिकायतों में कमी भी आई है। ऑनलाइन शिकायत निवारण तंत्र ने कर्मचारियों को अपनी बात रखने का मंच दिया है। इससे यह विश्वास मजबूत हुआ है कि अंकीय प्रणाली के माध्यम से प्रशासनिक सुधार प्रभावी रूप से लागू किए जा सकते हैं। फिर भी, नीति के क्रियान्वयन में एकरूपता का अभाव इसकी सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है। सभी विभागों में समान कार्यकाल, समान समय-सारिणी और समान नियम लागू नहीं हैं। कहीं न्यूनतम कार्यकाल अलग है, कहीं अधिकतम कार्यकाल की सीमा भिन्न है, तो कहीं विशेष परिस्थितियों की परिभाषा बदल जाती है। इससे समान संवर्ग के कर्मचारियों के बीच असमानता उत्पन्न होती है और नीति की मूल भावना प्रभावित होती है।

ऑनलाइन स्थानांतरण अभियान की पहली ही प्रक्रिया में सभी कर्मचारियों की एकमुश्त अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। यदि प्रारंभिक चरण में कुछ कर्मचारी किसी कारणवश बाहर रह जाते हैं, तो उनकी कार्यस्थल वरिष्ठता प्रभावित होती है और भविष्य में विवाद की स्थिति बनती है। इसलिए 'एक बार की अनिवार्य सहभागिता' के माध्यम से सभी कर्मचारियों को समान आधार पर लाना चाहिए।

## राशिफल

**मेष** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। समय ठीक है।

**तुला** जो चल रहा है, उसे सावधानीपूर्वक सम्भालें। मायूस न हों, समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**वृष** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठायें। मित्रों से सावधान रहें, तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। सम्भल कर रहें।

**वृश्चिक** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से सम्बन्धों में मिठास बढ़ेगी।

**मिथुन** पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे।

**धनु** घर तथा व्यवसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है।

**कर्क** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**मकर** भावुकतावश निर्णय न लें। मन में चंचलता बढ़ेगी। कर्ज देने से बचें। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। सचेत रहें।

**सिंह** संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। समय अच्छा चल रहा है।

**कुंभ** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा।

**कन्या** समय नकारात्मक परिणाम देनेवाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़ कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**मीन** आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य सम्पन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी।

# एआई पहुंच का राष्ट्रव्यापी विस्तार : संसाधन, कौशल और तकनीकी क्रांति

(गतांक से आगे)

**उपयोग** के अनुसार भुगतान, तेजी से डिप्लॉयमेंट और मांग के अनुसार संसाधनों की उपलब्धता जैसी विशेषताएं एआई को अपनाने की लागत और तकनीकी बाधाओं को कम करती हैं। नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर पूरे सरकारी तंत्र में ये सेवाएं प्रदान करता है। दिसंबर 2025 तक, हुआ है।

**डेटा गवर्नेंस और कानूनी सहायक : भारत** का डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क खुलेपन और सुरक्षा के बीच संतुलन बनाता है। 'नेशनल डेटा शेयरिंग एंड एक्सेसिबिलिटी पॉलिसी 2012' के तहत 2017 में शुरू किया गया 'गवर्नमेंट ओपन डेटा लाइसेंस इंडिया', नॉन-सेंसिटिव पब्लिक डेटा के दोबारा इस्तेमाल को मुमकिन बनाता है। यह फ्रेमवर्क डेवलपर्स और शोधकर्ताओं को data.gov.in पर प्रकाशित सरकारी डेटासेट का उपयोग करके एआई समाधान बनाने की अनुमति देकर नवाचार को बढ़ावा देता है। साथ ही, डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम 2023 व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा को मजबूत करता है। यह डेटा संभालने वाली सभी संस्थाओं के लिए स्पष्ट अनुपालन नियम निर्धारित करता है, जिससे विश्वास और जवाबदेही बढ़ती है। साथ मिलकर, ये उपाय नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए डेटा तक पहुंच का विस्तार करते हैं, जिससे अक बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक स्थिर वातावरण तैयार होता है।

गौरतलब **पीआईबी रिसर्च**

> 'नेशनल डेटा शेयरिंग एंड एक्सेसिबिलिटी पॉलिसी 2012' के तहत 2017 में शुरू किया गया 'गवर्नमेंट ओपन डेटा लाइसेंस इंडिया', नॉन-सेंसिटिव पब्लिक डेटा के दोबारा इस्तेमाल को मुमकिन बनाता है। यह फ्रेमवर्क डेवलपर्स और शोधकर्ताओं को data.gov.in पर प्रकाशित सरकारी डेटासेट का उपयोग करके एआई समाधान बनाने की अनुमति देकर नवाचार को बढ़ावा देता है। साथ ही, डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम 2023 व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा को मजबूत करता है। यह डेटा सम्भालनेवालीं सभी संस्थाओं के लिए स्पष्ट अनुपालन नियम निर्धारित करता है, जिससे विश्वास और जवाबदेही बढ़ती है।

**शिक्षा, कौशल विकास और एआई साक्षरता : एआई** का डेमोक्रेटाइजेशन तकनीक के साथ-साथ लोगों पर भी उतना ही निर्भर है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि एआई को समझा जाए, जिम्मेदारी से उपयोग किया जाए और वास्तविक समस्याओं को हल करने में लागू किया जाए, एक कुशल और जागरूक कार्यबल का निर्माण आवश्यक है। भारत का दृष्टिकोण स्कूल की शिक्षा से लेकर उन्नत अनुसंधान तक, हर चरण में सीखने के मार्ग बनाने पर केंद्रित है, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि ये अवसर बड़े शहरी केंद्रों से आगे तक पहुंचें।

**उत्कृष्टता केन्द्र : अनुसंधान** आधारित नवाचार को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने स्वास्थ्य सेवा, कृषि और सतत शहरों जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित किए हैं। केंद्रीय बजट 2025 में शिक्षा के लिए चौथे उत्कृष्टता केंद्र की घोषणा की गई थी। ये केंद्र सहयोगी मंचों के रूप में कार्य करते हैं जहाँ शैक्षणिक संस्थान, उद्योग और सरकारी संस्थान स्केलेबल और तैनात करने योग्य एआई समाधान विकसित करने के लिए मिलकर काम करते हैं। इसके अतिरिक्त, युवाओं को उद्योग-प्रासंगिक एआई कौशल से लैस करने और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के निर्माण में सहायता के लिए पांच राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए हैं।

**एआई रेडीनेस के लिए कौशल (एसओएआई) : जुलाई** 2025 में, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने 'स्केलिंग फॉर एआई रेडीनेस' (एसओएआर) लॉन्च किया, जो कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के स्कूली छात्रों और शिक्षकों के लिए एक राष्ट्रीय पहल है। यह कार्यक्रम शिक्षार्थियों को तेजी से बढ़ती डिजिटल दुनिया के लिए तैयार करता है। इसमें छात्रों के लिए तीन लक्षित 15-घंटे के मॉड्यूल और शिक्षकों के लिए 45-घंटे का मॉड्यूल शामिल है, जिसमें नैतिक एआई उपयोग और मशीन लर्निंग जैसी बुनियादी अवधारणाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। **(क्रमशः)**

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

नगरपालिका आम निर्वाचन 2026

विभिन्न कोषांगों के कर्मियों को मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण

# हर स्तर पर सतर्कता बरतना जरूरी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को लातेहार में निर्वाचन कार्य से जुड़े विभिन्न कोषांगों के अधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण डी.आर.डी.बी सभागार में सामान्य प्रेक्षक योगेन्द्र प्रसाद की उपस्थिति में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अनिल मिंज ने मतदान प्रक्रिया से जुड़े सभी अहम पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इसमें मतदान कर्मियों का पारी मिलान, मतदान सामग्री, मतपत्र व मतपेटिका का वितरण, कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करना, नियुक्ति पत्र वितरण और डिस्पैच व्यवस्था जैसे विषय शामिल रहे। इसके साथ ही मतपत्र एवं मतपेटिका कोषांग, सामग्री कोषांग, हेल्प डेस्क और मेडिकल टीम के कर्मियों को उनकी जिम्मेदारियों और सावधानियों से अवगत कराया गया। मतदान के बाद की प्रक्रिया पर भी विशेष ध्यान दिया गया। राजकीय पॉलिटेक्निक, लातेहार में बनाये गये रिसीविंग सेंटर पर प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों को मतपेटियों और निर्वाचन अभिलेखों की प्राप्ति, जांच, अभिलेखीकरण तथा वज्रगृह में सुरक्षित रखे जाने की पूरी प्रक्रिया समझायी गयी। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कर्मी निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करें और तय प्रोटोकॉल के अनुसार ही कार्य करें। अधिकारियों ने कहा कि पारदर्शिता और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और हर स्तर पर सतर्कता बरतना जरूरी है।

## डीसी व एसपी ने बज्रगृह-मतगणना केन्द्र का किया निरीक्षण



**लातेहार** : नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने पॉलिटेक्निक कॉलेज, लातेहार स्थित बज्रगृह सह मतगणना केंद्र का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं एसपी ने स्ट्रांग रूम, मतगणना हॉल, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतगणना के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, विधि-व्यवस्था तथा सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जायें। उपायुक्त ने कॉलेज परिसर में उपलब्ध कमरों, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था सहित मूलभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बज्रगृह सह मतगणना केंद्र का नियमित निरीक्षण किया जाए और किसी भी प्रकार की कमी न रहे। इस मौके पर परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वार्ड 20 में सपना देवी का जनसम्पर्क अभियान तेज, स्वच्छता और विकास को बनाया मुख्य मुद्दा



**मेदिनीनगर** : नगर निगम चुनाव के मद्देनजर वार्ड संख्या 20 की प्रत्याशी सपना देवी ने अपने क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर मतदाताओं से मुलाकात की और वार्ड में साफ-सफाई, स्वच्छता तथा विकास कार्यों को गति देने का संकल्प दोहराया। जनसंपर्क अभियान के दौरान सपना देवी ने कहा कि वार्ड की मूलभूत समस्याओं–जैसे नियमित कचरा उठाव, नालियों की सफाई, पेयजल व्यवस्था और सड़क मरम्मत–को प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि उन्हें अवसर मिलता है तो वार्ड को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आदर्श बनाने की दिशा में ठोस पहल की जायेगी। वार्ड वासियों ने उनके सामाजिक जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि वह किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। उनका जन्म और पालन-पोषण इसी क्षेत्र में हुआ है और विवाह के बाद भी वह इसी वार्ड की बहू हैं। स्थानीय नागरिकों से बातचीत के दौरान कई लोगों ने भी इस बात को दोहराया कि सपना देवी क्षेत्र की बेटी और बहू होने के कारण वार्ड की समस्याओं और आवश्यकताओं को भली-भांति समझती हैं।

## नगर पंचायत अध्यक्ष चुनाव में बिलासी टोपनो को मिला आम आदमी पार्टी का समर्थन



**लातेहार** : नगर पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) द्वारा संयुक्त रूप से समर्थित प्रत्याशी बिलासी टोपनो को अब आम आदमी पार्टी का भी समर्थन मिल गया है। इस समर्थन के साथ ही चुनावी समीकरण और मजबूत होते नजर आ रहे हैं। समर्थन की औपचारिक घोषणा लातेहार में आयोजित एक बैठक के दौरान की गई। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह प्रभारी निकाय चुनाव नरेन्द्र चौबे ने कहा कि बिलासी टोपनो एक जमीनी नेता हैं और नगर पंचायत क्षेत्र के विकास, पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ और साफ-सुथरी राजनीति के लिए जानी जाती है, और इसी सोच के साथ पार्टी ने बिलासी टोपनो को समर्थन देने का फैसला लिया है। बैठक में आम आदमी पार्टी लातेहार के जिला प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय, बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, झामुमो के प्रवक्ता सुशील कुमार यादव, बासुदेव यादव और सौरभ श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

## एक झलक

### गारू में भाजपा नेता संतोष यादव बने सांसद प्रतिनिधि

**गारू (लातेहार)** : गारू प्रखंड के सक्रिय भाजपा नेता को चतरा के सांसद ने मनरेगा एवं वन विभाग का अपना प्रतिनिधि नामित किया है। इस मनोनयन से गारू क्षेत्र में विकास योजनाओं की निगरानी और विभागीय समन्वय को मजबूती मिलने की उम्मीद जतायी जा रही है। प्रतिनिधि बनाये जाने के बाद संतोष यादव ने कहा कि गारू प्रखंड में मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि मजदूरी भुगतान में देरी, फर्जी मस्टर रोल, अधूरी योजनाएं और गुणवत्ता से जुड़ी शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। ऐसे मामलों की नियमित निगरानी कर सम्बन्धित अधिकारियों तक तथ्यात्मक जानकारी पहुंचायी जायेगी, ताकि समय पर सुधार हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीणों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिले, इसके लिए पंचायत स्तर पर संवाद बढ़ाया जायेगा। जरूरतमंद परिवारों की समस्याएं सीधे सांसद स्तर तक पहुंचायी जायेंगी, जिससे समाधान की प्रक्रिया तेज हो सके। वन विभाग से जुड़े मामलों पर भी संतोष यादव की नजर रहेगी। उन्होंने बताया कि वन पट्टा, लम्बित आवेदनों, आवागमन की दिक्कतों और स्थानीय स्तर की अन्य समस्याओं को एकत्र कर सम्बन्धित विभागों और सांसद कार्यालय तक पहुंचाया जायेगा।

### पांकी में फूड विभाग का छापा, कई दुकानों की जांच

**पलामू** : पांकी बाजार क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान कई मिठाई, नाश्ता और फास्ट फूड दुकानों की जांच की गयी। टीम ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, साफ–सफाई की स्थिति और लाइसेंस से सम्बन्धित दस्तावेजों की जांच की। अभियान के दौरान कुछ दुकानों में अनियमितताएं पायी गयीं, जिस पर सम्बन्धित दुकानदारों को नोटिस जारी करते हुए सुधार का निर्देश दिया गया। कुछ स्थानों से खाद्य सामग्री के नमूने भी जांच के लिए संग्रहित किये गये हैं फूड विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मिलावट और दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने दुकानदारों को साफ–सफाई बनाए रखने और निर्धारित मानकों का पालन करने की सख्त हिदायत दी।

### सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान जारी

**गुमला** : गुमला जिला प्रशासन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के प्रमुख चौक–चौराहों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लगातार माइकिंग कर आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पटेल चौक, थाना चौक, उर्मी चौक, समाहरणालय चौक एवं टावर चौक सहित अन्य व्यस्त स्थानों पर माइक लगवा कर सड़क सुरक्षा सम्बन्धी संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। राहगीरों और वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## उकरू बरवाडीह में श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ की शुरुआत, निकली भव्य कलश यात्रा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : पांकी प्रखंड अंतर्गत ढुब पंचायत के उकरू बरवाडीह गांव में श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का शुभारम्भ मंगलवार दोपहर भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। धार्मिक माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी बबन सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह, उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, ढुब मुखिया इंदु देवी एवं जिला परिषद प्रतिनिधि मुकेश सिंह चंदेल समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। अतिथियों के आगमन पर यज्ञ समिति के सदस्यों ने फूलमाला एवं चुनरी देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद कलश यात्रा यज्ञ मंडप से प्रारंभ हुई। श्रद्धालुओं ने पवित्र कलश लेकर यज्ञ स्थल की परिक्रमा की। बैंड-बाजे और रथ के साथ नगर भ्रमण करते हुए श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में दर्शन करते हुए स्थानीय नदी पहुंचे। वहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में पवित्र जल भरा गया। हर-हर महादेव के जयघोष के साथ सभी श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि बबन सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से वातावरण शुद्ध होता है और लोगों में भक्ति एवं आस्था का संचार होता है।

रायडीह प्रखंड में विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण

## कार्य गुणवत्ता व समयबद्ध पूर्णता पर जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : गुमला जिले में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रशासन सक्रिय है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर मंगलवार को निदेशक, डीआरडीए विद्या भूषण ने रायडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत नवागढ़ का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया गया। पंचायत क्षेत्र में कूप निर्माण योजना, आम बागवानी, पशु शेड तथा अबुआ आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों का अवलोकन किया गया। बिरसा सिंचाई संवर्धन कूप योजना के अंतर्गत रामबिलास सिंह के कूप, आम बागवानी एवं नाडेप संरचना का निरीक्षण किया गया। कूप निर्माण कार्य पूर्ण पाया गया तथा मुंडेर का निर्माण संतोषजनक रहा। योजना स्थल पर नाडेप संरचना तैयार थी और एक एकड़ भूमि में 112 आम के पौधे लगाए गए थे। योजना बोर्ड भी स्थल पर स्थापित पाया गया। पशु शेड योजना के तहत बाणेश्वर सिंह के पशु शेड का निरीक्षण किया गया, जहां पशुओं का रख-रखाव किया जा रहा था। आम बागवानी क्षेत्र में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिये गये। ग्रामीण आवास (अबुआ आवास) के तहत निर्माणाधीन मकानों का निरीक्षण कर लाभुकों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। जिन आवासों की ढलाई पूरी हो चुकी है, उनमें प्लास्टर और दरवाजा-खिड़की लगाने का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड कार्यालय और अंचल कार्यालय रायडीह का भी अवलोकन किया गया।

## आरटीई अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में 25% आरक्षित सीटों पर नामांकन के लिए अपील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : गुमला जिले में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(सी) के अंतर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटें पड़ोस के अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित की गयी हैं।

**शैक्षणिक सत्र के लिए जिले के निम्नलिखित विद्यालयों में लिया जाना है नामांकन**

- सरस्वती विद्या मंदिर, गुमला
- सरस्वती शिशु मंदिर, गुमला
- सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भरनो
- डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, गुमला
- संत मेरी स्कूल, कुदा, कामडारा
- चंचल सिग्नेस स्कूल, अरमई
- सरस्वती शिशु मंदिर, भलमंदा
- सोलिटियर एजुकेशनल अकादमी, मकरा
- उर्सुलाईन इंग्लिश मीडियम स्कूल, कोनबीर नवाटोली, बसिया
- उर्सुलाईन इंग्लिश मीडियम स्कूल, टोंगों, चैनपुर
- माउंट फोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कोनबीर नवाटोली, बसिया
- किशोर मोहन लाल साहू सरस्वती शिशु मंदिर, कयम्बा, पालकोट
- रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्यालय, कुदरा, सिसई
- कार्तिक उरांव आदिवासी बाल विद्यालय, निजमा बधराईटोली
- संत अन्ना मध्य विद्यालय, दाउदनगर पुग्गु
- नोट्रेडेम स्कूल, गुमला
- जटया मध्य विद्यालय, बुरहू
- संत जेवियर्स स्कूल, गुमला
- विकास चिल्ड्रेन एकेडमी, विशुनपुर।

## सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई

भरनो में सघन जांच अभियान में 62 हजार रुपये वसूला जुर्माना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से गुमला जिला परिवहन विभाग ने मंगलवार को सख्त कार्रवाई की। जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के निर्देश पर भरनो थाना क्षेत्र में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह एवं प्रदीप कुमार तिर्की ने किया। जांच टीम ने भरनो थाना के समीप चेकनाका लगाकर आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की। औचक निरीक्षण से नियम तोड़ने वाले चालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान कुल 62,000 (बासठ हजार) रुपये का जुमार्ना वसूला गया।

**इन उल्लंघनों पर रही विशेष सख्ती**

- **अभियान** का उद्देश्य केवल जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों पर रोक लगाना था।
- जांच के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों और एक बाइक पर तीन सवारी (ट्रिपल राइडिंग) करनेवालों पर कार्रवाई की गयी।
- टेम्पो और पिकअप वैन में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी या सामान लादनेवाले चालकों पर जुर्माना लगाया गया।
- वाहन चालकों को भविष्य में यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी दी गयी।

**विभाग का संदेश** : जिला परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा को लेकर यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा वाहन के सभी आवश्यक कागजात अद्यतन रखें, ताकि दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

## शहीद जवानों को श्रद्धांजलि व परिजनों का सम्मान

**मेदिनीनगर** : जिला पुलिस द्वारा शहीद जवानों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सदर थाना परिसर में झारखंड जगुआर के शहीद आरक्षी संख्या 1591 ओम प्रकाश प्रसाद को सदर सीडीपीओ, थाना प्रभारी सदर सहित थाना के सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहीद के पुत्र रोहित कुमार को शॉल एवं भेंट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, शहीद आरक्षी संख्या 1128 अशोक कुमार की पत्नी ममता देवी एवं शहीद आरक्षी मोहन कुमार नीरज की पत्नी संगीता देवी को सदर सीडीपीओ, शहर थाना प्रभारी, टीओपी-2 एवं टीओपी-3 प्रभारी द्वारा उनके आवास पर जाकर शॉल एवं भेंट देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शहीद आरक्षी संख्या 1217 कुन्दन कुमार सिंह के पिता को उनके आवास पर जाकर हुसैनाबाद थाना के पुलिस पदाधिकारियों द्वारा शॉल एवं भेंट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि मेला सह फल-फूल-सब्जी प्रदर्शनी का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले में किसानों को नयी तकनीक, बेहतर उत्पादन और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय दो दिवसीय कृषि मेला-सह-फल, फूल एवं सब्जी प्रदर्शनी तथा जिला स्तरीय पशु मेला का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस अवसर पर उपायुक्त ने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने, फसल विविधीकरण करने और सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे मेलों से किसानों को नयी जानकारी, बाजार से जुड़ाव और उत्पादन बढ़ाने के अवसर मिलते हैं। मेले में कृषि वैज्ञानिकों ने उन्नत खेती, कीट प्रबंधन, जैविक खेती और बागवानी से जुड़ी तकनीकों की जानकारी दी। जिला कृषि पदाधिकारी नेहा निश्चल ने विभागीय योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। पशुपालन, गव्य विकास, मत्स्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने भी अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी दी। कृषि, उद्यान, पशुपालन एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा कुल 25 स्टॉल लगाये गये हैं। विभिन्न प्रखंडों के किसानों द्वारा गेहूं, चना, मसूर, तीसी, पपीता, अमरूद, केला, नींबू, सकरकंद, टमाटर, आलू, कटहल, कोहड़ा, ओल, गोभी, बैंगन सहित विभिन्न फूलों और सब्जियों की आकर्षक प्रदर्शनी लगायी गयी, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में किसान और आम लोग पहुंचे। उद्यान विकास योजना के तहत संरक्षित फूलों की खेती के लिए तीन लाभुकों तथा कीट-रहित सब्जी उत्पादन के लिए तीन लाभुकों को सहायता प्रदान की गयी।

## मालगाड़ी की चपेट में आया हाथी का बच्चा, झुंड ने घंटों रोका रेल परिचालन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार (लातेहार)** : जिले के निंद्रा और महुआ मिलान रेलवे स्टेशन के बीच कुत्रीटोला के पास सोमवार की रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। जंगल से निकलकर रेलवे लाइन पार कर रहे हाथियों के झुंड के साथ यह हादसा हुआ, जब एक मालगाड़ी की चपेट में आने से हाथी का एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद हाथियों का झुंड आक्रोशित हो गया और रेलवे ट्रैक पर ही डटा रहा। इस वजह से बरकाकाना-बरवाडीह रेल खंड पर ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गयी। कई घंटों तक रेल परिचालन बाधित रहा और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही रेलवे और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। हाथियों को ट्रैक से हटाने की कोशिश शुरू हुई, लेकिन झुंड काफी उग्र था, जिससे स्थिति संभालना आसान नहीं रहा। काफी मशक्कत के बाद रात करीब 12 बजे अपलाइन को खाली कराया जा सका और रात 1 बजे ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ।

गुमला बाजार में खाद्य सुरक्षा विभाग की सघन जांच

## मांस-मछली विक्रेताओं को सख्त निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन और आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुमला में आज सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में मुख्य बाजार क्षेत्र की जांच की गई। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा विनियम 2011 के प्रावधानों के अनुरूप की गयी। निरीक्षण के दौरान मीट, मांस एवं मछली विक्रेताओं की दुकानों की विशेष जांच की गयी। दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने, स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने और कचरा निष्पादन की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। साथ ही खाद्य सामग्री को ढककर रखने और बिक्री स्थल को स्वच्छ रखने की सख्त हिदायत दी गयी। इसके बाद विभिन्न होटलों एवं ठेला-खोमचा संचालकों का भी निरीक्षण किया गया। सभी प्रतिष्ठानों को वैध एफएसएसएआई लाइसेंस प्रदर्शित करने, अखाद्य रंग और मिस-ब्रांडेड सामग्री का प्रयोग नहीं करने तथा गुणवत्ता मानकों का पालन करने को कहा गया। बाजार क्षेत्र के किराना दुकानदारों को खुली खाद्य सामग्री की बिक्री में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिये गये। खासकर हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर और अन्य मसालों को बिना पैकिंग और लेबल के बेचने पर रोक लगाने को कहा गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि खुली और बिना लेबल वाली सामग्री में मिलावट की आशंका अधिक रहती है, जिससे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

## 02 मार्च को आठवीं बोर्ड की होगी परीक्षा गुमला में रोज भेजे जा रहे महत्वपूर्ण प्रश्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : आगामी 02 मार्च 2026 को आयोजित होनेवाली कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा को लेकर गुमला जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के नेतृत्व में विद्यार्थियों की बेहतर तैयारी के लिए विशेष पहल शुरू की गयी है। जिला स्तर पर शिक्षकों की कोर टीम द्वारा प्रतिदिन महत्वपूर्ण एवं संभावित प्रश्न तैयार कराए जा रहे हैं। इन प्रश्नों को प्रखंड और संकुल के माध्यम से सभी विद्यालयों तक भेजा जा रहा है। विद्यालयों में विद्यार्थियों से डमी ओएमआर शीट पर अभ्यास कराया जा रहा है, ताकि उन्हें वास्तविक परीक्षा जैसा अनुभव मिल सके और उत्तर भरने की सावधानियों की जानकारी हो। प्रतिदिन लघु टेस्ट लेकर उसका तत्काल मूल्यांकन भी किया जा रहा है। इससे विद्यार्थियों की त्रुटियों की पहचान तुरंत हो रही है और समय रहते सुधार संभव हो पा रहा है। कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं भी संचालित की जा रही हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ सके। जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने बताया कि सकारात्मक शैक्षणिक माहौल बनाए रखने के लिए जिला स्तर से नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

गारू में हुनर से बदली तकदीर

## 100 महिलाओं-युवतियों को मिला स्वरोजगार का साधन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गारू (लातेहार)** : गारू पूर्वी रेंज में जल-जंगल-जीव-जीविका-जीवन कार्यक्रम के तहत चल रही 'हुनर से रोजगार' पहल का समापन समारोह उत्साह और उम्मीद के माहौल में सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मनिका विधायक और विशिष्ट अतिथि के रूप में (साउथ) के डिप्टी डायरेक्टर मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए 60 महिलाओं को सिलाई मशीन और 40 युवतियों को ब्यूटीशियन किट सौंपी गयी। ग्रामीण महिलाओं के चेहरों पर खुशी साफ दिख रही थी–क्योंकि यह केवल उपकरण नहीं, बल्कि नये जीवन की शुरुआत थी।

**'वन जीव दीदी' से बदलेगी तस्वीर**

**अपने** सम्बोधन में डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष ने कहा कि गारू जैसे दूरदराज इलाकों में शिक्षा की कमी बड़ी चुनौती है। जब तक वैकल्पिक आजीविका और शिक्षा नहीं मिलेगी, लोग वनों पर निर्भर रहेंगे। इसी सोच के तहत हर गांव से 18 शिक्षित महिलाओं को 'वन जीव दीदी' के रूप में चुना गया है। ये महिलाएं 3000 रुपये मानदेय पर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देंगी और वन व वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगी।

**नुक्कड़ नाटक ने छू लिया दिल**

**समारोह** में महिलाओं द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने सबका ध्यान खींचा। सरल शब्दों और प्रभावशाली अभिनय के जरिए संदेश दिया गया–जंगल बचेगा, तभी जीवन बचेगा। नाटक में यह भी बताया गया कि वैकल्पिक रोजगार अपनाकर पर्यावरण और रोजगार दोनों को साथ-साथ बचाया जा सकता है।

**विधायक ने गिनायीं उपलब्धियां**

**विधायक** रामचंद्र सिंह ने कहा कि पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में सकारात्मक बदलाव आए हैं। उन्होंने कुमार आशीष के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में शिकारियों से अवैध हथियारों का सरेंडर कराना एक बड़ी उपलब्धि रही है, जिसकी चर्चा पूरे झारखंड में हुई। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास और रोजगार सृजन के लिए हरसंभव सहयोग मिलता रहेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, गारू पूर्वी रेंजर उमेश कुमार दुबे, बारेसांढ़ रेंजर तरुण कुमार सिंह, संसद प्रतिनिधि मंगल उरांव, सुरेश यादव, पवन कश्यप, सीता देवी समेत कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में विभाग प्रमुख की बैठक में आचार्यों को मिला मार्गदर्शन



**लातेहार** : सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ, लातेहार में मंगलवार को पलामू विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने अपने प्रवास के दूसरे दिन विद्यालय के सभी आचार्यों के साथ बैठक की। बैठक दो सत्रों में आयोजित की गयी। प्रथम सत्र में विभाग निरीक्षक द्वारा आचार्य भारती से सम्बन्धित दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान विभाग प्रमुख ने कहा कि यदि कार्य योजनाबद्ध और उद्देश्यपूर्ण तरीके से किया जाये, तो अपेक्षित सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने आचार्यों से आह्वान किया कि आचार्य भारती से जुड़े सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूरे किए जाएं, ताकि उसका सीधा लाभ विद्यालय, आचार्य और छात्रों तक पहुंच सके। साथ ही उन्होंने कार्यों में पारदर्शिता, नियमित समीक्षा और आपसी समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया। द्वितीय सत्र में शैक्षिक विषयों को लेकर गहन चर्चा हुई। विभाग प्रमुख ने शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई सुधारात्मक सुझाव दिये। उन्होंने कक्षा प्रबंधन, विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता, मूल्यांकन पद्धति और आचार्यों की भूमिका पर अपने विचार साझा किये। साथ ही बदलते समय के अनुरूप शिक्षण में नवाचार अपनाने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

नगर पंचायत चुनाव

# वार्ड 07 में सफाई और जलजमाव बना सबसे बड़ा मुद्दा



**वार्ड 07 में मतदाताओं की स्थिति**

बूथ संख्या 1
- पुरुष : 408, महिलाएं : 427

बूथ संख्या 2
- पुरुष : 424, महिलाएं : 241
- कुल मतदाता : 1700

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : 23 फरवरी को नगर पंचायत चुनाव के तहत लातेहार नगर पंचायत के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान से पहले वार्ड संख्या सात में चुनावी सरगर्मी तेज है। प्रत्याशी घर-घर पहुंचकर वोट मांग रहे हैं और मतदाता अपनी समस्याएं खुलकर सामने रख रहे हैं। फ्रीडम फाइटर की टीम ने जब वार्ड सात का दौरा किया, तो यहां नाली, गली की सफाई और जलजमाव सबसे बड़ा मुद्दा बनकर उभरा। वार्ड के निवासी मंटू राम, रानी देवी, राहुल कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि बरसात के दिनों में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पूरे इलाके में पानी जमा हो जाता है। सकेंद्र पासवान के घर से रामजी राम के घर तक हमेशा जलजमाव की स्थिति बनी रहती है, जिससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी होती है। स्थानीय लोगों का साफ कहना है कि जो प्रत्याशी गुदमुआ ढोडा पर छलका (नाला) का निर्माण कराएगा, उसी को उनका समर्थन मिलेगा।

**प्रत्याशियों ने क्या कहा**

**निवर्तमान** वार्ड पार्षद बेबी देवी ने कहा कि उनके कार्यकाल में वार्ड में कई विकास कार्य हुए। गलियों में सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट, नालियों का निर्माण कराया गया। कुछ काम अधूरे रह गए हैं, जिन्हें दोबारा जनता का आशीर्वाद मिला तो पूरा किया जाएगा। उनकी प्राथमिकता सकेंद्र पासवान के घर के पास छलका का निर्माण कराना है। मनोज कुमार दास का कहना है कि वे ईमानदारी से काम करेंगे। नालियों का निर्माण और रोजाना सफाई उनकी पहली प्राथमिकता होगी। वे वार्ड सात को नगर पंचायत का एक आदर्श वार्ड बनाना चाहते हैं।

योगेश्वर राम ने कहा कि अगर जनता उन्हें चुनती है तो लोगों को काम के लिए उनके पास नहीं आना पड़ेगा, बल्कि वे खुद जनता के पास जाएंगे। वार्ड की समस्याओं के समाधान के लिए वे 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे।

भुनेश्वर राम ने स्पष्ट कहा कि वार्ड पार्षद के पास सीमित संसाधन होते हैं, इसलिए वे बड़े वादे नहीं करेंगे। उनका उद्देश्य केवल समाज सेवा करना है।

## चतरा शहर के सभी वार्डों में बहेगी विकास की बयार, पेयजल की समस्या होगी दूर



**चतरा** : नगर निकाय चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अमन कुमार ने शहर के इभा पैलेस में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर अपना घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान उन्होंने नगर के सर्वांगीण विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और जनता को बेहतर सुविधाएं देने का वादा किया। अमन कुमार ने कहा कि यदि जनता उन्हें मौका देती है तो उनकी पहली प्राथमिकता शहरवासियों को राहत देने की होगी। उन्होंने घोषणा की कि बोर्ड की पहली बैठक में ही होल्डिंग टैक्स कम करने का प्रस्ताव लाया जाएगा साथ ही जिन घरों तक अबतक पानी नहीं पहुंच पाया है, उनका बकाया जल शुल्क माफ कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर की बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक पोल एक बल्ब योजना के तहत हर बिजली खंभे पर एलईडी लाइट लगाई जाएगी, ताकि शहर रोशन और सुरक्षित बन सके। इसके अलावा पानी की समस्या से निपटने के लिए 22 वार्डों में 22 टैंकर योजना लागू की जाएगी, जिससे जरूरतमंद क्षेत्रों में तुरंत पानी पहुंचाया जा सके। उन्होंने साफ-सफाई को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि शहर में 365 दिन नियमित सफाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं पुराने होल्डिंग टैक्स रसीद के आधार पर पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की बात भी कही। उन्होंने स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार रुपये तक का त्वरित लोन न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध कराने और तीन साल से सक्रिय महिला समूहों को बोनस देने की घोषणा की। साथ ही शहर के संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां उउळछ कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि कानून व्यवस्था मजबूत हो सके। अंत में उन्होंने कहा कि जनता से सीधा संवाद उनकी प्राथमिकता होगी और इसके लिए प्रत्येक दिन जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## एक झलक

### डीवीसी केटीपीएस में महाशिवरात्रि पूजा का आयोजन

**कोडरमा** : महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर डीवीसी केटीपीएस में भगवान शिव की भव्य बारात में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विश्वकर्मा म्यूजिकल ग्रुप, हजारीबाग द्वारा एक भक्ति-मय जागरण का भी आयोजन किया गया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। पूजा समिति के सक्रिय सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें नवल किशोर, बिरेंद्र कुमार, आलोक पटेल, राजेश राम, बाबलू राजभर, दिनेश कुमार सिंह तथा मेवालाल का विशेष योगदान रहा।

### अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय

**पूर्वी सिंहभूम** : होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे ने टाटानगर और कटिहार के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन टाटानगर-कटिहार-टाटानगर होली स्पेशल के रूप में कुल पांच-पांच फेरे लगायेगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षित यात्रा को ध्यान में रखते हुए इस स्पेशल ट्रेन के संचालन की मंगलवार को अधिसूचना जारी की है। ट्रेन संख्या 08181 टाटानगर-कटिहार होली स्पेशल 02 मार्च 2026 से 30 मार्च 2026 तक प्रत्येक सोमवार को टाटानगर से दोपहर 13:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 07:30 बजे कटिहार पहुंचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 08182 कटिहार-टाटानगर होली स्पेशल 03 मार्च 2026 से 31 मार्च 2026 तक प्रत्येक मंगलवार को कटिहार से सुबह 10:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 04:30 बजे टाटानगर पहुंचेगी।

## शिव पहाड़ी गुफा में दो दिवसीय महाशिवरात्रि मेला सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर (गढ़वा)** : प्रखंड क्षेत्र के पंडरिया पंचायत अंतर्गत सरैया गुड़गांवा स्थित प्रसिद्ध शिव पहाड़ी गुफा में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित दो दिवसीय मेले का समापन सोमवार की रात भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम के साथ हुआ। इस आयोजन ने धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का अद्भुत संगम प्रस्तुत करते हुए श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गढ़वा जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, सदस्य रजनी शर्मा, पंडरिया मुखिया प्रतिनिधि अनिल चौबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष भानु गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव, समाजसेवी विजय महतो एवं वरुण विहारी यादव द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने अपने संबोधन में कहा कि शिव पहाड़ी गुफा को राज्य सरकार द्वारा पर्यटन स्थल का दर्जा दिया गया है, जिससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय विकास की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। भक्ति जागरण कार्यक्रम में सुर संग्राम विजेता मंटू निराला, सुप्रसिद्ध गायिका खुशबू शर्मा, कलाकार सूरज तहलका तथा कुमार सुदीप ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने जहां एक ओर भक्ति गीतों की मधुर धुनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया, वहीं होली गीतों की प्रस्तुति से पूरे परिसर को रंगारंग कर दिया। इसके अलावा नृत्यांगनाओं के मनमोहक नृत्य ने दर्शकों को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरी रात तालियों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। यह आयोजन न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक बना, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का भी शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया।

## टाटा जू में अफ्रीकी शेरों का नया जोड़ा पहुंचा, संरक्षण प्रयासों को मिलेगी मजबूती

**पूर्वी सिंहभूम** : शहर के टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में वन्यजीव प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। पार्क में अफ्रीकी शेरों का एक नया जोड़ा शामिल किया गया है। नर शेर मनोहर और मादा शेरनी श्रीदेवी को हैदराबाद स्थित नेहरू जूलॉजिकल पार्क से स्वीकृत पशु विनिमय कार्यक्रम के तहत लाया गया है। इस आदान-प्रदान के तहत जमशेदपुर से दो नर मैंड्रिल बंदरों को हैदराबाद भेजा गया है। करीब नौ वर्ष आयु के मनोहर और श्रीदेवी प्रजनन के लिए उपयुक्त अवस्था में हैं। पार्क प्रबंधन को उम्मीद है कि आने वाले समय में यह जोड़ा सफल प्रजनन करेगा, इससे चिड़ियाघर में शेरों की आनुवंशिक विविधता बढ़ेगी और दीर्घकालिक संरक्षण कार्यक्रम को बल मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि युवा शेरों के शामिल होने से पार्क में स्वस्थ और संतुलित शेर आबादी विकसित करने में मदद मिलेगी। जानकारी के अनुसार 11 फरवरी को टाटा जू की एक विशेष टीम अत्याधुनिक और सुरक्षित पशु परिवहन वाहनों के साथ हैदराबाद के लिए रवाना हुई थी। सभी जरूरी प्रक्रिया और स्वास्थ्य परीक्षण पूरा करने के बाद टीम दोनों शेरों को सुरक्षित रूप से जमशेदपुर लेकर पहुंची। पूरी प्रक्रिया केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों और विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की निगरानी में संपन्न की गई। वर्तमान में टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में पहले से तीन अफ्रीकी शेर जम्बो, एडु और जोया मौजूद हैं, जिनकी उम्र लगभग साढ़े 14 वर्ष है। इन्हें वर्ष 2012 में मात्र छह महीने की अवस्था में लाया गया था और तब से वे दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

## संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ग्राम सभा सदस्यों को मिला एक दिवसीय प्रशिक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कुंडहित (जामताड़ा)** : संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (रिभेम्पड आरजीएसए) के तहत मंगलवार को कुंडहित प्रखंड सभागार में वार्ड सदस्य एवं ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मास्टर ट्रेनर सुरेश सोरेन, बीपीआरओ परमेश्वर रजक, पंचायत सचिव प्रफुल्ल माजी, मनोरंजन मिर्धा, मुखिया विमला हांसदा, उपमुखिया चंदन लौह, वार्ड सदस्य मोहन मंडल, मनशांति मंडल, रवि बाध्यकर आदि ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। एक दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर सुरेश सोरेन ने सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वार्ड सदस्य तथा ग्रामीणों को गहन प्रशिक्षण के माध्यम से पंचायती राज संस्थानों को मजबूत करने के लक्ष्य की जानकारी दी। बताया गया कि झारखंड में संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों की क्षमता बढ़ाकर शासन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। इसमें पारंपरिक ग्राम, ग्राम सभा एवं उनकी सीमाओं का प्रकाशन, पारंपरिक ग्राम सभा की बैठक, ग्राम सभा अध्यक्ष एवं सहायक सचिव के कर्तव्य, ग्राम सभा बैठक का संचालन एवं निर्णय की प्रक्रिया, ग्राम सभा कोष, सामुदायिक संसाधनों का प्रबंधन, परंपराओं का संरक्षण एवं विवादों का निपटारा, विकास योजना का अनुमोदन, लाभार्थियों का पहचान एवं सामाजिक क्षेत्र के संस्थाओं के कार्यों पर नियंत्रण, भू अर्जन एवं पुनर्स्थापन, लघु जल निकायों का प्रबंधन, लघु खनिज, मादक द्रव्यों का नियंत्रण, लघु वन उपज, संक्रमित भूमि का प्रत्यावर्तन, बाजारों का प्रबंधन, उधर पर नियंत्रण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

### साप्ताहिक जन शिकायत निवारण में अपर समाहर्ता ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

## शीघ्र समाधान के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : लातेहार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर समाहर्ता रामा रविदास ने की। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें सामने रखीं। जिसे अपर समाहर्ता रविदास ने एक-एक कर सभी आवेदनों को ध्यानपूर्वक सुना और सम्बन्धित विभागों को आवश्यक जांच कर शीघ्र समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने फरियादियों को भरोसा दिलाया कि शिकायतों का निष्पादन तय समय-सीमा में किया जाएगा। जन शिकायत निवारण में विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं के आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें आगे की कार्रवाई के लिए सम्बन्धित पदाधिकारियों को सौंपा गया। गौरतलब है कि उपायुक्त के निर्देशानुसार आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जन शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, ताकि लोगों को सीधे प्रशासन से अपनी बात रखने का अवसर मिल सके।

## 1857 के शहीद जयमंगल पांडेय के वंशज ने उपायुक्त से की मुलाकात

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के नायक शहीद जयमंगल पांडेय के वंशज सचिदानंद पांडेय ने उपायुक्त कीर्ति श्री से मुलाकात कर चतरा के ऐतिहासिक फांसी तालाब एवं शहीद स्थलों के समग्र विकास को लेकर कुल आठ प्रस्तावों का आवेदन सौंपा। उन्होंने कहा कि चतरा की ऐतिहासिक धरती 1857 के निर्णायक संग्राम की साक्षी रही है, लेकिन आज यह गौरवशाली इतिहास गुमनामी के अंधेरे में है। ज्ञापन में चतरा की ऐतिहासिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की मांग की गयी। प्रमुख प्रस्ताव मेचतरा फांसी तालाब का सौंदर्यीकरण कर 1857 के निर्णायक युद्ध की धरती को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाये। चतरा कॉलेज का नामकरण वीर क्रांतिकारी शहीद जयमंगल पांडेय के नाम पर किया जाए। जेल परिसर के समीप स्थापित शहीदों की प्रतिमाओं की मरम्मत एवं समुचित संरक्षण कराया जाए, जो वर्तमान में जर्जर स्थिति में हैं। प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को फांसी तालाब परिसर में प्रशासनिक स्तर पर सलामी कार्यक्रम आयोजित की जाये।

**फांसी तालाब व शहीद स्थलों के विकास को लेकर सौंपे 08 प्रस्ताव**

### 30 आंगनबाड़ी केन्द्रों में मना बच्चों का सामूहिक जन्मोत्सव

## हर्षोल्लास के साथ मनायीं खुशियां



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जिले के 30 आंगनबाड़ी केंद्रों में आज बच्चों का सामूहिक जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह पहल उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की ओर से की गई, जिसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों और अभिभावकों के लिए आकर्षक और सकारात्मक स्थान बनाना है। जिन बच्चों का जन्मदिन था, उनके साथ अन्य सभी बच्चों ने भी मिलकर जन्मदिन मनाया, ताकि कोई बच्चा अलग महसूस न करे। आंगनवाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं, अभिभावकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने केक काटा, गीत गाए और खेल-कूद, नृत्य व रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। केंद्रों को रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया और बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने का हर प्रयास किया गया। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा, 'यह पहल बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है। आंगनवाड़ी केंद्र केवल पोषण और शिक्षा का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के लिए सुरक्षित और खुशहाल बचपन की शुरूआत का आधार होना चाहिए।' जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, सम्मानपूर्ण और खुशहाल बचपन मिले, और इसकी मजबूत नींव आंगनवाड़ी केंद्रों से रखी जाए। इस जन्मोत्सव ने केवल केक काटने तक सीमित नहीं रहकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और उनके बचपन को संवारने का प्रयास किया।


## विवेकानंद कान्वेंट स्कूल की शायन्तिका मोदी जेई मेंस में बनी जिला टॉपर




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : चेचाई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कान्वेंट स्कूल के छात्र - छात्राओं ने शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित जेई मेंस की परीक्षा में परचम लहराया। शायन्तिका मोदी सर्वाधिक 99.3 परसेंटाइल लाकर कोडरमा जिला की टॉपर बनी। साथ ही झारखण्ड राज्य में अव्वल स्थान रहा। वही अंकिता साहा ने 99 परसेंटाइल, रोहित कुमार ने 98.7 परसेंटाइल, राजा कुमार ने 96 परसेंटाइल, रागिनी बरगवे ने 95.5 परसेंटाइल एवं अरविन्द साव ने 92 परसेंटाइल अंक लाकर जिला टॉप 10 में अपना स्थान बनाया। इसके अलावे कई अन्य छात्र-छात्राओं ने भी इस परीक्षा में सफलता हासिल किया हैं। ज्ञात हो अब ये सभी सफल छात्र-छात्राएं जेई एडवांस की परीक्षा पास कर देश के टॉप आईआईटी व एनआईटी कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी में दाखिला लेकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई करेंगे। इस सफलता पर जंहा अभिभावक खुशी को आत्मसात कर रहें है वही विद्यालय परिवार भी अति उत्साहित हैं। विद्यालय निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि छात्र-छात्राएं यदि अपने लक्ष्य के प्रति जबाबदेह बन कर पढ़ाई में निरंतरता बनाये रखें तो सफलता अवश्य मिलता हैं।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्र ने जेईई मेंस की परीक्षा में पायी सफलता



**कोडरमा** : झुमरीतिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्र पार्थ कुमार अग्रवाल ने जेईई मेंस की परीक्षा में सफलता हासिल की है। पार्थ ने इस परीक्षा में 99.87 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर इस सफलता को हासिल किया है। पार्थ को भौतिकी में 98.56, रसायन शास्त्र में 99.98 एवं गणित में 99.75 परसेंटाइल अंक प्राप्त हुए है। झुमरी तिलैया के रहने वाले राजेंद्र कुमार अग्रवाल एवं अनिता अग्रवाल के पुत्र पार्थ अग्रवाल अभी बारहवीं को परीक्षा में शामिल हो रहे है। पार्थ के इस शानदार सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य गुरु चरण वर्मा ने कहा कि पार्थ की सफलता से विद्यालय का नाम रौशन हुआ है। वहीं निर्देशिका संगीता शर्मा ने कहा कि पार्थ एवं विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत एवं लगन से ये सफलता हासिल हुई है।

### पूर्व छात्र के जेईई मुख्य परीक्षा में शानदार प्रदर्शन पर क्लोरोफिल विद्यालय परिवार ने जताया हर्ष



**झुमरी तिलैया** : जब किसी विद्यार्थी की मेहनत सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो जाती है, तब उसकी सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं रहती, बल्कि पूरे संस्थान का गौरव बन जाती है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) में 99.897 प्रतिशतांक प्राप्त कर पार्थ अग्रवाल ने सफलता का परचम लहराया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर क्लोरोफिल विद्यालय परिवार ने अपने पूर्व छात्र को हृदय से बधाई संदेश प्रेषित किया है। विद्यालय परिसर में इस समाचार के बाद प्रसन्नता और गर्व का वातावरण व्याप्त है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम–सूरज कमार यादव, उम्र–19 वर्ष, उँचाई–5 फीट, 4 ईंच, रंग–गोरा, पहनावा–काला रंग का चिटर एवं नीला रंग का जींस पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति सूरज कमार यादव, उम्र–19 वर्ष, पिता–विनोद कुमार यादव, ग्राम–आरागेट, महिलौंग, थाना–टाटिसिलवे, जिला–राँची जो दिनांक–05.08.2024 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चले गए है जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में टाटिसिलवे थाना सन्हा सं0–18/2024, दिनांक–06.08.2024 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, मु0, प्रथम, राँची। – 9431706141
थाना प्रभारी टाटिसिलवे, राँची। – 9431706174

PR 373166 Police(25-26)D

वरीय पुलिस अधीक्षक,राँची।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–जितु उरॉव, उम्र–31 वर्ष, उँचाई–5 फीट, 4 ईंच, रंग–गोरा, पहनावा–काला रंग का चिटर एवं नीला रंग का जींस पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति जितु उरॉव, उम्र–31 वर्ष, पिता–गुदुवा उरॉव, सा0–चोरेया, थाना–चान्हो, जिला–राँची जो दिनांक–24.01.2026 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चले गए है जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में चान्हो थाना सन्हा सं0–12/2025, दिनांक–04.02.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, खलारी, राँची। –9431742777
थाना प्रभारी चान्हो राँची। –9431706189

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 373163 Police(25-26)#D

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)–सह–उपायुक्त का कार्यालय, खूँटी (निर्वाचन शाखा)**

**आदेश**

नगरपालिका(आम) निर्वाचन – 2026 के निमित्त वाहन कोषांग के संचालन एवं मतदान दलों को नियुक्ति पत्र तथा सामग्री वितरण हेतु बिरसा महाविद्यालय, खूँटी स्थित बहुउद्देशीय भवन चिन्हित किया गया है। उक्त परिप्रेक्ष्य में मैं आर0 रॉनिटा **भा0प्र0से0** जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)–सह–उपायुक्त, खूँटी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 का प्रयोग करते हुए वाहन कोषांग के संचालन एवं मतदान दलों को नियुक्ति पत्र तथा सामग्री वितरण हेतु बिरसा महाविद्यालय, खूँटी स्थित बहुउद्देशीय भवन एवं परिसर को दिनांक 21.02.2026 से दिनांक 23.02.2026 तक के लिए उपस्कर सहित अधिग्रहण करती हूँ।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका),
–सह–उपायुक्त खूँटी

PR 373110 (Election) 25-26 (D)

**कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, राँची**

**–ः आम सूचनाः –**

पत्रांक.................... राँची/दिनांक................

एतद् द्वारा सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करना है, कि अंकेक्षण दल द्वारा आपके राष्ट्रीय प्राधिकरण परमिट के समाप्ति के उपरान्त अभी तक नवीकरण नहीं कराए जाने पर आपत्ति की गई है, जिसकी सूची निम्नवत है–

NON RENEWAL OF NATIONAL PERMIT OF YEAR 2017-18

| Sr No. | Vehicle No. | Due Amount | Sr No. | Vehicle No. | Due Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH01Z9085 | 70000 | 31 | JHOIBU 1738 | 35000 |
| 2 | JHOIBA 8014 | 70000 | 32 | JH08B 5504 | 35000 |
| 3 | JHOIZ 2296 | 70000 | 33 | JH17J 6803 | 35000 |
| 4 | JHOIAP 3229 | 17500 | 34 | JH18B 2289 | 52500 |
| 5 | JHOIAV 0638 | 52500 | 35 | JHOIS 0533 | 17500 |
| 6 | JHOIAQ 7057 | 17500 | 36 | JHOIBC 5730 | 35000 |
| 7 | JHOIBK 9829 | 52500 | 37 | JHOICB 6388 | 35000 |
| 8 | JHOIBH 0395 | 35000 | 38 | JH07F 9427 | 35000 |
| 9 | JHOIBJ 0949 | 35000 | 39 | JHOIAB 2655 | 17500 |
| 10 | JHOIAP3230 | 17500 | 40 | JHOICB 7492 | 35000 |
| 11 | JHOIBJ 8854 | 70000 | 41 | JHOICC 4559 | 17500 |
| 12 | JHOIBJ 5883 | 70000 | 42 | JHOIAK 5961 | 35000 |
| 13 | JHOIBH 4443 | 52500 | 43 | JH01AX5133 | 17500 |
| 14 | JHOIBJ 9382 | 52500 | 44 | JH08D 9805 | 52500 |
| 15 | JH08B 8285 | 17500 | 45 | JHOIBP 4977 | 35000 |
| 16 | JHOIAU 6808 | 70000 | 46 | JHOIAV 6774 | 17500 |
| 17 | JH01BA8961 | 35000 | 47 | JHOIW 8526 | 35000 |
| 18 | JH01U 0285 | 70000 | 48 | JHO1BP 0464 | 35000 |
| 19 | JHOIU 2660 | 35000 | 49 | JHOIBA 7961 | 35000 |
| 20 | JHOIBN 3593 | 52500 | 50 | JH01V 0590 | 35000 |
| 21 | JHOIAP 8488 | 35000 | 51 | JHOICE 9872 | 17500 |
| 22 | JHOIBJ 0979 | 70000 | 52 | Jh01ce 6798 | 17500 |
| 23 | JHOIAP 3226 | 52500 | 53 | JHOICJ 9319 | 17500 |
| 24 | JHOIBK4214 | 52500 | 54 | JHOICJ 5580 | 17500 |
| 25 | JHOIAF 5460 | 52500 | 55 | JHOIAM 7661 | 17500 |
| 26 | JH01BT2591 | 52500 | 56 | JHOICC 0593 | 17500 |
| 27 | JHOIBP 8572 | 35000 | 57 | JHOICL 9481 | 17500 |
| 28 | JH01BU0703 | 17500 | | | |
| 29 | JHOIBJ 3834 | 70000 | | | |
| 30 | JHOIAX4591 | 35000 | | | |

अत : उक्त सभी वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि वे अंकेक्षण दल द्वारा उठाए गए आपत्ति के आलोक में अपने वाहन पर आवृत परमिट को 15 दिनों के अन्दर परमिट नवीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा निर्धारित तिथि के पश्चात् डिफाल्टर वाहनों को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा ।

इसे अति आवश्यक समझें ।

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव,
द0छो0प्रा0परि0प्राधिकार, राँची

PR 373154 Transport(25-26)#D

## एक झलक

### राजस्व व नीलाम पत्र मामलों की समीक्षा, लापरवाही पर वेतन स्थगन

**बक्सर** : समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में आंतरिक संसाधन, नीलाम पत्र एवं राजस्व समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विलंब से पहुंचने पर अंचलाधिकारी इटाढ़ी तथा राजस्व अधिकारी केसठ व डुमरांव से स्पष्टीकरण मांगा गया। अम्बेडकर समग्र योजना के तहत भूमि आवंटित लाभुकों को समय पर पर्चा निर्गत करने तथा अभियान बसेरा-2 के लंबित वादों के निष्पादन हेतु कैंप लगाने का निर्देश दिया गया। परिमार्जन प्लस और दाखिल-खारिज आवेदनों की समीक्षा में 75 दिनों से अधिक लंबित मामलों पर अंचलाधिकारी बक्सर, चौसा व राजपुर से जवाब-तलब करते हुए एक दिन का वेतन स्थगित करने का आदेश दिया गया। भू-लगान वसूली जनवरी तक 70 प्रतिशत के लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 16.70 प्रतिशत रहने पर नाराजगी जताई गई और जागरूकता कैंप चलाने के निर्देश दिए गए। लंबित मापी 28 फरवरी तक शत-प्रतिशत पूर्ण करने, भूमि बैंक हेतु सरकारी भूमि चिन्हित करने तथा नीलाम पत्र वादों के त्वरित निष्पादन पर भी जोर दिया गया।

### फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी कार्यक्रम का शुभारम्भ

**भागलपुर** : किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया। डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को टाउन हॉल भागलपुर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं विभिन्न जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री और ई-केवाईसी की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का डिजिटल डाटाबेस तैयार किया जाएगा। जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुगमता से मिल सकेगा। इस दौरान यह भी समझाया गया कि किसान ई-केवाईसी किस प्रकार कर सकते हैं और इसके लिए किन दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि डिजिटल कृषि व्यवस्था से किसानों को तकनीक से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने और योजनाओं का सीधा लाभ देने में मदद मिलेगी।

### समाहरणालय को बम से उड़ाने की धमकी, जांच में जुटी पुलिस

**भागलपुर** : बिहार में भागलपुर के समाहरणालय को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मंगलवार को दी गई। यह धमकी जिलाधिकारी कार्यालय के मेल आईडी पर दी गई।
इस धमकी ने प्रशासनिक महकमे में हलचल मचा दी है। कुछ दिन पूर्व भागलपुर सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इस बार समाहरणालय को निशाना बनाने की बात कही गई है। धमकी भरे ईमेल में कहा गया है कि परिसर के भीतर बम लगा दिया गया है और जल्द ही बड़ा विस्फोट होगा। इस सूचना के बाद प्रशासनिक महकमा सक्रिय हो गया है। भारी संख्या में पुलिस बल समाहरणालय पहुंच गया है और पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। उधर इस धमकी बाद समाहरणालय परिसर को खाली करा लिया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच दहशत का माहौल है। सुरक्षा के मद्देनजर समाहरणालय के सभी प्रवेश द्वारों को बंद कर दिया गया है और आने-जाने वाले हर शख्स की गहन तलाशी ली जा रही है। वहीं मौके पर बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीम पहुंच चुकी है। पुलिस के जवान फाइलों के ढेर से लेकर परिसर में खड़ी गाड़ियों और झाड़ियों तक की बारीकी से जांच कर रहे हैं।

# सम्राट चौधरी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में बिहार पवेलियन का किया उद्घाटन



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : बिहार के उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एंड एक्सपो 2026 के दौरान बिहार राज्य पवेलियन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने की। इस मौके पर बिहार सरकार की सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्रेयसी सिंह, उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल तथा राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विशेषज्ञ मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि बिहार सरकार राज्य को उभरते हुए प्रौद्योगिकी और नवाचार केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल कर रही है। इन पहलों के तहत बिहार एआई मिशन के अंतर्गत मेगा एआई कोर ऑफ इंजीनियरिंग की स्थापना, उद्योग एवं शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी, निवेशकों के साथ निवेश समझौते तथा बिहार जीसीसी नीति 2026 और बिहार सेमीकंडक्टर नीति 2026 का शुभारंभ शामिल है। इसके अलावा आईआईटी पटना में अत्याधुनिक रिसर्च पार्क स्थापित करने की योजना भी बनाई गई है, जिससे अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी विकास को नई गति मिलेगी। समिट के दौरान बिहार सरकार ने प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों और आईआईटी पटना के साथ कुल 468 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इनमें बिहार एआई उत्कृष्टता केंद्र (एआई-कोड) की स्थापना के लिए 60 करोड़ रुपये तथा आईआईटी पटना में रिसर्च पार्क के निर्माण के लिए 250 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। इस परियोजना में टाइगर एनालिटिक्स उद्योग भागीदार तथा आईआईटी पटना शैक्षणिक भागीदार के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके अतिरिक्त बिहार जीसीसी नीति 2026 और बिहार आईटी नीति 2024 के अंतर्गत रेड साइबर, ग्रोक्यूआर और सीआईपीएल जैसी प्रमुख आईटी और जीसीसी कंपनियों के साथ भी निवेश और तकनीकी सहयोग के समझौते किए गए हैं। इन समझौतों का उद्देश्य राज्य में निवेश को आकर्षित करना, स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करना, नवाचार को बढ़ावा देना और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। बिहार सरकार का मानना है कि इन पहलों से राज्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), सेमीकंडक्टर और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में तेजी से विकास होगा। साथ ही, इससे बिहार को देश के अग्रणी तकनीकी और नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

## विधायक ने सदन में उठाया जनहित का मुद्दा



एजेंसी

**भागलपुर** : बिहार विधानसभा के सदन में सत्र के दौरान मंगलवार को बिहपुर विस के भाजपा विधायक सह सत्तारुढ़ दल के सचेतक ई.शैलेंद्र ने महत्वपूर्ण जनहित का विषय उठाया। नवगछिया पुलिस जिला भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रो.गौतम ने बताया कि विधायक ने खरीक प्रखंड के चोरहर पुल के निकट कोसी नदी के पास बगजान जमींदारी बांध के बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त होने की जानकारी सदन में सरकार और सक्षम मंत्री तक पहुंचाया। साथ ही विधायक ई.शैलेंद्र ने वहां कोसी चोरहर पुल के एप्रोच पथ के भी क्षतिग्रस्त होने के बाद बने गंभीर स्थिति से भी सदन को अवगत कराया। विधायक ने मानसून आने से पूर्व सरकार से बगजान जमींदारी बांध के शीघ्र मरम्मती और सुदृढ़ीकरण की मांग किया, ताकि मानसून, कोसी के जलस्तर वृद्धि और बाढ़ के दौरान प्रखंड के कोसी तटवर्ती दर्जनों गांवों की सुरक्षा और आवागमन सुचारु रूप से सुनिश्चित हो सके। वहीं जनहित में उठाए गए इस मांग पर भवनपुरा पंचायत के मुखिया विनीत उर्फ बंटी सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, अशोक झा, पटाश झा, खरीक भाजपा मंडल अध्यक्ष बाल्मिकी मंडल और दिलीप कुमार सिंह आदि ने विधायक ई.शैलेंद्र का आभार जताया है।

## पंचायत सहायकों का प्रखंड स्तरीय चार दिवसीय प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न



- प्रशिक्षित पंचायत सहायक सुशासन और विकास के नये आधार होंगे: डॉ. सुधा वर्मा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला (रामगढ़)** : गोला प्रखंड कार्यालय सभागार में संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज के अंतर्गत दूसरे बैच में ग्राम पंचायत मगनपुर, नवाडीह, पुरबडीह, रकूवा, साड़म, संग्रामपुर, सरगडीह, सोसो कलां, सुतरी, उपरबरगा के मुखिया, पंचायत सचिव और पंचायत सहायक का चार दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण विभागीय ट्रेनर अभिषेक कुमार अग्रवाल और वैद्यनाथ शर्मा के द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण पंचायती राज विभाग के द्वारा गोला प्रखंड के सभी पंचायत मुखिया, पंचायत सचिव और पंचायत सहायक को दो बैच में दिया गया। प्रथम बैच 9 फरवरी से 12 फरवरी 2026 तक एवं दूसरे बैच का प्रशिक्षण 13 फरवरी से 17 फरवरी 2026 तक दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड कार्यालय गोला परिसर में चहल पहल रही। प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायत क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का सही कार्यान्वयन के लिए पंचायत सहायकों का सशक्त बनाना , पंचायत सहायक द्वारा पंचायत में पंचायत सुदृढ़ीकरण, हेल्प डेस्क का संचालन कर लोगों के लिए योजनाओं का लाभ कैसे दे सकते हैं इस विषय पर विशेष जानकारी दिया गया। विशेष कर प्रशिक्षण का विषय परिचय सत्र, झारखंड पंचायती राज संरचना एवं शक्तियां पंचायत सहायक से संबंधित विभागीय नियमावली, संवैधानिक मूल्य एवं मौलिक अधिकार, पंचायत में नागरिक केंद्रित सेवाएं, प्रशिक्षण पूर्वलोकन, भारत के संविधान अल्ट्रा पुअर की अवधारणा, पंचायत से संबंधित योजना, पेसा अधिनियम, पंचायत सहायता केंद्र जैसे विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिए।

## भूमिहीन परिवारों का प्रदर्शन पहले बसाने फिर हटाने की मांग



एजेंसी

**भागलपुर** : झुग्गी झोपड़ी संघर्ष समिति के बैनर तले भूमिहीन परिवारों ने मंगलवार को समाहरणालय गेट के समीप जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे कई वर्षों से भीखनपुर स्थित गुमटी नंबर एक, दो और तीन के इस्लामनगर क्षेत्र में अपने परिवार के साथ रह रहे हैं, जो भारतीय रेल की जमीन के अंतर्गत आता है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सरकार द्वारा उक्त जमीन को खाली करने का अल्टीमेटम दिया गया है। जिससे सैकड़ों परिवार बेघर होने के कगार पर हैं। भूमिहीन परिवारों ने बताया कि उनके छोटे-छोटे बच्चे हैं और उनके पास रहने के लिए कोई वैकल्पिक स्थान नहीं है। प्रदर्शन कर रहे लोगों का यह भी कहना है कि जिला प्रशासन की ओर से पहले उन्हें बसाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक न तो उन्हें कोई जमीन उपलब्ध कराई गई है और न ही रहने की व्यवस्था की गई है।

## बजट सत्र : विधानसभा में सरकारी शिक्षकों की वेतन वृद्धि और अंत्येष्टि का मामला उठा



एजेंसी

**पटना** : बिहार विधानसभा में बजट सत्र के दौरान मंगलवार को राजद विधायक राहुल कुमार के सवाल पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि सरकारी शिक्षकों को सरकारी कर्मचारियों के तरह ही वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा। राहुल कुमार ने 2,66000 नियोजित शिक्षकों के सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण होने पर विशिष्ट शिक्षक का दर्जा मिलने के बाद वेतन वृद्धि का मामला उठाया था। ध्यानाकर्षण में लोजपा -रामविलास के राजू तिवारी ने अंत्येष्टि को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में समस्या का मामला उठाया । उन्होंने कहा कि लकड़ी नहीं मिल रही है। दाह संस्कार में समस्या आ रही है, बहुत ही परेशानी है। इस पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी नगर निकाय में विद्युत शवदाह गृह समूल सिद्धांत का निर्माण किया जाएगा। 264 नगर निकायों में प्रस्तावित है। इसमें से 41 नगर निकाय में कार्य हो रहा है। 11 नगर निकाय में काम पूरा हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में भी ऐसी विद्युत शवदाह गृह करने की व्यवस्था होगी। इस पर पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने अपना जवाब देते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर इसकी व्यवस्था करवाई जा सकती है। 15वें वित्त आयोग के फंड से विधायक इसका निर्माण करवा सकते हैं। विधायक राजू तिवारी ने कहा कि इतनी राशि से यह संभव नहीं है। विभाग से एक गाइड लाइन बना दें जिससे यह काम हो सके। मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि आगे कोशिश रहेगी और इसे देखा जाएगा। प्रदूषण रोकथाम के लिए कई उपाय हैं, लेकिन प्रदूषण रोकथाम के लिए लकड़ी से अंत्येष्टि न हो इससे सहमत नहीं है।
जदयू विधायक शीला मंडल ने कहा लकड़ी की कमी के कारण ग्रामीण इलाकों में गौईठा से अंत्येष्टि हो रही है इसलिए बिजली से व्यवस्था हो जाएगी तो अच्छा होगा। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि यह आवश्यक और जरूरी विषय है। राज्यभर में प्रमुख शवदाह गृह चिन्हित कर सरकार इसे देखेगी और विचार करेगी। नालंदा जिले के अस्थावां से विधायक जितेंद्र कुमार ने प्रश्नकाल में वित्तीय वर्ष 2023-24 की योजना को 2025 में वित्तीय नियमावली का उल्लंघन कर नालंदा जिला में डेस्क बेंच खरीदने संबंधी एक खास एजेंसी को लाभ पहुंचाने से संबंधित मामला उठाया।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को मिला प्रशासनिक सम्बल, बीडीओ ने सामने खायी दवा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**भावनाथपुर** : भावनाथपुर प्रखंड में चल रहे राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के सामने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर आमजनों को यह संदेश दिया कि दवा पूरी तरह सुरक्षित है और इस गंभीर बीमारी से बचाव के लिए आवश्यक है। बीडीओ ने प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मियों को भी अनिवार्य रूप से दवा सेवन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जब तक सरकारी कर्मी स्वयं अभियान में सक्रिय भागीदारी नहीं निभाएंगे, तब तक आम जनता को इसके प्रति जागरूक करना संभव नहीं है। उन्होंने कर्मचारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने और घर-घर जाकर दवा सेवन सुनिश्चित कराने में स्वास्थ्य विभाग की टीम का सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एमपीडब्ल्यू विद्यानंद प्रजापति, जीएनएम अंजू किसपोटा तथा एमपीडब्ल्यू गुप्तेश्वर प्रसाद उपस्थित रहे। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के प्रत्येक गांव और टोला में सहिया के माध्यम से घर-घर जाकर दवा खिलाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, फाइलेरिया मच्छरों के काटने से फैलने वाली गंभीर बीमारी है, जिससे समय पर दवा सेवन कर बचाव संभव है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल से अभियान को सफल बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## मैट्रिक परीक्षा शुरू होते ही क्लासरूम का वीडियो वायरल, प्रशासन में हड़कम्प

एजेंसी

**सीवान** : मैट्रिकुलेशन परीक्षा शुरू होते ही एक परीक्षा केंद्र के क्लासरूम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाने से प्रशासनिक महकमे में खलबली मच गई है। महाराजगंज अनुमंडल में कुल 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से एक केंद्र गोरखनाथ आईटीआई, सीवान है, जो दारौंदा प्रखंड के अंतर्गत आता है।बताया जा रहा है कि परीक्षा शुरू होते ही अंदर के क्लासरूम का लाइव वीडियो प्रिंस सिंह आईडी से बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया गया। कुछ ही देर में वीडियो तेजी से वायरल हो गया और चर्चा का विषय बन गया। मामला प्रशासन तक पहुंचते ही अधिकारियों के बीच सवाल उठने लगे कि सख्त निगरानी और प्रतिबंध के बावजूद क्लासरूम के अंदर वीडियो कैसे बनाया गया। परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों को जूता-मोजा पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं है। साथ ही किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, विशेषकर मोबाइल फोन, लेकर जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। केंद्र अधीक्षक को छोड़कर किसी भी शिक्षक या कर्मी को मोबाइल लेकर केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाती।ऐसे में क्लासरूम के अंदर से वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट किया जाना नियमों के विरुद्ध माना जा रहा है। अब प्रशासन इस मामले की जांच में जुट गया है और संबंधित व्यक्ति की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

## मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, पांच लोग गिरफ्तार



एजेंसी

**भागलपुर** : जिले के नाथनगर मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र स्थित रहमतबाग मोहल्ले में मंगलवार को अवैध हथियार निर्माण की एक बड़ी साजिश का पदार्फाश हुआ है। गुप्त सूचना के आधार पर बिहार और बंगाल एसटीएफ की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से एक नवनिर्मित मकान को घेरकर छापेमारी की, जहां से भारी मात्रा में निर्मित और अर्धनिर्मित हथियारों के साथ हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए गए। छापेमारी के दौरान टीम ने मौके से पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में यह संकेत मिला है कि यहां अवैध रूप से हथियार तैयार किए जा रहे थे, जिनका संभावित संबंध आगामी बंगाल चुनाव से भी जोड़ा जा रहा है। इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि शैलेंद्र कुमार सिंह सीटीएसपी के द्वारा प्रेस वार्ता कर की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार बरामद सामान में देसी कट्टे, अर्धनिर्मित हथियारों के पुर्जे, बैरल, ट्रिगर मैकेनिज्म तथा हथियार निर्माण में उपयोग होने वाले विभिन्न औजार शामिल हैं। इससे स्पष्ट होता है कि यह स्थान सुनियोजित तरीके से संचालित मिनी गन फैक्ट्री के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। कार्रवाई के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। जांच एजेंसियां यह भी पता लगाने में जुटी हैं कि इस अवैध नेटवर्क से और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं तथा हथियारों की सप्लाई किन क्षेत्रों में की जानी थी।

## श्री बंशीधर नगर में शमीम टेलर्स एंड गारमेंट्स एवं इंजी मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर का भव्य उद्घाटन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर** : नगर उंटारी थाना के समीप शमीम टेलर्स एंड गारमेंट्स एवं इंजी मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया। समारोह में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य ताहिर अंसारी एवं झामुमो नेत्री किरण देवी, युवा समाजसेवी मुख्तार अंसारी तथा प्रोपराइटर मो. शमीम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ताहिर अंसारी ने कहा कि प्रतिष्ठान खुलने से स्थानीय लोगों को अब कपड़ों की सिलाई या खरीदारी के लिए गढ़वा एवं अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यहां कोट, पैंट, ब्लेजर सहित विभिन्न प्रकार के रेडीमेड वस्त्र उचित दामों पर उपलब्ध रहेंगे। प्रोपराइटर मो. शमीम ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में रेमंड, लिनन क्लब, आदित्य बिरला ग्रुप, अरविंद लिमिटेड, ईयूए सियाराम जैसे ब्रांड के कपड़े उपलब्ध हैं। साथ ही लहंगा, कोट-पैंट एवं अन्य आकर्षक कलेक्शन भी ग्राहकों के लिए रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता और समय पर सेवा देना उनकी प्राथमिकता है तथा क्षेत्रवासियों से सहयोग और आशीर्वाद की अपेक्षा की।

### राजकमल के 20 विद्यार्थियों ने जे ई ई मेन 2026 में परचम लहराया, छह विद्यार्थियों ने 90 से अधिक पाया परसेंटाइल

# सफलता बच्चों के कठिन परिश्रम व अटूट समर्पण का प्रतीक : सुमंत कुमार मिश्रा




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद** : राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोकनगर धनसार धनबाद के 20 विद्यार्थियों ने जे ई ई मेन में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रौशन किया है। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने कहा कि सफलता बच्चों की कठिन परिश्रम और अटूट समर्पण का प्रतीक है। अनुशासन ही सफलता की कुंजी है इसे छात्रों ने प्रमाणित किया है। शिक्षकों का सही मार्गदर्शन, विद्यालय के शैक्षणिक माहौल और माता-पिता के सहयोग का परिणाम है यह। मुझे उम्मीद है कि सफल छात्र छात्राएं जे ई ई एडवांस्ड में भी बेहतर प्रदर्शन करेंगी। जे ई ई मेन में सफल विद्यार्थियों की संख्या 20 रही। ऐसे और भी सफल विद्यार्थियों की जानकारी जुटायी जा रही है। सफल छात्र-छात्राओं में सम्राट कुमार 97.88, मानसी 95.8, निखिल कुमार बरनवाल 92.38, आदित्य कुमार सिंह 92.14, मंजीत मानिकपुरी 90.85, केशव अग्रवाल 90.32, अंकुश कुमार 89.30, अंकित कुमार 88.92, अमर सिन्हा 87.34 ,समीर कुमार 86.77, अभिषेक शर्मा 86.67, पवन कुमार 86.63, अमरजीत कुमार महतो 86.24, शौर्य झा 85.41, शौर्य कुमार गुप्ता 85.00, अभ्यांशु सिंह 84.70, सागर विश्वकर्मा 83.00, शिवेंद्र तिवारी 81.04, शुभम कुमार सिंह 80.80, रूपम चंद्रा ने 80.43 परसेंटाइल प्राप्त किये। विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष बिनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार पटनिया, सचिव संजीव कुमार, सहसचिव दीपक रुइया, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, विद्यालय समिति के अधिकारी एवं सदस्य गण, प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या लीला सिंह, प्रभारी प्रतिमा चौबे, कमल नयन, पार्थ सारथी सरकार, सुमोना दीक्षित एवं छंदा बनर्जी ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### पत्नी के हत्यारे पति को सश्रम आजीवन कारावास के साथ 50 हजार रुपये अर्थ दंड

**अररिया** : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने पत्नीहंता पति को सश्रम आजीवन कारावास के साथ पचास हजार रुपये के अर्थ दंड की सजा सुनाई।न्यायालय ने सत्र वाद संख्या 670/2025 में सजा सुनाई।साथ ही जुमार्ने की रकम नहीं अदा करने पर दोषी को तीन महीने तक की अतिरिक्त सजा भुगतने का आदेश भी न्यायालय ने अपने निर्णय में दिया। सजा पाने वाला दोषी 26 वर्षीय मो. गालिब पिता मो. इदरीस अररिया के ककुड़वा,बसंतपुर, वार्ड संख्या 29 का रहने वाला है।मामला अररिया (बैरगाछी) थाना कांड संख्या 1115/2023 से संबंधित है।इसके सूचक मृतका बीबी सुहाना उर्फ झुमकी के पिता मो. परवेज पिता स्व.नूर मोहम्मद हैं,जो बैरगाछी के मैनापुर, वार्ड संख्या 13 के निवासी हैं।

## टी20 विश्व कप : बारिश ने पल्लेकेले में खेल बिगाड़ा, जिम्बाब्वे सुपर-8 में, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड बाहर




एजेंसी

**पल्लेकेले** : टी20 विश्व कप में सोमवार को पल?लेकेले में होने वाला मुकाबला लगातार बारिश की भेंट चढ़ गया। दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रही और एक भी गेंद फेंकी नहीं जा सकी। मैच रद्द होने का सबसे बड़ा फायदा जिम्बाब्वे को मिला, जिसने सुपर-8 चरण के लिए टिकट हासिल कर लिया। जिम्बाब्वे को मैच रद्द होने से 1 अंक मिला और उसके अब 5 अंक हो गए हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया यदि अपना आखिरी मैच जीतता है तो भी उसके 4 ही अंक होंगे। तो मैच रद्द होने के साथ ही ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड का

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | पॉइंट्स | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| SL (Q) | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2.462 |
| ZIM (Q) | 3 | 2 | 0 | 1 | 5 | 1.984 |
| IRE (E) | 4 | 1 | 2 | 1 | 3 | 0.15 |
| AUS (E) | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.414 |
| OMAN (E) | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -4.546 |

टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया। बारिश के कारण अंक बंटने से जिम्बाब्वे सातवीं टीम के रूप में सुपर-8 में पहुंचा। इसे के साथ अब सुपर 8 के जी 1 ग्रुप की तस्वीर भी साफ हो गई है, इस ग्रुप में भारत, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, और जिम्बाब्वे की टीम हैं। इस ग्रुप के सभी मुकाबले भारत में खेले जाएंगे। वहीं सुपर-8 ग्रुप जी2 में श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान/यूएसए में से एक टीम शामिल होगी। इस ग्रुप के मैच कोलंबो और पल्लेकेले में आयोजित किए जाएंगे। बारिश ने भले ही एक मुकाबले का रोमांच छीन लिया हो, लेकिन टूर्नामेंट में आगे और भी दिलचस्प मुकाबले बाकी हैं। आज ही मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में नेपाल और स्कॉटलैंड अपनी अभियान का समापन आमने-सामने की भिड़ंत के साथ करेंगे। सुपर-8 की तस्वीर अब लगभग पूरी हो चुकी है और नॉकआउट की दौड़ में शामिल टीमें खिताब के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रही हैं।

### मैच रद्द होने पर भी जिम्बाब्वे सुपर-8 में

**बारिश** के कारण यदि मैच रद्द हो जाता है, तब भी जिम्बाब्वे सुपर-8 के लिए क्वालिफाई कर जाएगा। जिम्बाब्वे ने अपने खेले गए दो मुकाबले जीतकर ग्रुप की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर जगह बनाई है और उसके 4 अंक हैं। अगर यह मैच रद्द होता है, तो दोनों टीमों को 1-1 अंक मिलेंगे। ऐसे में जिम्बाब्वे के कुल 5 अंक हो जाएंगे। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया के तीन मैचों के बाद सिर्फ 2 अंक ही हैं, जिससे वह जिम्बाब्वे को पीछे नहीं छोड़ पाएगा।

## एक झलक

### मंधाना को इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर 2025 अवॉर्ड

**नयी दिल्ली** : भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को यहां एक कार्यक्रम में ह्यइंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर 2025ह्ल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मंधाना को ये अवार्ड एकदिवसीय विश्व कप 2025 में भारतीय टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है। मंधाना ने साल का सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार दिये जाने पर खुशी जतायी है। मंधाना भारतीय टीम की उपकप्तान हैं और साल 2025 में उन्होंने काफी रन बनाये थे। वह महिला एकदिवसीय क्रिकेट में दूसरी सबसे अधिक शतक लगाने वाली खिलाड़ी हैं। वहीं युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को फिडे महिला विश्व कप जीतने के लिए साल की सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई खिलाड़ी जबकि पैरा एथलीट प्रीति पाल को 2024 पेरिस पैरालंपिक में ट्रैक एवं फील्ड में दो कांस्य पदक जीतने के लिए साल की सर्वश्रेष्ठ महिला पैरा खिलाड़ी का अवार्ड दिया गया।

### शमी ने रणजी में आठ विकेट लेकर टीम इंडिया में वापसी के लिए दावेदारी की

**नयी दिल्ली** : पिछले काफी समय से भारतीय टीम में वापसी करने में असफल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में आठ विकेट लेकर चयनकताओं को करारा जवाब दिया है। शमी ने हाथ में पट्टी बांधकर जिस प्रकार 22.1 ओवर में 90 रन देकर आठ विकेट लिए। उससे उनका फार्म और फिटनेस दोनो ही साबित हुए हैं। ये उनके प्रथम श्रेणी करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शमी की इस गेंदबाजी से ही बंगाल को जम्मू-कश्मीर के खिलाफ सेमीफाइनल में पहली पारी में 26 रन की बढ़त मिली। अब फाइनल में बंगाल और कर्नाटक का मुकाबला होने की संभावना है। दूसरे और तीसरे दिन शमी ने जबरदस्त गेंदबाजी की। शमी ने पांच विकेट लेने के बाद सटीक लाइन-लेंथ के साथ तीन विकेट और निकाले। इस प्रकार कुल आठ विकेट झटके। इस दौरान उनकी तेज गेंदबाजी में धार देखी गयी। 35 साल की उम्र में, बिना किसी बीसीसीआई के केन्द्रीय अनुबंध और राष्ट्रीय टीम से बाहर होने के बाद बाद भी शमी ने उम्मीद नहीं छोड़ी है। उन्होंने एक बार फिर अपने प्रदर्शन से चयनकताओं को उनकी ओर ध्यान देने मजबूर किया है। बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर और शमी के बीच पिछले एक साल में फिटनेस को लेकर मतभेद रहे हैं।

### रेलवे खिलाड़ी रोहित ने पारव चौधरी का रिकार्ड तोड़ा

**यमुनानगर** : जूनियर राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में यमुनानगर से रेलवे के खिलाड़ी रोहित तहलान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया। चार से चौदह फरवरी तक आयोजित इस प्रतियोगिता में उन्होंने स्नैच स्पर्धा में 147 किलोग्राम भार उठाकर पूर्व रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। यह रिकॉर्ड पहले अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलक पारव चौधरी के नाम दर्ज था। रोहित ने प्रतियोगिता में कुल 321 किलोग्राम भार उठाया। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 174 किलोग्राम वजन सफलतापूर्वक उठाया। समग्र प्रदर्शन के आधार पर उन्हें दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।

## ग्लेन फिलिप्स की पारी ने पलटा मैच, युवराज का शतक बेअसर

टी-20 विश्व कप

एजेंसी

**चेन्नई** : न्यूजीलैंड राष्ट्रीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कनाडा को आठ विकेट से हराकर सुपर-8 चरण में प्रवेश कर लिया। एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ग्लेन फिलिप्स की नाबाद 76 रन की विस्फोटक पारी ने 19 वर्षीय युवराज समरा के ऐतिहासिक शतक पर पानी फेर दिया। 174 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की शुरूआत लड़खड़ा गई और टीम ने 30 रन पर दो विकेट गंवा दिए। लेकिन इसके बाद रचिन रवींद्र और ग्लेन फिलिप्स ने पारी को संभालते हुए मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। कीवी टीम ने 15.1 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और लगभग पांच ओवर शेष रहते जीत दर्ज की। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका से मिली हार का भी बदला चुका लिया। इससे पहले कनाडा ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 173 रन बनाए। टीम के लिए 19 वर्षीय युवराज समरा ने 58 गेंदों में 110 रन की ऐतिहासिक पारी खेली। यह टी20 विश्व कप के इतिहास में किसी एसोसिएट देश के बल्लेबाज द्वारा बनाया गया पहला शतक है। समरा ने अपनी टीम के कुल स्कोर का 63 प्रतिशत से अधिक योगदान दिया। कप्तान दिलप्रीत बाजवा ने 36 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। हालांकि अंतिम ओवरों में जैकब डफी और काइल जैमीसन ने अहम विकेट लेकर कनाडा को 180 के पार जाने से रोका। लक्ष्य का पीछा करते हुए फिन एलेन ने आठ गेंदों पर 21 रन बनाकर तेज शुरूआत दिलाई, लेकिन साद बिन जफर ने टिम सिफर्ट को विकेट मेडन ओवर में आउट कर मैच में कनाडा की वापसी कराई। इसके बाद डिलोन हेलीगर ने एलेन को चलता किया और न्यूजीलैंड 30/2 पर दबाव में आ गया। यहीं से रचिन रवींद्र और फिलिप्स ने कमान संभाली। रवींद्र ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए पारी को स्थिरता दी, जबकि फिलिप्स ने आक्रामक अंदाज अपनाया। फिलिप्स ने मात्र 22 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के लिए सबसे तेज अर्धशतक है। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ शानदार शॉट्स लगाए और साद बिन जफर पर स्विच-हिट छक्का भी जड़ा। दोनों के बीच शतकीय साझेदारी ने मैच पूरी तरह न्यूजीलैंड की झोली में डाल दिया। फिलिप्स ने 36 गेंदों पर नाबाद 76 रन बनाए, जबकि रवींद्र ने 59 रन की नाबाद पारी खेली। रवींद्र ने धीमी गेंद को डीप मिडविकेट की ओर पुल शॉट लगाकर टीम को जीत दिलाई। कनाडा के गेंदबाजों ने बीच-बीच में मौके बनाए, लेकिन कैच छोड़ने और लाइन-लेंथ में अस्थिरता के कारण वे मैच पर पकड़ नहीं बना सके। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड सुपर-8 में पहुंचने वाली छठी टीम बन गई। इससे पहले वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम, दक्षिण अफ्रीका राष्ट्रीय क्रिकेट टीम, भारतीय क्रिकेट टीम, इंग्लैंड क्रिकेट टीम और श्रीलंका राष्ट्रीय क्रिकेट टीम पहले ही अंतिम-8 में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं।




### युवराज समरा का ऐतिहासिक शतक, टी20 विश्व कप में रचा नया कीर्तिमान



**चेन्नई** : कनाडा के सलामी बल्लेबाज युवराज समरा ने पुरुष टी20 विश्व कप में इतिहास रचते हुए सहयोगी देश के पहले खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया है, जिन्होंने इस टूर्नामेंट में शतक जमाया। समरा ने मंगलवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ 58 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने चौका लगाकर तीन अंकों का आंकड़ा छुआ। यह इस संस्करण का दूसरा शतक भी है। इससे पहले श्रीलंका के पाथूम निसांका ने पल्लेकेले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सैकड़ा जड़ा था। सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड युवराज समरा ने इससे पहले केवल 36 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया था और फिर शानदार बल्लेबाजी जारी रखते हुए शतक तक पहुंचे। 19 वर्ष और 141 दिन की उम्र में वह पुरुष टी20 विश्व कप इतिहास में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं।

### खेलो इंडिया विंटर गेम्स के लिए गुलमर्ग में सजेगा सपनों का मंच, खिलाड़ी तैयार

**गुलमर्ग (जम्मू-कश्मीर)** : बर्फ से ढकी ढलानों, देवदार के पेड़ों और पीर पंजाल की गुलाबी सुबह के बीच गुलमर्ग एक बार फिर देश के शीतकालीन खेलों का केंद्र बनने जा रहा है। 23 से 26 फरवरी तक यहां खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026 का दूसरा चरण आयोजित होगा। इससे पहले पहला चरण 20 से 26 जनवरी तक लद्दाख में संपन्न हुआ था, जिसमें आइस स्केटिंग और हॉकी जैसे बर्फीले खेल खेले गए थे। यह लगातार छठा वर्ष है, जब विंटर गेम्स का आयोजन गुलमर्ग में हो रहा है। इसी निरंतरता के कारण गुलमर्ग को भारत की विंटर स्पोर्ट्स कैपिटल कहा जाने लगा है।

#### चार स्पधाएं, 400 से अधिक खिलाड़ी

**गुलमर्ग** चरण में स्की माउंटेनियरिंग, अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग (क्रॉस-कंट्री) और स्नोबोर्डिंग की कुल चार पदक स्पधाएं आयोजित होंगी। करीब 400 खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे, जिनमें सर्वाधिक संख्या अल्पाइन स्कीइंग में होगी।



मिलान में विंटर ओलंपिक खेलों में शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग में भाग लेती हुई कनाडा की सैराल्ट, इटली की एरियाना व एलीसा।

### निसंका ने हवा में छलांग लगा कर पकड़ा असम्भव सा कैच

**कोलंबो** : श्रीलंका के पाथुम निशंका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में एक ऐसा कैच लिया जिससे सभी हैरान हो गये। निशंका ने ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का ये कैच हवा में छलांग लगाकर पकड़ा। निसंका को कैच लेते देखकर बल्लेबाजी कर रहे मैक्सवेल को भी अपने आउट होने का भरोसा नहीं हुआ। सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियो आया है जो काफी पसंद किया गया है। इस कैच को टूर्नामेंट का सबसे अच्छा कैच बताया गया है। इसी के साथ ही मैक्सवेल की 22 रनों की पारी समाप्त हो गयी। मैक्सवेल ने दुशान हेमन्था की गेंद पर शॉट लगाया और गेंद हवा में पाथुम के पास से निकली पर उन्होंने हवा में छलांग लगाते हुए कैच लेने का प्रयास किया ।

## 12 साल बाद बैलगाड़ी की दौड़ के साथ किला रायपुर ग्रामीण ओलंपिक शुरू

- कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने किया उद्घाटन

एजेंसी

**चंडीगढ़** : किला रायपुर ग्रामीण ओलंपिक मंगलवार को लुधियाना में उत्साह और धूमधाम के साथ शुरू हुआ, जो 12 साल के अंतराल के बाद प्रसिद्ध बैलगाड़ी की दौड़ों के पुनरुत्थान को दर्शाती है। इन खेलों का उद्घाटन पंजाब के कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने गांव किला रायपुर के खेल स्टेडियम में किया। इन विश्व-प्रसिद्ध बैलगाड़ी की दौड़ों के फिर से शुरू होने से दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे दर्शक पंजाब और बाहर से इस रोमांचक खेल को देखने पहुंचे, जो राज्य की ग्रामीण विरासत में गहराई से जुड़े हुये हैं। विधायक जीवन सिंह संगोवाल और डॉ. के. एन. एस. कंग के साथ कैबिनेट मंत्री खुड्डियां ने बैल-गाड़ियों की दौड़ों के सांस्कृतिक महत्व को उजागर करते हुए कहा कि यह पंजाब के ऐतिहासिक और पारंपरिक ग्रामीण जड़ों से मजबूत संबंध रखती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को पंजाब विधानसभा में ह्यजानवरों पर अत्याचार की रोकथाम (पंजाब संशोधन) अधिनियम, 2025 को सर्वसम्मति से पारित और लागू कर-के इस पुनरुत्थान को संभव बनाने का श्रेय दिया, जिसने जानवरों के लिए सुरक्षा मानक पेश किए, कानूनी बाधाओं को दूर किया और इन बैलगाड़ी की दौड़ों को फिर से शुरू करने का रास्ता साफ किया।



## ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज के लिए प्रतिका रावल की भारतीय टीम में वापसी



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय महिला क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज से पहले बड़ी राहत मिली है। चोट के कारण लंबे समय से मैदान से बाहर चल रहीं युवा बल्लेबाज प्रतिका रावल की टीम में वापसी हो गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार प्रतिका रावल ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में अपना पुनर्वास सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। उन्हें अक्टूबर 2025 में महिला विश्व कप के दौरान टखने में चोट लगी थी। प्रतिका को बांग्लादेश के खिलाफ बारिश से प्रभावित मुकाबले में फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी, जिसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। सेमीफाइनल से पहले उनकी जगह शेफाली वर्मा को टीम में शामिल किया गया था। तब से प्रतिका ने कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला था और वह पूरी तरह फिट होकर अब टीम में लौटी हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज के बाद होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भी भारतीय टीम में जगह दी गई है।

## क्रिकेटरों ने पाक सरकार से इमरान को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने को कहा...

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय टीम के दो पूर्व कप्तानों सुनील गावस्कर और कपिल देव सहित दुनिया भर के 14 दिग्गज पूर्व क्रिकेटरों ने पाकिस्तान सरकार को एक पत्र लिखकर पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने को कहा है। इमरान दिग्गज क्रिकेटर रहे हैं और उनकी कप्तानी में ही पाक टीम ने साल 1992 में एकमात्र विश्वकप जीता था। संन्यास के बाद राजनीति में आये इमरान प्रधानमंत्री भी रहे है पर आजकल वह भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद है। काल कोठरियों में बंद इमरान की हाल बेहद खराब बतायी जा रही है। उनके परिवार और समर्थकों की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने 73 साल इमरान की चिकित्सा जांच के आदेश दिये थे जिनपर सरकार ने अब तक



कोई कार्रवाई नहीं की है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जा सकता था पर इसकी जगह पर डॉक्टरों की टीम को रावलपिंडी की अडियाला जेल भेज दिया गया। इमरान के खिलाफ खेले गावस्कर और कपिल सहित भारतीय क्रिकेटरों ने उनकी बिगड़ती हालत पर चिन्ता जतायी है। साथ ही कहा कि इमरान की आंखों की रोशनी भी तेजी से जा रही है। पिछले ढाई साल से उनकी खराब सेहत की खबरें आ रही हैं जिससे हम दुखी हैं। हम चाहते हैं कि उनके मानवीय अधिकारों का सम्मान किया जाये और इंसानियत से पेश आया जाये। हमारा मानना ??है कि इमरान खान जैसे शीर्ष कद के व्यक्ति के साथ एक पूर्व राष्ट्रीय नेता और वैश्विक खेल हस्ती के रूप में गरिमा और बुनियादी मानवीय सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। इसलिए हम पाकिस्तान सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह यह सुनिश्चित करे कि इमरान को मूलभूत सुविधाएं मिलें। जिसमें उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए उनकी पसंद के योग्य विशेषज्ञों द्वारा तत्काल, पर्याप्त और निरंतर चिकित्सा देखभाल के अलावा अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हिरासत की स्थिति में , भी परिवार के करीबी लोगों को मिलने दिया जाये।

## भारत सुपर-8 में साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज से भिड़ेगा



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारत और साउथ अफ्रीका 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भी भिड़े थे। तब टीम इंडिया ने 7 रन से करीबी मुकाबला जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। भारत और साउथ अफ्रीका 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भी भिड़े थे। तब टीम इंडिया ने 7 रन से करीबी मुकाबला जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की थी।

टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 स्टेज की 7 टीमें तय हो चुकी हैं। आखिरी टीम का फैसला बुधवार को पाकिस्तान-नामीबिया मैच से होगा। अगर पाकिस्तान जीता तो टीम सुपर-8 के ग्रुप-2 में पहुंचेगा। अगर नामीबिया जीत गया तो अमेरिका ग्रुप-2 में पहुंच जाएगा।

टीम इंडिया ग्रुप-1 में रहेगी। जहां उसका सामना साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज से होगा। ग्रुप-1 में पहले ऑस्ट्रेलिया रहने वाली थी, लेकिन टीम को जिम्बाब्वे ने ग्रुप स्टेज में ही बाहर कर दिया। इसलिए अब जिम्बाब्वे ग्रुप-1 में रहेगा। ग्रुप-बी में ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने से साफ हुआ कि टीम इंडिया जिम्बाब्वे से सुपर-8 में भिड़ेगी।

ग्रुप-बी पॉइंट्स टेबल

21 फरवरी से शुरू होगा सेकेंड राउंड 07 फरवरी से शुरू हुए टूर्नामेंट में 20 फरवरी तक ग्रुप स्टेज के मुकाबले खेले जाएंगे। 21 फरवरी से सुपर-8 स्टेज शुरू होगा। पहले दिन न्यूजीलैंड के सामने पाकिस्तान या अमेरिका का मुकाबला खेला जाएगा। ग्रुप-2 में न्यूजीलैंड के अलावा इंग्लैंड और श्रीलंका ने भी क्वालिफाई कर लिया है। भारत का पहला मैच साउथ अफ्रीका से सुपर-8 स्टेज में 22 और 26 फरवरी के साथ 1 मार्च को 2-2 मैच खेले जाएंगे। 20 से 28 फरवरी तक बाकी दिन 1-1 मैच ही होगा। टीम इंडिया 22 फरवरी को अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका से पहला मैच खेलेगी। टीम फिर 26 फरवरी को चेन्नई में जिम्बाब्वे से भिड़ेगी। भारत का आखिरी सुपर-8 मैच 1 मार्च को कोलकाता में वेस्टइंडीज से होगा।

भारत ने साउथ अफ्रीका को फाइनल हराकर ही 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप जीता था।

#### सुपर-8 में 12 मैच होंगे

**सुपर**-8 स्टेज में 4-4 टीमों के 2 ग्रुप बनेंगे। हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 3-3 मैच खेलेगी। यानी एक ग्रुप में 6 मैच होंगे। इस तरह दोनों ग्रुप मिलाकर 12 मुकाबले खेले जाएंगे। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमें अगले राउंड में एंट्री करेंगी। 4 मार्च को पहला सेमीफाइनल होगा, वहीं 5 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। इन्हें जीतने वाली टीम 8 मार्च को फाइनल में भिड़ेगी। अगर पाकिस्तान ने नॉकआउट राउंड में एंट्री की तो उसके सभी मैच कोलंबो में होंगे।

## पाकिस्तान ने तीसरे टी20 में दर्ज की सांत्वना जीत, दक्षिण अफ्रीका ने 2-1 से श्रृंखला जीती

महिला क्रिकेट

एजेंसी

**किम्बरली** : किम्बरली में सोमवार देर रात खेले गए तीसरे अंतरराष्ट्रीय ट्वेंटी-20 मुकाबले में फातिमा सना के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को 53 रन से हराकर जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज का समापन किया। हालांकि तीन मैचों की इस सीरीज पर मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने 2-1 से कब्जा जमाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की शुरूआत बेहद खराब रही। सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली और गुल फिरोजा पहले ही दो ओवर में सस्ते में आउट हो गईं और टीम का स्कोर 10 रन पर दो विकेट हो गया। इसके बाद आयशा जफर (19) और सिदरा अमीन (26) ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए शुरूआती छह ओवर की अवधि समाप्त होने तक टीम को 46 रन पर दो विकेट तक पहुंचाया। लेकिन 61 रन पर चार विकेट और 73 रन पर पांच विकेट गिरने के बाद पाकिस्तान दबाव में आ गया। ऐसे समय सना और आलिया रियाज ने छठे विकेट के लिए 45 गेंदों में 69 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। सना ने अंतिम ओवरों में आक्रामक रुख अपनाते हुए 30 गेंदों पर नाबाद 47 रन बनाए, जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल रहे। पारी के दौरान तीन बार रन आउट होने के बावजूद पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 144 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत भी खराब रही। सना ने पहले ही ओवर में ताजमिन ब्रिट्स को आउट किया और बाद में कप्तान लॉरा वोल्वाड्ट को भी पवेलियन भेज दिया। सादिया इकबाल ने मध्यक्रम को झकझोरते हुए तीन विकेट लेकर केवल 18 रन दिए। शुरूआती छह ओवरों के भीतर ही दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 36 रन पर चार विकेट हो गया। नादिन डी क्लर्क (27) और एनेरी डर्कसन (30) ने पांचवें विकेट के लिए 50 रन जोड़कर कुछ उम्मीद जगाई, लेकिन 85 रन के स्कोर पर डर्कसन के रन आउट होते ही टीम फिर बिखर गई। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने अंतिम पांच विकेट मात्र सात रन के भीतर गंवा दिए और पूरी टीम 16 ओवर और पांच गेंद में 91 रन पर सिमट गई। मैरीजान कैप बिना कोई गेंद खेले अस्वस्थ होने के कारण मैदान से बाहर चली गईं।



## एक झलक

### क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस का आईपीओ 23 फरवरी को खुलेगा


**नयी दिल्ली/मुंबई :** क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 23 फरवरी को खुलेगा। इसमें निवेश के लिए 25 फरवरी तक बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 1,000–1,053 रुपये तय किया है। क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि उसका आईपीओ सार्वजनिक बिक्री के लिए 23 फरवरी को खुलकर 25 फरवरी को बंद होगा, जबकि एंकर निवेशक 20 फरवरी को इसमें निवेश करने के लिए बोली लगा सकेंगे। इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 1,000–1,053 रुपये तय गया किया है। वाणिज्यिक और औद्योगिक (सीएंडआई) नवीकरणीय ऊर्जा प्रदाता कंपनी क्लीन मैक्स ने कहा कि 1 रुपये फेस वैल्यू वाले प्रस्तावित आईपीओ में 1,200 करोड़ रुपये तक के शेयरों का ताजा निर्गम और प्रवर्तकों और एक निवेशक शेयरधारक द्वारा 1,900 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है। निवेशक इसमें कम से कम 14 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 14 इक्विटी शेयर्स के मल्टीपल में बिड कर सकते हैं। कंपनी की योजना इस आईपीओ के जरिए 3,100 करोड़ रुपये जुटाने की है। क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड इस ताजा इश्यू से मिलने वाली 1,122.6 करोड़ रुपये की रकम का इस्तेमाल कंपनी और/या उनकी सब्सिडियरी कंपनियों के सभी या कुछ बकाया उधारों के कुछ हिस्से या पूरे रीपेमेंट और/या प्री-पेमेंट और आम कॉर्पोरेट कामों के लिए करेगी। उल्लेखनीय है कि क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड एक वाणिज्यिक और औद्योगिक नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी है, जिसकी स्थापना वर्ष 2010 में मुंबई भारत में हुई थी। इस कंपनी की स्थापना कुलदीप जैन, प्रताप जैन और निधि जैन ने कॉर्पोरेट प्रमोटर बीजीटीएफ वन होल्डिंग्स (डीआईएफसी) लिमिटेड और केएमपीआईएसएल एलएलपी के साथ मिलकर की थी।

### पेप्सिको का पसंदीदा आलू चिप्स ब्रांड 'लेज' मार्च से नयी पैकिंग में नजर आयेगा

**नयी दिल्ली :** पेप्सिको का पसंदीदा आलू चिप्स ब्रांड लेज मार्च से भारत में अपनी नई ब्रांड पहचान यानी नई 'पैकिंग' में नजर आएगा। लेज का ये नया अवतार ब्रांड एंबेसडर रणबीर कपूर के साथ इसके नए 'लेज के लिए कुछ भी' कैंपेन के जरिए स्क्रीन पर दिखाया जायेगा। कंपनी ने जारी एक बयान में बताया कि पसंदीदा पोटैटो चिप्स ब्रांड लेज भारत में अपनी नई ब्रांड पहचान लॉन्च करेगा। पेप्सिको के अनुसार नये लोगो (पहचान चिह्न) वाले लेज के नए पैकेट मार्च के पहले हफ्ते से पूरे भारत में उपलब्ध होंगे। ये कंपनी के करीब 100 साल के इतिहास में सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड नवीनीकरण अभियान का हिस्सा है। यह बदलाव न केवल भारत में बल्कि, दुनियाभर के बाजारों में एक साथ किया जा रहा है, ताकि ब्रांड की वैश्विक पहचान को एकरूपता दी जा सके। पेप्सिको इंडिया में खाद्य उत्पादों की मुख्य विपणन अधिकारी (सीएमओ) साक्षी वर्मा मेनन ने कहा कि खेत से पैकेट तक की यात्रा को अधिक स्पष्ट तरीके से दर्शाते हुए हम लेज के विकास में टिकाऊपन तथा गुणवत्ता को केंद्र में रख रहे हैं।

# जियो आरोग्य AI से मिनटों में हेल्थ स्क्रीनिंग, AI क्लिनिक मॉडल पेश

- AI करेगा शुरुआती जांच, जरूरत पड़ने पर सीधे डॉक्टर से जोड़ेगा
- 'वॉयस AI डॉक्टर' करेगा प्रमुख भारतीय भाषाओं में संवाद
- प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स को AI-इनेबल्ड बनाने का दावा




**नयी दिल्ली :** इंडिया अकइम्पैक्ट समिट में जियो पवेलियन पर प्रदर्शित 'जियो आरोग्य AI' ने प्राइमरी हेल्थकेयर के क्षेत्र में अक आधारित क्लिनिक मॉडल पेश किया है। यह AI-पावर्ड सिस्टम कुछ ही मिनटों में मरीज के अहम हेल्थ पैरामीटर्स की स्क्रीनिंग कर उनका एनालिसिस करता है, सम्भावित रिस्क की पहचान करता है और जरूरत के मुताबिक स्पेशलिस्ट रेफरल की सलाह देता है। कम्पनी का दावा है कि इसका मकसद देश के प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स को AI-इनेबल्ड क्लिनिक में बदलना है, ताकि दूरदराज इलाकों में भी फास्ट और अफोर्डेबल हेल्थकेयर उपलब्ध हो सके।

इस सिस्टम में मरीज एक AI-एनेबल्ड डायग्नोस्टिक डिवाइस यानी स्मार्ट मिरर के सामने खड़ा होता है, जो आंखों, त्वचा और अन्य विजुअल संकेतों के आधार पर जरूरी रीडिंग लेता है। अकइन आंकड़ों का विश्लेषण कर प्रारंभिक हेल्थ असेसमेंट तैयार करता है। मरीज अपनी समस्या बोलकर 'वॉयस अकडॉक्टर' को बता सकता है। जरूरत पड़ने पर वॉयस अक डॉक्टर मरीज से अतिरिक्त सवाल भी पूछता है। इसकी खासियत यह है कि यह कई प्रमुख भारतीय भाषाओं में संवाद कर सकता है।

'जियो आरोग्य AI' मरीजों को अलग-अलग कैटेगरी में वगीर्कृत कर सकता है और जिन मामलों में तुरंत डॉक्टर की जरूरत हो, उन्हें प्राथमिकता से रेफर करता है। इससे डॉक्टरों का रूटीन वर्कलोड कम होने और गंभीर मामलों पर ज्यादा ध्यान देने में मदद मिल सकती है। कम्पनी के अनुसार, अक सिस्टम केवल प्रारंभिक असेसमेंट तैयार करता है और दवा या अन्य मेडिकल सहायता डॉक्टर की सलाह के बिना नहीं दी जाती।

कम्पनी का कहना है कि यह मॉडल मौजूदा हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की क्षमता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जहां कनेक्टिविटी उपलब्ध है, वहां अक क्लिनिक स्थापित किये जा सकते हैं। पोर्टेबल एक्स-रे और पोर्टेबल ईसीजी जैसे डिवाइस भी इससे जोड़े जा सकते हैं। साथ ही, मरीज जरूरत पड़ने पर ऑनलाइन कंसल्टेशन और दवाओं की डिजिटल ऑर्डरिंग जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकता है।

देश में डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार का फायदा उठाते हुए यदि जियो आरोग्य अकजैसे मॉडल बड़े पैमाने पर लागू होते हैं, तो यह शुरूआती जांच और विशेषज्ञ सलाह के बीच की दूरी कम करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## इंडिया AI इम्पैक्ट समिट में प्रधानमंत्री मोदी ने किया जियो पवेलियन का दौरा



- आकाश अम्बानी ने जियो के AI इकोसिस्टम की जानकारी प्रधानमंत्री को दी
- पीएम ने जियो इंटेलिजेंस से लेकर जियो आरोग्य AI तक कई मॉडलों की ली जानकारी

**नयी दिल्ली :** इंडिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इम्पैक्ट समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जियो के AI पवेलियन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जियो द्वारा विकसित विभिन्न AI आधारित मॉडलों और समाधानों की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने जियो इंटेलिजेंस, जियो संस्कृति AI, जियो आरोग्य AI, जियो शिक्षा और जियो अकहोम जैसे मॉडलों को देखा। इन मॉडलों का उद्देश्य क्रमशः एंटरप्राइज इंटेलिजेंस, भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक सामग्री, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा समाधान और स्मार्ट होम आधारित अक सुविधाओं को सुलभ बनाना है। जियो लम्बे समय से "AI for All" की अवधारणा पर जोर देता रहा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अम्बानी पहले भी कह चुके हैं कि तकनीक का वास्तविक लाभ तब मिलता है, जब वह बड़े पैमाने पर आम लोगों तक पहुंचे। इसी सोच के तहत जियो "AI for All" के विजन पर काम कर रही है। इंडिया अकइम्पैक्ट समिट में देश-विदेश की कई टेक कम्पनियां और नीति विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री के जियो पवेलियन के दौरा ने अकक्षेत्र में निजी क्षेत्र की पहलों पर ध्यान खींचा है।

## नेशनल उपभोक्ता हेल्पलाइन की मदद से 52 करोड़ की धनवापसी

- एक वर्ष से कम अवधि में रिकॉर्ड संख्या में उपभोक्ताओं को राहत
- सचिव निधि खरे ने कहा : ग्राहकों की शिकायतों का हर हाल में होगा निराकरण

**नयी दिल्ली :** उपभोक्ता मामले विभाग की राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। यह हेल्पलाइन उपभोक्ताओं को त्वरित, प्रभावी और सुलभ पूर्व-विवाद (प्री-लिटिगेशन) शिकायत निवारण उपलब्ध कराने में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

25 अप्रैल से 31 जनवरी के बीच हेल्पलाइन के माध्यम से उपभोक्ताओं को लगभग 52 करोड़ की धनवापसी सुनिश्चित की गयी है। यह जानकारी उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने दी। उन्होंने बताया कि हेल्पलाइन के जरिये उपभोक्ता आयोगों में औपचारिक वाद दायर किये बिना ही विवादों का समाधान किया जा रहा है। इससे न केवल उपभोक्ता आयोगों पर भार कम हो रहा है, बल्कि उपभोक्ताओं को शीघ्र और सौहार्दपूर्ण राहत भी मिल रही है। पिछले नौ महीनों में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने 31 क्षेत्रों में कुल 79,521 धनवापसी सम्बन्धी शिकायतों का निस्तारण करते हुए लगभग 52 करोड़ की वापसी सुनिश्चित करायी है। ई-कॉमर्स क्षेत्र में सर्वाधिक 47,743 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 36 करोड़ से अधिक की धनवापसी करायी गयी। इसके बाद ट्रैवल एवं पर्यटन क्षेत्र में 4 करोड़ से अधिक की धनवापसी सुनिश्चित की गयी। ई-कॉमर्स से संबंधित शिकायतें महानगरों के साथ-साथ दूरस्थ और कम आबादी वाले क्षेत्रों से भी प्राप्त हुईं, जो राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन की व्यापक पहुंच, सुलभता और प्रभावशीलता को दशार्ती हैं। यह मंच देशव्यापी उपभोक्ता शिकायत निवारण तंत्र के रूप में प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है। सचिव निधि खरे ने कहा कि उनका विभाग उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। बिना अनावश्यक परेशानी के उपभोक्ताओं के विवादों का समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है। इस दिशा में नेशनल उपभोक्ता हेल्पलाइन एक सशक्त और प्रभावी माध्यम सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता अटूट है और ये प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

## 'इंडो-नेपाल व्यापार मेला' नयी दिल्ली में 20 से 22 फरवरी तक पीएचडी चैंबर भवन में लगेगा

**नयी दिल्ली :** 'इंडो-नेपाल व्यापार मेला' 20 से 22 फरवरी तक नई दिल्ली के पीएचडी चैंबर भवन में लगाया जायेगा। व्यापार मेला के इस दूसरे संस्करण में 65 प्रदर्शनी स्टॉल होंगे। यह ऐतिहासिक द्विपक्षीय मेला भारत-नेपाल आर्थिक कूटनीति को और सुदृढ़ करते हुए दीर्घकालीन क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देगा। प्रेस क्लब में मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में एवरेस्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (ईसीसीआई) के अध्यक्ष युवराज बराल ने इंडो-नेपाल व्यापार मेला के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस व्यापार मेला के उद्घाटन सत्र में भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा, मुख्य अतिथि भारत सरकार के पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा नेपाल उद्योग वाणिज्य महासंघ (एफएनसीसीआई) के अध्यक्ष चंद्र प्रसाद ढकाल सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रहेगी।

## आर्टोसिटी ने शार्क टैंक इंडिया से जुटाये एक करोड़



**बोकारो :** लीडिंग मास-प्रीमियम लग्जरी थ्रीडी वॉल आर्ट और मैन्युफैक्चरिंग ब्रांड आर्टोसिटी ने शार्क टैंक इंडिया में 13.33 करोड़ की वैल्यूएशन पर 7.5 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी के लिए एक करोड़ जुटाए हैं। यह फंडिंग जाने-माने इन्वेस्टर नमिता थापर, एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, और विनीता सिंह, शुगर कॉस्मेटिक्स की को-फाउंडर और सीईओ से मिली है। यह कंपनी का पहला इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टमेंट है। भारत की दो सबसे प्रभावशाली महिला एंटरप्रेन्योर्स के सपोर्ट से कंज्यूमर ब्रांड बिल्डिंग, मैन्युफैक्चरिंग स्केल और रिटेल एक्सपेंशन में गहरी एक्सपर्टीज मिलती है। इन्वेस्टर्स ने फाउंडर्स के लचीलेपन की तारीफ की और भारत के तेजी से बढ़ते प्रीमियम होम डेकोर सेगमेंट में आर्टोसिटी के बिजनेस मॉडल के बहुत ज्यादा स्केलेबल नेचर पर जोर दिया। इस फंड का इस्तेमाल झारखंड के बोकारो में एक नई, स्टेट-ऑफ-द-आर्ट मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी बनाने के लिए किया जाएगा, ताकि प्रोडक्शन कैपेसिटी बढ़ाई जा सके और ज्यादा सख्त क्वालिटी कंट्रोल और जल्दी डिलीवरी पक्की हो सके। यह कदम आर्टोसिटी के एक्सपीरियंस-बेस्ड रिटेल फॉर्मेट को सपोर्ट करता है, जिसे अभी दिल्ली के कीर्ति नगर में इसका तीन हजार स्कॉयर फीट का आर्टोसिटी एक्सपीरियंस सेंटर लीड कर रहा है। कंपनी पुणे, बेंगलुरु और चेन्नई में नये सेंटर खोलने की योजना बना रही है, साथ ही मीडियम टर्म में इंटरनेशनल एक्सपोर्ट के मौकों को भी तलाश रही है। आर्टोसिटी के फाउंडर और सीईओ इंद्रजीत कुमार ने कहा कि मिडिल ईस्ट में एग्ज़िबिशन मैनेज करते समय, मैंने इंडियन मार्केट में प्रीमियम, हाई-क्वालिटी रिलीफ थ्रीडी वॉल डेकोर के लिए एक बड़ा गैप देखा। हमने पैंडेमिक के दौरान टियर-2 इंडिया से एक नेशनल डिजाइन-मैन्युफैक्चरिंग ब्रांड बनाने के विजन के साथ आर्टोसिटी बनाई। यह इन्वेस्टमेंट हमारे इस विश्वास को सही साबित करता है कि 'मेड इन बोकारो' का मतलब इंडस्ट्रियल लेवल पर वर्ल्ड-क्लास क्वालिटी हो सकता है। हम अपने इन्वेस्टर्स के उस भरोसे के लिए बहुत आभारी हैं जो उन्होंने हमारे लॉन्ग-टर्म विजन में दिखाया है। को-फाउंडर और टेक्नोलॉजी और फाइनेंस की हेड स्वातिकी प्रकाश ने कहा कि इंडिया में अपनी नींव बनाना और शुरू से ऑपरेशन्स को बढ़ाना सिर्फ.आर्ट बनाने के बारे में नहीं था, यह स्केलेबल मैन्युफैक्चरिंग की इंजीनियरिंग के बारे में था। प्रोडक्शन को पूरी तरह से इन-हाउस रखकर, हम झारखंड में अच्छे रोजगार के मौके बनाते हुए अपने डिजाइन्स में सटीकता और क्वालिटी बनाये रखते हैं।

## सीतारमण और नॉर्वे के वित्त मंत्री स्टोलटेनबर्ग ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग पर की चर्चा



**नयी दिल्ली :** नॉर्वे की दो दिवसीय यात्रा पर गयी केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को ओस्लो में अपने समकक्ष जेन्स स्टोलटेनबर्ग से मुलाकात की। इस दौरान दोनों वित्त मंत्रियों ने स्टोलटेनबर्ग के साथ नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से सौर ऊर्जा, दुर्लभ खनिज प्रसंस्करण और कार्बन कैप्चर एवं भंडारण में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय के मुताबिक दोनों नेताओं ने इस मुलाकात के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से सौर ऊर्जा, दुर्लभ खनिज प्रसंस्करण और कार्बन कैप्चर एवं भंडारण क्षेत्र में मिलकर काम करने पर चर्चा की। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने विशेष रूप से समुद्री अर्थव्यवस्था और हरित अर्थव्यवस्था के साथ व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) का लाभ उठाने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई। ओस्लो में निर्मला सीतारमण के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक में नॉर्वे के वित्त मंत्री जेन्स स्टोलटेनबर्ग स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि निवेश और विकास के लिए कई अवसर प्रदान करती है। स्टोलटेनबर्ग ने सीतारमण को यह भी बताया कि नॉर्वे इस वर्ष के अंत में होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई की कि इससे भारत और नॉर्वे के बीच सहयोग और बढ़ेगा।

## सोनी सब के नये मेडिकल ड्रामा 'यादें' में गुलकी जोशी की एंट्री मजबूत



**मुंबई :** सोनी सब अपने नये मेडिकल ड्रामा हुई गुम यादें एक डॉक्टर, दो ज़िंदगियां पेश करने जा रहा है। प्रसिद्ध अभिनेत्री गुलकी जोशी इस शो में अहम्‌ किरदार निभाने जा रही हैं। वे सृष्टि का रोल करेंगी, जो डॉक्टर देव मेहता की पूर्व पत्नी है। गुलकी एक मजबूत, बुद्धिमान और भावनात्मक रूप से गहरी महिला का किरदार निभायेंगी, जो अपने पेशेवर और निजी जीवन को शांत दृढ़ता के साथ संतुलित करती है। गुलकी जोशी ने अपने किरदार को लेकर कहा मैं सचमुच बहुत उत्साहित हूं कि यादें का हिस्सा बनी हूं। जब मैंने कहानी सुनी, तो तुरंत महसूस हुआ कि यह वही शो है, जिससे मैं जुड़ना चाहती हूँ। यह कहानी ज्यादा नाटकीय नहीं लगी, बल्कि बेहद वास्तविक लगी। भावनाएँ, रिश्ते, सब कुछ ईमानदार और जुड़ाव भरा लगा। इस प्रोजेक्ट ने मुझे वही सुकून और उत्साह दिया है। सेट पर ऊर्जा पहले से ही सकारात्मक और केंद्रित है और यह बहुत मायने रखता है। जब हर कोई उस कहानी पर विश्वास करता है, जिसे वे बता रहे हैं, तो पूरा सफर और भी खास हो जाता है। हुई गुम यादें- एक डॉक्टर, दो ज़िंदगियां जल्द ही सोनी सब पर देखना न भूलें।

# अदाणी ने एआई इंफ्रास्ट्रक्चर में जतायी 09 लाख करोड़ रुपये निवेश की प्रतिबद्धता

**अहमदाबाद :** अदाणी ग्रुप ने एआई के क्षेत्र में बड़े निवेश की प्रतिबद्धता जताई। यह प्रतिबद्धता 100 बिलियन यूएस डॉलर या तकरीबन 9 लाख करोड़ रुपए के सीधे निवेश की है। इसके तहत साल 2035 तक रिन्यूएबल एनर्जी से चलने वाले, हाइपरस्केल एआई-रेडी डेटा सेंटर और जरूरी दूसरे एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार किया जाएगा। इसे भारत को एआई क्रांति में ग्लोबल लीडर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस निवेश से 2035 तक सर्वर मैन्युफैक्चरिंग, एडवांस्ड इलेक्ट्रिकल इंफ्रास्ट्रक्चर, सॉवरेन क्लाउड प्लेटफॉर्म और सपोर्टिंग इंडस्ट्रीज में अतिरिक्त 150 बिलियन यूएस डॉलर या तकरीबन 14 लाख करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। इन सब को मिलाकर, इस दशक में भारत में 250 बिलियन यूएस डॉलर या तकरीबन 22 लाख करोड़ रुपए का एआई इंफ्रास्ट्रक्चर इकोसिस्टम बनने का अनुमान है।

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन, गौतम अदाणी ने कहा, दुनिया एक ऐसी इंटेलिजेंस क्रांति में जा रही है जो पिछली किसी भी इंडस्ट्रियल क्रांति से कहीं ज्यादा बड़ी है। जो देश एनर्जी और कंप्यूटिंग के बीच तालमेल बिठाने में माहिर होंगे, वे अगले दशक को आकार देंगे। भारत नेतृत्व करने के लिहाज से खास स्थिति में है। अदाणी में, हम डेटा सेंटर और ग्रीन एनर्जी के जरिए नींव तैयार रहे हैं ताकि भारत की तकनीकी संप्रभुता सुनिश्चित करते हुए पूरे पांच-लेयर एआई स्टैक में विस्तार किया जा सके। एआई के दौर में भारत सिर्फ एक कंज्यूमर नहीं होगा। हम इंटेलिजेंस के क्रिएटर, बिल्डर और एक्सपोर्टर होंगे और हमें ऐसे भविष्य में हिस्सा लेने पर गर्व है। यह रोडमैप अदाणीकॉनेक्स के मौजूदा 2 गीगावॉट नेशनल डेटा सेंटर पर बना है, जो 5 गीगावाट के टारगेट की ओर बढ़ रहा है, जो भारत को ग्लोबल एआई इकोनॉमी के सेंटर में रखता है। यह विजन गूगल के साथ ऐतिहासिक पार्टनरशिप पर आधारित है, जिसके तहत विशाखापत्तनम में देश का सबसे बड़ा गीगावाट-स्केल एआई डेटा सेंटर कैंपस, नोएडा में और कैंपस, और हैदराबाद और पुणे में माइक्रोसॉफ्ट के साथ कैंपस बनाया जाएगा। अदाणी ग्रुप दूसरे बड़े प्लेयर्स के साथ भी बातचीत कर रहा है, जो पूरे भारत में बड़े पैमाने पर कैंपस बनाना चाहते हैं, जिससे भारत के प्रमुख एआई इंफ्रास्ट्रक्चर पार्टनर के रूप में उसकी स्थिति और मजबूत होगी। इस विजन के हिसाब से, अदाणी ग्रुप, फ्लिपकार्ट के साथ अपनी डेटा सेंटर पार्टनरशिप को भी और गहरा करेगा, और फ्लिपकार्ट के नेक्स्ट-जेनरेशन डिजिटल कॉमर्स, हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग और बड़े पैमाने पर एआई वर्कलोड को सपोर्ट करने के मकसद से बनाए गए दूसरे एआई डेटा सेंटर के डेवलपमेंट की दिशा में सहयोग को आगे बढ़ाएगा।

**दुनिया का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड डेटा सेंटर प्लेटफॉर्म**

5 गीगावॉट का डिप्लॉयमेंट दुनिया का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड डेटा सेंटर प्लेटफॉर्म बनाएगा, जो रिन्यूएबल पावर जेनरेशन, ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर और हाइपरस्केल एआई कंप्यूट को एक ही कोऑर्डिनेटेड आर्किटेक्चर में मिलाएगा। पारंपरिक डेटा सेंटर एक्सपेंशन के उलट, यह प्रोग्राम एक यूनिफाइड एनर्जी-और-कंप्यूट इकोसिस्टम के तौर पर डिजाइन किया गया है, जहां जेनरेशन, ग्रिड रेजिलिएंस और हाई-डेंसिटी प्रोसेसिंग कैपेसिटी को एक साथ डेवलप किया जाता है। फैसिलिटीज को बड़े हाई-डेंसिटी कंप्यूट क्लस्टर्स और नेक्स्ट-जेनरेशन अक वर्कलोड के लिए ऑप्टिमाइज किया जाएगा, जिन्हें एडवांस्ड लिक्विड कूलिंग सिस्टम और हाई-एफिशिएंसी पावर आर्किटेक्चर से सपोर्ट मिलेगा। डेडिकेटेड कंप्यूट कैपेसिटी इंडियन लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स और नेशनल डेटा इनिशिएटिव्स को सपोर्ट करेगी, जिससे लंबे समय तक डेटा सॉवरेनिटी पक्की होगी। भरोसेमंद ट्रांसमिशन नेटवर्क और एडवांस्ड ग्रिड सिस्टम इस प्लेटफॉर्म को मजबूती देंगे, जिससे हाइपरस्केल पर स्टेबिलिटी, स्केलेबिलिटी और अपटाइम पक्का होगा।

## पेज एक के शेष

**भारत और फ्रांस के बीच कोई बाउंड्री नहीं : मोदी...**

हो या तकनीक, जहां कोई वर्चस्व न हो। हम कानून के शासन में दृढ़ विश्वास रखते हैं और हमने पिछले कुछ वर्षों में इस बात को साबित भी किया है। चाहे वह आईएमईसी (भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा) हो, जिसे हमने संयुक्त रूप से लॉन्च किया, या फिर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन हो, हमने पिछले आठ वर्षों में मिल कर कई पहल की हैं।

**3.25 लाख करोड़ की डील सम्भव**

**यूरोपीय** यूनियन, अमेरिका के साथ डील के बाद पूरी दुनिया की नजर भारत की फ्रांस के साथ होनेवाली डील पर है। इसके बाद द्विपक्षीय मुलाकात बेहद अहम रहनेवाली है। सूत्रों के मुताबिक, भारत-फ्रांस के बीच 3.25 लाख करोड़ की डील हो सकती है। कीमत के हिसाब से यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी सैन्य डील मानी जा रही है। भारत को फ्रांस से 114 राफेल फाइटर जेट मिलनेवाले हैं।

**देश में एआई में दो सालों में आयेगा 200 अरब डॉलर निवेश : अश्विनी...**

इसके लिए केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि तकनीकी और कानूनी दृष्टिकोण अपनाना होगा। भारत का कृत्रिम बुद्धिमत्ता सुरक्षा संस्थान कई शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर ऐसे तकनीकी समाधान तैयार कर रहा है, जो एआई के दुष्प्रभावों को रोक सकें।

एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेनसन हुआंग के सम्मेलन में शामिल न होने पर वैष्णव ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से आने में असमर्थता जतायी, लेकिन अपनी वरिष्ठ टीम को भेजा है। एनवीडिया भारत की कई कंपनियों के साथ मिलकर एआई ढांचा और सॉफ्टवेयर के बड़े निवेश कर रहा है। वैष्णव ने कहा कि भारत अपने मजबूत आईटी सेक्टर में तकनीकी बदलाव को रणनीतिक रूप से सम्भाल रहा है। सरकार, उद्योग और शिक्षा संस्थानों के सहयोग से कर्मचारियों की प्रतिभाओं को निखारना, नयी प्रतिभा तैयार करना और भविष्य की पीढ़ियों को तैयार करना प्रमुख उद्देश्य है। एआई आधारित रीस्किलिंग और 100 से अधिक कॉलेजों में पाठ्यक्रम सुधारों के जरिये युवाओं को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार किया जा रहा है।

**एआई भारत को ज्ञान महाशक्ति बनायेगा : प्रधान...**

पर देश की क्षमता को प्रदर्शित करना है। भारत तीव्र गति से एआई को अपनाते हुए वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की प्राप्ति में एआई की महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी।

प्रधान ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में एआई का उपयोग और एआई आधारित शिक्षा एक-दूसरे के पूरक हैं। आज की युवा पीढ़ी नयी सोच और नवाचार की क्षमता से परिपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से एआई को अपनाने, इसके माध्यम से स्वयं को सशक्त बनाने और नये समाधान विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय युवाओं के प्रयास ही भारत को वैश्विक एआई मानचित्र पर अग्रणी शक्ति के रूप में स्थापित करेंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य के अनुरूप शिक्षा प्रणाली में एआई के एकीकरण को मंत्रालय का प्रमुख प्रयास बताते हुए उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में डिजिटल प्लेटफॉर्म, नीतिगत ढांचे, संस्थागत सुधार, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, कौशल विकास और उन्नत अनुसंधान-नवाचार के लिए एआई-समर्थ आधारभूत संरचना तैयार की गयी है। इस सत्र का उद्देश्य भारत के राष्ट्रीय एआई-इन-एजुकेशन रोडमैप को तैयार करना और उद्योग, शिक्षाविदों तथा सरकार के बीच सहयोग को मजबूत करना है।

कार्यक्रम में शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि समिट में शिक्षा के विभिन्न स्तरों-प्रारंभिक शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान और वैश्विक नेतृत्व में एआई के संरचित एकीकरण पर सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने मंत्रालय और स्किल इंडिया पवेलियन का भी दौरा किया, जहां भारत-केन्द्रित एआई समाधानों का प्रदर्शन किया गया।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक दशक में शिक्षा मंत्रालय ने डिजिटल प्लेटफॉर्म, नीतिगत ढांचे, संस्थागत सुधार और व्यापक क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से एआई-सक्षम शिक्षा की नींव मजबूत की है। बजट घोषणा के बाद सरकार ने आईआईटी मद्रास में एआई फॉर एजुकेशन के लिए उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना की है। सत्र में उद्योग जगत और निवेश पारिस्थितिकी तंत्र के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें जोहो कॉरपोरेशन के संस्थापक और सीईओ डॉ. श्रीधर वेम्बू, इन्फ्लेक्शन के टेक्नोलॉजिस्ट और इनोवेशन लीडर डॉ. विभु मित्तल, पीक श्‌ पार्टनर्स के प्रबंध निदेशक राजन आनंदन, आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल, आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामकोटि, आईआईटी बॉम्बे की प्रो. सुनीता सरावगी सहित अन्य विशेषज्ञ शामिल थे। इस सत्र का संचालन आईआईटी जम्मू के निदेशक प्रोफेसर मनोज एस. गौर ने किया। चर्चा में एआई के जिम्मेदार उपयोग, स्वदेशी नवाचार, राष्ट्रीय शिक्षण प्लेटफॉर्म, शासन ढांचे और उद्योगझ्रअकादमिकझ्रसरकार सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया गया। सत्र का उद्देश्य शिक्षा में एआई के लिए राष्ट्रीय रोडमैप तैयार करना और इसे व्यापक स्तर पर लागू करने की दिशा में ठोस रणनीति विकसित करना था।

**ममता बनर्जी का आरोप, चुनाव आयोग बना 'तुगलकी आयोग'...**

प्रक्रिया के दौरान भारतीय जनता पार्टी के निर्देश पर राज्य के मतदाताओं के नाम सूची से हटाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तर्कहीन विसंगतियों का हवाला देकर आम लोगों से उनका लोकतांत्रिक अधिकार छीना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी को संतुष्ट करने के लिए बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है।

ममता ने दावा किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण से उत्पन्न चिन्ता और कार्य सम्बन्धी दबाव के कारण राज्य में 160 लोगों की मृत्यु हुई है।

**ईडी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर झारखंड हाई कोर्ट की रोक बरकरार...**

लेकर भी अहम निर्देश दिये थे। अदालत ने केन्द्र सरकार को कार्यालय की सुरक्षा के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) या अन्य अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिये थे। साथ ही, रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। अदालत ने हिनू स्थित ईडी कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने के भी आदेश दिये थे।

ईडी अधिकारियों ने अपनी याचिका में अदालत से अनुरोध किया है कि उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर और आपराधिक कार्रवाई को रद्द किया जाये या मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी, जैसे केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), को सौंप दी जाये। इसके अलावा ईडी ने शिकायतकर्ता संतोष कुमार के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की है।

ईडी के अनुसार, संतोष कुमार पर लगभग 23 करोड़ रुपये के सरकारी धन के गबन का आरोप है, जो कथित पेयजल घोटाले से जुड़ा है। एजेंसी ने उनके खिलाफ ईसीआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। ईडी का कहना है कि 12 जनवरी 2026 को संतोष कुमार स्वयं ईडी कार्यालय पहुंचे थे, जहां पूछताछ के दौरान वह अचानक उत्तेजित हो गये और खुद को चोट पहुंचा ली। इसके बाद उन्होंने ईडी अधिकारियों पर हमला करने का आरोप लगाते हुए एयरपोर्ट थाना में मामला दर्ज कराया।

फिलहाल, उच्च न्यायालय के इस आदेश से ईडी अधिकारियों को अंतरिम राहत मिली है। अब 24 फरवरी को होनेवाली सुनवाई में राज्य सरकार अपना पक्ष रखेगी, जिसके बाद अदालत आगे की कार्रवाई पर फैसला करेगी।

**सलीम खान की तबीयत बिगड़ी अस्पताल में भर्ती...**

प्रतिष्ठित लेखकों में गिने जाते हैं और उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों की पटकथा लिखी है। हाल ही में नवम्बर 2025 में उन्होंने अपनी पत्नी सलमा खान के साथ शादी की 61वीं सालगिरह मनायी थी। फिलहाल, परिवार की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। प्रशंसक उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

**लालू की सजा निलम्बन की याचिका पर सुनवाई टली...**

3.5 साल की सजा सुनायी थी। इसके साथ ही देवघर जिला पशुपालन विभाग को दवा और अस्पताल के लिए सामानों की खरीद के लिए 4.7 करोड़ रुपये दिये गये थे, लेकिन आरोप लगा कि घोटाला करने वालों ने फेक रसीद के सहारे 89 लाख रुपये से अधिक की राशि निकाल ली। इस केस में लालू यादव पर आरोप है कि उन्होंने पद का दुरुपयोग किया और मामले की जांच के लिए आई फाइल को अपने पास रोके रखा।

रिपोर्ट के मुताबिक केस को लेकर यह मामला जब गम्भीर हुआ, तो जांच के आदेश दिये गये। लालू यादव देवघर चारा घोटाला मामले के साथ ही 04 अन्य केस में भी सजायाफ्ता हैं। उन्हें चाईबासा ट्रेजरी से अवैध निकासी के 02 मामले के अलावा दुमका ट्रेजरी से अवैध निकासी और डोरंडा मामले में सजा सुनायी जा चुकी है। यह घोटाला चारा घोटाले का हिस्सा है, जिसमें लालू को चाईबासा, दुमका और डोरंडा जैसे चार अन्य मामलों में भी सजा हो चुकी है। स्वास्थ्य आधार पर उन्हें जमानत मिली हुई है।

**सर्वदलीय बैठक में सुचारु संचालन पर बनी सहमति...**

भी विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने सभी दलों से अपील की कि इन महत्त्वपूर्ण विषयों पर सदन में गम्भीर और सार्थक चर्चा हो, ताकि जनहित से जुड़े मुद्दों का प्रभावी समाधान निकल सके। अध्यक्ष महतो ने बताया कि 23 फरवरी को झारखंड में नगर पंचायत चुनाव निर्धारित है। ऐसे में संसदीय कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया जायेगा कि 23 फरवरी को सदन की कार्यवाही स्थगित रखी जाये, ताकि सभी विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में चुनावी दायित्वों का निर्वहन कर सकें। उन्होंने सभी दलों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सदन का व्यवस्थित संचालन अत्यन्त आवश्यक है और इसके लिए सत्ता पक्ष एवं विपक्ष ; दोनों की सकारात्मक भूमिका जरूरी है। सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री हेम५ति सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के प्रतिनिधि तथा कांग्रेस विधायक दल के नेता सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्य उपस्थित रहे।

## एक झलक

### तारिक रहमान बने बांग्लादेश के नये पीएम

**संसद भवन में ली शपथ, 25 कैबिनेट और 24 राज्य मंत्री सरकार में होंगे शामिल**

**ढाका** : बांग्लादेश में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान देश के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई। रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है। इनमें एक हिंदू मंत्री भी शामिल है। 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं। राज्य मंत्रियों में से 24 नए हैं। प्रधानमंत्री तारिक रहमान भी पहली बार मंत्रिमंडल के सदस्य बन रहे हैं। इस बीच संविधान में बदलाव को लेकर सियासी टकराव तेज हो गया है। दरअसल, 12 फरवरी संसद चुनाव के साथ 'जुलाई चार्टर' पर जनमत संग्रह भी हुआ था। इसमें 62 प्रतिशत लोगों ने 'हां' में वोट दिया। जुलाई चार्टर के मुताबिक नई संसद 180 दिनों के लिए संविधान सभा की तरह काम करेगी। इस अवधि के दौरान संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं में बदलाव किए जाते। जुलाई चार्टर का मकसद देश में ताकत का एकाधिकार खत्म करना और संतुलन बनाना है। इससे प्रधानमंत्री की ताकत घटती और राष्ट्रपति को अधिकार दिए जाते। बीएनपी ने जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन उसके नेता कई प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं।

### आत्मघाती हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों की मौत

**कराची** : पाकिस्तान में हुए एक बड़े आत्मघाती हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों सहित 12 लोगों की मौत हो गई। आतंकवादियों ने विस्फोटकों से भरी एक गाड़ी को सेना की चौकी की दीवार से टकरा दिया। पाकिस्तान लगातार हिंसा और धमाकों से जूझ रहा है। पाकिस्तानी सेना ने बताया है कि यह हमला अफगानिस्तान की सीमा से लगे बाजुर जिले में सोमवार को हुआ। इस आत्मघाती हमले में सात लोग घायल भी हुए हैं। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना ने बताया है कि सुरक्षाकर्मियों ने जब आतंकवादियों को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने विस्फोटकों से लदी गाड़ी को दीवार से टकरा दिया। सेना का कहना है कि इस आत्मघाती हमले के दौरान 12 आतंकवादी भी मारे गए हैं।

### आइस एरीना में फायरिंग में तीन की मौत

**सैन फ्रांसिस्को** : अमेरिका के पावकेट स्थित एक आइस एरीना में हुई फायरिंग में तीन लोगों की मौत हो गई, और कई गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक मृतकों में हमलावर भी शामिल है, जिसने घटना के बाद खुद को गोली मार ली। यह घटना डेनिस एम लिंच एरिना में हुई। जहां कई स्कूलों का हॉकी मैच चल रहा था। उस समय एरीना में बड़ी संख्या में छात्र और उनके अभिभावक मौजूद थे, जिससे अफरा-तफरी मच गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जांच से पता चला है कि हमलावर ने अपने ही परिवार के सदस्यों को निशाना बनाया है। मरने वालों में एक छोटी बच्ची भी शामिल है। गोली लगने से घायल तीनों लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका इलाज चल रहा है। अब तक ये पता नहीं चल सका है कि हमलावर ने फायरिंग क्यों की और इसके पीछे उसका मकसद क्या था।

### सौन्दर्य प्रसाधन कम्पनी पैट मैक्ग्रा संकट में

**वॉशिंगटन** : लंदन की अश्वेत लडकी पैट मैक्ग्रा, जिसने मां के किचन से शुरू करके पेरिस-मिलान के सबसे बड़े रैम्प तक मेकअप का जादू पहुंचाया। आज अपनी ही कंपनी पैट मैक्ग्रा लैब्स को दिवालियेपन से बचाने की लड़ाई लड़ रही हैं। दुनिया उन्हें 'मदर ऑफ मेकअप' कहती है। मैडोना, टेलर स्विफ्ट, किम कार्दशियां से लेकर रिहाना तक के जिन चेहरों को हम रेड कार्पेट पर चमकता देखते हैं, उनमें पैट के ब्रश का स्पर्श होता है। 2015 में शुरू हुआ उनका ब्रांड पैट मैक्ग्रा लैब्स 2018 में 9000 करोड़ रु. से ज्यादा का सौंदर्य कारोबार कर रहा था।

# कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति का शंखनाद, जयपुर से शुरू हुआ एआई आधारित प्लेटफॉर्म 'भारत विस्तार'

एजेंसी

**जयपुर** : केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 'भारत विस्तार' के माध्यम से देश में कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति का शंखनाद हुआ है। एआई आधारित यह प्लेटफॉर्म किसानों को उनकी खेती से जुड़ी जरूरी जानकारियां सही समय पर और एकीकृत डिजिटल व्यवस्था में उपलब्ध कराएगा।
मंत्री चौहान मंगलवार को राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान दुर्गापुरा में आयोजित 'भारत विस्तार' के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुलाबी नगरी जयपुर से शुरू हुआ यह प्लेटफॉर्म किसानों को रियल टाइम मंडी भाव, कृषि वैज्ञानिकों की सलाह, मौसम पूर्वानुमान, फसल बीमा, कृषि ऋण, सरकारी योजनाओं की पात्रता और आवेदन जैसी सुविधाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराएगा। फिलहाल यह हिंदी और अंग्रेजी में शुरू किया गया है तथा जल्द ही 11 अन्य भारतीय भाषाओं में भी उपलब्ध होगा। भविष्य में इसे एग्रीस्टैक से भी जोड़ा जाएगा, जिससे किसान अपनी फार्मर आईडी के माध्यम से खेत से जुड़ी समस्याओं का समाधान पा सकेंगे।
चौहान ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के हित में निरंतर कार्य हो रहे हैं। एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीद, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्राकृतिक खेती, इंटीग्रेटेड फार्मिंग और कृषि विविधीकरण जैसे कदमों से अन्नदाता को लाभ मिल रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसानों और पशुपालकों के हितों पर किसी भी प्रकार की आंच नहीं आने दी जाएगी तथा डेयरी उत्पादों का आयात नहीं किया जाएगा।




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि एआई आधारित 'भारत विस्तार' कृषि आधुनिकीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में 10 एग्रो क्लाइमेटिक जोन हैं और निरंतर नवाचारों के चलते सूक्ष्म सिंचाई के क्षेत्र में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि यह प्लेटफॉर्म किसानों तक सेवाओं की पहुंच को सरल, एकीकृत और भरोसेमंद बनाएगा।
मुख्यमंत्री ने वैज्ञानिक खेती पर जोर देते हुए कहा कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर ही उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 'मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना' के तहत 14 लाख से अधिक पशुओं का बीमा, 'राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना' के तहत 676 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण और 'मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना' के अंतर्गत पांच रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन दिया जा रहा है।
कार्यक्रम में 'एआई हैकथॉन', 'एग्री कोष' और एआई फॉर एग्रीकल्चर रोडमैप भी लॉन्च किया गया। 'भारत विस्तार' के लाइव डेमो में किसानों ने हेल्पलाइन नंबर 155261 पर कॉल कर अपनी समस्याएं रखीं और एआई के माध्यम से तत्काल समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, सांसद मंजू शर्मा, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, केन्द्रीय कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्री, कृषि विश्वविद्यालयों और मंडियों के प्रतिनिधि भी जुड़े। 'भारत विस्तार' के शुभारंभ के साथ ही कृषि क्षेत्र में डिजिटल नवाचार का नया अध्याय शुरू हो गया है, जिससे देश के करोड़ों किसानों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

## भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न

# वैश्विक व्यापार भागीदारी में भारत की रणनीतिक सफलता

■ 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष सुश्री उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने की ऐतिहासिक उपलब्धि की घोषणा

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारत (विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था) और यूरोपीय संघ (विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था), जो वैश्विक जीडीपी का 25% प्रतिनिधित्व करते हैं, ने एक विश्वसनीय साझेदारी स्थापित की।
अभूतपूर्व बाजार पहुंच : 99% से अधिक भारतीय निर्यात को यूरोपीय संघ में वरीयता प्राप्त प्रवेश मिलेगा, जिससे व्यापक विकास सम्भावनाएं खुलेंगी। यह एफटीए एमएसएमई के लिए नये अवसर खोलेगा तथा महिलाओं, कारीगरों, युवाओं और पेशेवरों के लिए रोजगार सृजन करेगा। 6.41 लाख करोड़ (75 बिलियन अमेरिकी डॉलर) के निर्यात को नयी गति मिलने की सम्भावना है। वस्त्र, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के 33 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात को वरीयता प्राप्त पहुंच से विशेष लाभ होगा। संतुलित और सावधानीपूर्वक ऑटो क्षेत्र उदारीकरण, पारस्परिक बाजार पहुंच के साथ, 'मेक इन इंडिया' को गति देगा। अनुकूल बाजार पहुंच से भारत के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात के लिए नया अवसर खुलेंगे। भारत ने संवेदनशील कृषि उत्पादों और डेयरी क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की है। इन क्षेत्रों में कोई बाजार पहुंच नहीं दी गयी है।
सेवाओं के क्षेत्र में महत्त्वाकांक्षी और व्यावसायिक रूप से सार्थक बाजार पहुंच सुनिश्चित की गयी है। भविष्य उन्मुख गतिशीलता ढांचा, कुशल और अर्ध-कुशल भारतीय पेशेवरों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार करेगा। सीबीएएम प्रावधानों के माध्यम से रचनात्मक संवाद और सहयोग को सुरक्षित किया गया है।



भारत-यूरोपीय संघ एफटीए समावेशी, सुदृढ़ और भविष्य-तैयार विकास की नींव रखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष सुश्री उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने आज भारत की यात्रा पर आये यूरोपीय नेताओं की उपस्थिति में आयोजित 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के संपन्न होने की संयुक्त घोषणा की। यह घोषणा भारत-यूरोपीय संघ आर्थिक सम्बन्धों और प्रमुख वैश्विक भागीदारों के साथ भारत की व्यापारिक भागीदारी में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह एफटीए भारत और यूरोपीय संघ को खुले बाजार, पूर्वानुमेयता और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्ध विश्वसनीय साझेदार के रूप में स्थापित करता है।
2022 में वार्ता पुनः प्रारम्भ होने के बाद से गहन बातचीत के पश्चात यह समझौता सम्पन्न हुआ है। यह वर्षों की निरंतर संवाद और सहयोग का परिणाम है, जो संतुलित, आधुनिक और नियम-आधारित आर्थिक साझेदारी की साझा दृष्टि को दर्शाता है। यूरोपीय संघ भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है। वर्ष 2024-25 में वस्तुओं के द्विपक्षीय व्यापार का मूल्य 11.5 लाख करोड़ (136.54 बिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा, जिसमें ?6.4 लाख करोड़ (75.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर) का निर्यात और 5.1 लाख करोड़ (60.68 बिलियन अमेरिकी डॉलर) का आयात शामिल है। सेवाओं का व्यापार 2024 में 7.2 लाख करोड़ (83.10 बिलियन अमेरिकी डॉलर) तक पहुंचा।
दोनों अर्थव्यवस्थाएँ मिलकर वैश्विक व्यापार का लगभग एक-तिहाई प्रतिनिधित्व करती हैं। इन बड़ी, विविध और पूरक अर्थव्यवस्थाओं का एकीकरण अभूतपूर्व व्यापार और निवेश अवसर उत्पन्न करेगा। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इसे भारत की वैश्विक आर्थिक दृष्टि की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक व्यापार समझौता नहीं, बल्कि रणनीतिक आयामों वाला व्यापक साझेदारी ढांचा है, जो 'मेक इन इंडिया' को सुदृढ़ करेगा और सेवाओं व गतिशीलता में उच्च-स्तरीय अवसर प्रदान करेगा।

# गोवा समुद्री सम्मेलन 21 को, 14 देशों की नौसेनाएं सुरक्षा चुनौतियों पर करेंगी चर्चा

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय नौसेना का गोवा समुद्री सम्मेलन 21 फरवरी को गोवा के नौसैनिक युद्ध महाविद्यालय में होगा। यह सम्मेलन हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के समुद्री सुरक्षा विशेषज्ञों की सामूहिक बुद्धिमत्ता और परिचालन अनुभव को एक मंच पर लाएगा। सम्मेलन में समकालीन समुद्री चुनौतियों का समाधान निकालने के उद्देश्य से हिस्सा लेने वाली नौसेनाओं के संयुक्त प्रयासों पर चर्चा की जाएगी। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी 14 देशों के नौसेना प्रमुखों, समुद्री बलों के प्रमुखों तथा वरिष्ठ प्रतिनिधियों की मेजबानी करेंगे। इन देशों में बांग्लादेश, कोमोरोस, इंडोनेशिया, केन्या, मेडागास्कर, मलेशिया, मालदीव, मॉरीशस, म्यांमार, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड और तंजानिया शामिल हैं। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन में प्रख्यात वक्ता और विषय-विशेषज्ञ समुद्री सूचनाओं के वास्तविक समय में आदान-प्रदान और क्षमताओं को मजबूत करने के लिए संयुक्त प्रयासों पर चर्चा करेंगे। पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश मुख्य भाषण देंगे।
इस वर्ष के सम्मेलन का विषय 'हिंद महासागर क्षेत्र में साझा समुद्री सुरक्षा चुनौतियां-अवैध और अनियमित मत्स्य पालन तथा अन्य अवैध समुद्री गतिविधियों जैसे गतिशील खतरों को कम करने के लिए प्रयासों को आगे बढ़ाना' रखा गया है। यह विषय हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री देशों के बीच तालमेल, सहयोग और समन्वय अनिवार्य आवश्यकता को रेखांकित करता है।




■ नौसेना प्रमुख करेंगे मेजबानी, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ होंगे मुख्य अतिथि

### नितिन नवीन 20 से गुजरात दौरे पर

**गांधीनगर** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 20 से 22 फरवरी तक तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे अहमदाबाद और गांधीनगर में आयोजित 10 से अधिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।
इस संबंध में गुजरात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा ने कोबा, गांधीनगर स्थित प्रदेश कार्यालय ह्यश्री कमलमह्न में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा विचारधारा आधारित कार्यकताओं की पार्टी है, जहां बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है।

## आईसीजी-गुजरात एटीएस ने समुद्री सीमा पर 203 किलो क्रिस्टलाइन ड्रग किया बरामद



■ पकड़ी गयी नाव को चालक दल के दो सदस्यों के साथ पोरबंदर लाया गया

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) और गुजरात एटीएस ने बीती रातभर ऑपरेशन के बाद अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास मादक पदार्थ की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पीछा करके पकड़ी गई नाव से संयुक्त टीम ने क्रिस्टलाइन कंटेंट के 203 किलो ड्रग्स बरामद किया, जो एक-एक किलो के पैकेट में था। पकड़ी गई नाव को चालक दल के दो सदस्यों के साथ आगे की जांच के लिए पोरबंदर लाया गया है। आईसीजी के कमांडर अमित उनियाल ने मंगलवार को बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर 16 फरवरी को रातभर भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात एटीएस के साथ मिलकर समुद्र में एक ऑपरेशन किया। गुजरात एटीएस से इनपुट मिलने के बाद कोस्ट गार्ड रीजन (उत्तर पश्चिम) में मल्टी मिशन पर तैनात आईसीजी जहाज को विदेशी नाव का पीछा करने के लिए डायवर्ट किया गया, जिस पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास मादक पदार्थ की तस्करी करने का शक था।

# सुकमा में 22 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा** : छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिला में मंगलवार को 22 सक्रिय माओवादियों ने शासन की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति के तहत आत्म समर्पण किया है। यह जानकारी एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन रोहित शाह ने दी। सभी माओवादियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सुकमा में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में एक महिला माओवादी भी शामिल है, जो लंबे समय से संगठन से जुड़ी हुई थी। एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन रोहित शाह ने बताया कि नक्सल मुक्त अभियान बस्तर के तहत जिले में लगातार नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। इससे माओवादी संगठन समाप्ति की ओर है। विकासात्मक कार्य सुदूर वनांचल क्षेत्र में पहुंचाया जा रहा है साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की 'छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सुकमा पुलिस द्वारा 'पूना मारगेम' पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान संचालित किया जा रहा है। अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव से माओवादी संगठन कमजोर पड़ता जा रहा है।
एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन रोहित शाह ने बताया कि सुकमा जिले में सक्रिय 22 माओवादियों ने आज आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण सभी माओवादियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत 50-50 हजार रुपए की राशि सहायता राशि प्रदान की गई एवं शासन की अन्य योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।



आत्मसमर्पित सभी माओवादियों को 50-50 हजार की सहायता राशि दी गयी

### चुनाव आयोग को दो चरणों में विस चुनाव कराने का दिया सुझाव

**गुवाहाटी** : असम के राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग को दो चरणों में विधान सभा (विस) चुनाव कराने का सुझाव दिया है। राज्य में विधान सभा कराने को लेकर चुनाव आयोग की टीम तीन दिवसीय दौरे पर गुवाहाटी पहुंची है। राजनीतिक दल जहां राज्य में होने जा रहे विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई हैं, वहीं चुनाव आयोग भी चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। चुनाव आयोग के साथ मंगलवार को हुई बैठक में अधिकांश राजनीतिक दलों ने चुनाव एक ही चरण में या अधिकतम दो चरणों में कराने की मांग की।

# शूटिंग के दौरान आलिया-बॉबी के बीच विवाद

**मुंबई** : बॉलीवुड फिल्म अल्फा के सेट पर एक्ट्रेस आलिया भट्ट और एक्टर बॉबी देओल के बीच क्रिएटिव मतभेद को लेकर तनाव पैदा होने की खबर है। ऑनलाइन ट्रेंड होती खबरों ने फैंस के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। हालांकि इस बारे में दोनों कलाकारों या मेकर्स की तरफ से कोई आधिकारिक बयान अभी तक नहीं आया है। सूत्रों का दावा है कि शूटिंग के दौरान आलिया भट्ट अक्सर अपने सीन के साथ-साथ बॉबी देओल के सीन पर भी सुझाव दे रही थीं। बताया जा रहा है कि बॉबी देओल ने इस रवैये पर आपत्ति जताई, जिसके बाद स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि फिल्म के प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा को सेट पर हस्तक्षेप करना पड़ा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तनाव बढ़ने के बावजूद शूटिंग को बिना बाधा के पूरा करने की कोशिशें जारी रखी गईं। इस बीच, फिल्म की रिलीज पर भी अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि यशराज फिल्म्स की यह महत्वाकांक्षी फीमेल-लीड एक्शन फिल्म थिएटर में रिलीज होने के बजाय सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर जा सकती है। हालांकि, ऐसी खबरें हैं कि इस निर्णय पर आलिया भट्ट ने नाराजगी जताई है, क्योंकि वह लंबे समय से बड़े पर्दे पर एक मजबूत महिला-केंद्रित एक्शन फिल्म का प्रतिनिधित्व करना चाहती थीं। उन्होंने पिछली बार जेद्दा में हुए रेड सी फिल्म फेस्टिवल में भी कहा था कि यह फिल्म उनके लिए एक बड़ा जोखिम है, क्योंकि ऐतिहासिक रूप से फीमेल-हीरो फिल्मों को वैसी सफलता नहीं मिलती जैसी पुरुष-प्रधान फिल्मों को मिलती है।



## कर्नाटक में टाटा-एयरबस की एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन का उद्घाटन

# इस प्रोजेक्ट में 1000 करोड़ से ज्यादा का निवेश होने की उम्मीद : रक्षा मंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कर्नाटक के वेमगल में टाटा-एयरबस के एच-125 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर फाइनल असेंबली का मुंबई से वर्चुअली उद्घाटन किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन भी उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि इस प्रोजेक्ट में 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश होने की उम्मीद है। इससे हमारी कुशल और मेहनती युवा पीढ़ी के लिए सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के मौके पैदा होंगे।
फ्रांसीसी रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन आज 6वीं भारत-फ्रांस वार्षिक रक्षा वार्ता के लिए बेंगलुरु पहुंचीं। वार्ता में रक्षा सहयोग समझौता अगले दस साल के लिए नवीनीकरण करने और हैमर मिसाइल बनाने को लेकर संयुक्त उपक्रम के लिए समझौता करने पर फोकस होगा। इससे पहले राजनाथ सिंह के साथ फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन कर्नाटक के वेमगल में एयरबस एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह भी मौजूद थे।




उद्घाटन समारोह में राजनाथ सिंह ने कहा कि पहले भारतीय रक्षा उत्पादन कई वजहों से ज्यादातर पब्लिक सेक्टर पर आधारित था। इस वजह से कुल रक्षा उत्पादन और निर्यात में निजी क्षेत्र का योगदान उतना नहीं था, जितना होना चाहिए था। अब हमारा रक्षा निर्यात कई गुना बढ़ गया है, जिससे भारत दुनिया के शीर्ष रक्षा निर्यातकों में शामिल हो गया है। इस रफ्तार ने लघु उद्योगों और सहायक क्षेत्र को भी बहुत बढ़ावा दिया है। अभी बहुत सारी विदेशी कंपनियां भारतीय लघु उद्योगों से कई उपकरण लेती हैं। हम कंपनियों को अच्छे प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के जरिए इस साझेदारी को और मजबूत करने और दूसरे देशों की सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए बुलाते हैं।
उन्होंने कहा कि यह 'मेक इन इंडिया' और एयरोस्पेस क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमताओं की दिशा में एक बड़ा कदम है। ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों का कॉर्पोरेटाइजेशन, लिबरलाइज्ड इन्वेस्टमेंट स्कीम, डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाने जैसे कई सुधारों और ऐसे कई कदमों की वजह से आज देश के कुल डिफेंस प्रोडक्शन में प्राइवेट सेक्टर का हिस्सा लगभग एक चौथाई हो गया है। हमारा फोकस छोटे और मीडियम इंडस्ट्री को सपोर्ट करना और खासकर स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करना भी रहा है। कुल मिलाकर हमारा फोकस एक होलिस्टिक इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट पर रहा है, जो न सिर्फ हमारी घरेलू डिमांड को पूरा करता है, बल्कि दूसरे देशों का भी ध्यान रखता है।